हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 14.05.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 289 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

आदमपुर एयरबेस से प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी, कहा-

# आतंक के खिलाफ भारत ने खींच दी लक्ष्मण रेखा : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पंजाब के आदमपुर स्थित एयरफोर्स स्टेशन पर वायुसेना और अन्य बलों के जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सदैव शांति के पक्ष में है, लेकिन आक्रमण होने पर वह शत्रु को धूल चटाने के लिए भी सदैव तैयार है।



- पीएम मोदी ने कहा, जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, वायुसेना और नौसेना ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी।
- आपने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया है कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें।
- हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे।

प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय तीनों सेनाओं के आपसी समन्वय को देते हुए कहा कि आप सभी ने वाकई कोटि-कोटि भारतीयों का सीना चौड़ा कर दिया है। हर भारतीय का माथा गर्व से ऊंचा कर दिया है। आपने इतिहास रच दिया है। ऑपरेशन सिंदूर कोई सामान्य सैन्य अभियान नहीं है। ये भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। उन्होंने कहा, मैनपावर के साथ-साथ ऑपरेशन सिंदूर में मशीनों का समन्वय भी शानदार था। चाहे वो भारत का पारंपरिक एयर डिफेंस सिस्टम हो जिसने अनेक युद्ध देखे हैं या फिर आकाश जैसे हमारे मेड इन इंडिया प्लेटफॉर्म्स हों- इन सभी को एस-400 जैसी आधुनिक और सक्षम डिफेंस सिस्टम ने अभूतपूर्व ताकत दी है। एक मजबूत रक्षा कवच भारत की पहचान बन गया है। पाकिस्तान की तमाम कोशिशों के बावजूद, चाहे वो हमारे एयरबेस हों या दूसरे डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर- इन पर कोई असर नहीं पड़ा। इसका श्रेय आप सभी को जाता है। मुझे आप सभी पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आज भारत की तीनों सेनाएं- थलसेना, नौसेना और वायुसेना- अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित हैं। उन्होंने कहा, हम केवल हथियारों से नहीं, अब ड्रोन और डेटा से भी लड़ाई लड़ते हैं। आप सभी ने जटिल प्रणालियों को बेहद दक्षता से संचालित किया है, यह आपकी अभूतपूर्व क्षमता का प्रमाण है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' बना युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है। हर क्षण, हर फैसला हमारी सेनाओं के शौर्य और कौशल की मिसाल है। यह सिद्ध करता है कि भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना किसी भी चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम हैं। प्रधानमंत्री ने इसे 'मानव शक्ति और मशीन शक्ति' के तालमेल का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

### हम घर में घुसकर मारेंगे

प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कहा, 'उन्होंने कायरों की तरह वार किया, लेकिन भूल गए कि सामने 'हिंद की सेना' खड़ी है। नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया, 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि भारत अब स्पष्ट संदेश देता है- 'हम आतंक के गॉडफादर्स और प्रायोजकों में कोई भेद नहीं करते। किसी भी हमले का जवाब भारत अपनी शर्तों पर देगा।

### न्यूक्लियर ब्लैकमेल का किया मुकाबला

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हमारी सेनाओं ने दुश्मन के परमाणु ब्लैकमेल की धमकी को निष्फल किया तब 'भारत माता की जय' का जयघोष आसमान से धरती तक गूंज उठा। उन्होंने कहा, जब हमारे ड्रोन दुश्मन की किलाबंदियों को तोड़ते हैं और मिसाइलें सटीकता से हमला करती हैं, तब दुश्मन के कानों में सिर्फ एक आवाज गूंजती है- भारत माता की जय।
उन्होंने गुरुगोबिंद सिंह का उद्धरण देते हुए कहा कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियों सों मैं बाज तड़ऊं तबे गोबिंदसिंह नाम कहाऊं - यह हमारी परंपरा है, जब बहनों-बेटियों का सिंदूर छीना गया, तो हमारे जवान आतंकियों के घर में घुसकर उन्हें कुचलने गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब पाकिस्तान की सेना और आतंकवादी यह समझ चुके हैं कि भारत से टकराने का परिणाम 'विनाश' और 'महाविनाश' ही है। उन्होंने कहा, हमने उन्हें उनकी औकात दिखा दी है। हमारे ड्रोन और मिसाइलें अब उन्हें चैन से सोने नहीं देंगी।

### 'भारत माता की जय' केवल नारा नहीं, सैनिकों की शपथ है

अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने सैनिकों को नमन करते हुए कहा, मैं यहां आपकी वीरता को नमन करने आया हूं। 'भारत माता की जय' केवल एक नारा नहीं, बल्कि हर भारतीय सैनिक की उस शपथ का प्रतीक है, जिसमें वे देश के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं।

## एक नजर

### कैबिनेट की बैठक कल

**रांची :** झारखंड सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक 15 मई को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह बैठक गुरुवार की शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। इस बैठक में लगभग डेढ़ दर्जन विभागीय प्रस्तावों पर मंजूरी मिलने की संभावना है।

### सुरक्षा से जुड़ी कैबिनेट कमेटी की बैठक आज, पीएम मोदी करेंगे अध्यक्षता

**नयी दिल्ली :** ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के बाद आज बुधवार सुबह 11 बजे सुरक्षा से जुड़ी कैबिनेट कमेटी की बैठक होगी। सूत्रों के अनुसार पहलगाम आतंकी हमला और उसके बाद पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों के खिलाफ लॉन्च ऑपरेशन सिंदूर के तहत चल रहे सुरक्षा अभियानों की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई गयी है। बैठक में पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित वरिष्ठ सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों के अधिकारी शामिल होंगे।सूत्रों के अनुसार बैठक में आतंकवाद के खिलाफ चल रही कार्रवाई की प्रगति, खुफिया जानकारी की स्थिति, सेना और अर्धसैनिक बलों की तैनाती सहित भविष्य की रणनीति पर मंथन किया जायेगा। बता दें कि पूर्व में पहलगाम हमले के बाद यह बैठक हुई थी, जिसमें पीएम मोदी के अलावा रक्षा मंत्री, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री के अलावा और सुरक्षा से जुड़े बड़े अधिकारी शामिल हुए थे।

### गंगा में नहाने के दौरान एक ही परिवार के पांच लोग डूबे, तीन की मौत

**पटना :** मुंगेर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कल्याणचक में मंगलवार को गंगा नदी में नहाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। यहांगंगा में नहाने के दौरान एक ही परिवार के पांच लोग गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। स्थानिय नाविकों ने दो लोगों बचा लिया, लेकिन तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। दिल्ली में काम करने वाले संजय यादव अपनी पत्नी रेणु देवी, दो बेटी और दो बेटे के साथ मुंगेर अपने घर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। उसी क्रम में दोनों भाई के परिवार वाले बरदह गंगा घाट पर गंगा स्नान के लिए पहुंचे थे। गंगा में स्नान के दौरान रेणु देवी अपने चारों बेटे-बेटियों के साथ स्नान करते-करते आगे निकल गए और सभी अचानक डूबने लगे।

## मुख्यमंत्री से विश्व भारती जनसेवा संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मंगलवार को विश्व भारती जनसेवा संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से सहारा इंडिया निवेशकों का पैसा वापस दिलाने, जांच आयोग का गठन और राज्य सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में हस्तक्षेप याचिका दायर करने की दिशा में पहल किए जाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार विधिसम्मत कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में संस्थान के राष्ट्रीय सचिव नागेंद्र कुमार कुशवाहा, संयुक्त सचिव अशोक कुमार राम, उप सचिव प्रवीण कुमार श्रीवास्तव और रेजिना सुचिता कच्छप शामिल थे।

## सुकमा में 16 लाख के इनामी 14 हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के दक्षिण बस्तर डिवीजन में सक्रिय 05 महिला नक्सली सहित कुल 14 हार्डकोर नक्सलियों ने मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आत्मसमर्पित 05 महिला, 03 पुरूष नक्सली पर 02-02 लाख, कुल 16 लाख रुपए के इनाम घोषित है।
पुलिस अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वासनीति एवं नियदनेल्लानार योजना से प्रभावित होने और पुलिस के बढ़ते प्रभाव व बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने के साथ स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय 14 नक्सलियों के द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है। सभी नक्सलियों ने मंगलवार को सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी किरण चव्हाण के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। उक्त सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति-2025 के तहत 50-50 हजार रुपए के मान से प्रत्येक को प्रोत्साहन राशि व कपड़े प्रदान किया गया एवं अन्य सुविधा प्रदान की जाएगी।

## शोपियां में मुठभेड़, लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर शाहिद कुट्टे समेत तीन आतंकी ढेर



एजेंसी

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में आज मंगलवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया। मारे गए आतंकियों में लश्कर-ए-तैयबा का ऑपरेशनल चीफ कमांडर शाहिद कुट्टे भी शामिल है। यह मुठभेड़ शुकरू केलर क्षेत्र में हुई, जहां खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया था। पुलिस के मुताबिक शाहिद कुट्टे शोपियां के छोटीपोरा हीरपोरा गांव का निवासी था और 8 मार्च 2023 को आतंकी संगठन से जुड़ा था। वह कई आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा था, जिनमें 8 अप्रैल 2024 को डैनिश रिसॉर्ट पर हमला शामिल है, जिसमें दो जर्मन पर्यटक और उनका ड्राइवर घायल हुए थे। इसके अलावा वह कुलगाम के बेजबाग में बीजेपी सरपंच और टेरिटोरियल आर्मी के जवान की हत्या में भी शामिल था।
दूसरे मारे गए आतंकी की पहचान अदनान शफी डार के रूप में हुई है, जो वंदुना मेलहोरा का रहने वाला था। तीसरे आतंकी की पहचान अभी नहीं हो सकी है। आईजीपी कश्मीर वी. के. बर्डी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान तीन आतंकियों को मार गिराया गया है और ऑपरेशन अभी भी जारी है। भारतीय सेना ने कहा कि शुकरू केलर क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की सटीक सूचना के बाद 'सर्च एंड डिस्ट्रॉय' ऑपरेशन शुरू किया गया था। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर भारी गोलीबारी की, जिसके जवाब में जोरदार मुठभेड़ हुई और तीन कट्टर आतंकी ढेर कर दिए गए।

## अमृतसर जहरीली शराब कांड में 17 की मौत, डीएसपी और एसएचओ निलंबित, 10-10 लाख रुपये मुआवजे का एलान

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के अमृतसर जिले के मजीठा में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 17 पहुंच गई है, जबकि चार लोगों की हालत गंभीर है। राज्य सरकार न डीएसपी और मजीठा थाने के प्रभारी को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख रुपये आर्थिक सहायता देने का एलान किया है।
अमृतसर जिले के मजीठा में सोमवार रात हुए जहरीली शराब कांड की चपेट में अब तक भंगाली कलां, बुराड़ी कलां, पातालपुरी थ्रिएवाल, तलवंडी खुम्मन और करनाला के लोग चपेट में आ चुके हैं। मंगलवार सुबह यहां मरने वालों की संख्या जहां 14 थी वहीं शाम तक तीन अन्य व्यक्तियों की मृत्यु के साथ मरने वालों की संख्या 17 तक पहुंच चुकी है। इस मामले में अब तक 10 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। मुख्यमंत्री मान के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक ने मजीठा थाना प्रभारी अवतार सिंह ओर डीएसपी अमोलक सिंह को निलंबित कर दिया है।



इस हादसे में सबसे अधिक पांच लोगों की मौत मराड़ी कलां में हुई है। मृतकों में मराड़ी कलां निवासी मेजर सिंह, परमजीत सिंह, सतबीर सिंह, सुखविंदर सिंह, सर्बजीत सिंह, के अलावा गांव पातालपुरी निवासी रोमी, गंजू राम, थ्रिएवाल निवासी करनैल सिंह, अजीत सिंह, जोगिंदर सिंह तथा भंगाली कलां निवासी इकबाल सिंह, रमनदीप सिंह, रोबनजीत सिंह, बलबीर सिंह, राजा, अमरपाल सिंह तथा काका सिंह के रूप में हुई है। जिन आठ लोगों का अमृतसर के अस्पताल में इलाज चल रहा है उसमें काला सिंह, तरसेम सिंह, जसपाल सिंह, गुलजार सिंह, केवल सिंह, रमन शर्मा, नाथूराम और गगन के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि यह मौत नहीं बल्कि मर्डर है। अब तक इस मामले में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।
पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। शराब सप्लाई की चेन का पता लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख की आर्थिक मदद के अलावा बच्चों की पढ़ाई भी करवाई जाएगी लेकिन कई परिवारों में बच्चे छोटे हैं। ऐसे में उनके परिवार में कोई बेटी या अन्य पारिवारिक सदस्य जो नौकरी के काबिल है उसको नौकरी भी दी जाएगी।

## सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में लड़कियों ने मारी बाजी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए जिसमें क्रमशः 93.66 प्रतिशत और 88.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए है। परिणामों के विश्लेषण के अनुसार बोर्ड की दसवीं और बारहवीं- दोनों ही परीक्षाओं ने लड़कियों ने लड़कों पर बाजी मारी है। 10वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं जबकि उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.63 है। बारहवीं में छात्राओं की सफलता दर 91 प्रतिशत रही जो छात्रों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंची है। दसवीं की परीक्षा में उत्तीण कुल परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत अधिक रहा। सीबीएसई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में 22,388,27 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए। तिरुवनंतपुरम ने दसवीं की परीक्षा में 99.70 प्रतिशत सफलता के साथ पहला स्थान हासिल किया है जबकि असम के गुवाहाटी में 84.14 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। प्रमुख केंद्रों में गुवाहाटी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है।



विज्ञप्ति के अनुसार दसवीं की परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का अनुपात 99.49 प्रतिशत के साथ सबसे ऊंचा रहा । केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.45 प्रतिशत सफलता दर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। निजी स्कूलों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें उत्तीण परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.17 प्रतिशत रहा। दसवीं में केंद्रीय तिब्बती स्कूलों में 91.53 प्रतिशत, सरकारी स्कूलों में 89.26 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 83.94 रहा। सीबीएसई दसवीं की परीक्षा इस वर्ष 15 फरवरी से 18 मार्च के बीच आयोजित की गई थी।
सीबीएसई ने आज ही कक्षा 12 के परिणाम भी जारी किए, जिसमें 88.39 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.41 प्रतिशत अधिक रहा। बारहवीं में 91 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं और उनकी सफलता का अनुपात लड़कों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंचा है। इस वर्ष सीबीएसई का 12वीं कक्षा का परिणाम पिछले साल से 0.41 प्रतिशत बेहतर है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का अनुपात 2024 के 87.98 प्रतिशत से बढ़कर 88.39 प्रतिशत हो गया है।

### सीबीएसई 12वीं और 10वीं का रिजल्ट जारी होने पर सीएम हेमंत ने छात्रों को दी बधाई



**रांची :** सीबीएससी ने 12वीं और 10वीं परीक्षा का रिजल्ट आज जारी कर दिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी छात्रों का बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा, "सीबीएससी बारवीं और दसवीं परीक्षा में सफल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई और जोहार। परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप जिन्हें परिणाम नहीं मिल पाया वो निराश न हों, कड़ी मेहनत करते रहें। आप सभी का भविष्य उज्ज्वल हो यही कामना करता हूं। आज इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधनों को भी मैं हार्दिक बधाई देता हू, जोहार करता हूं।

एसीएस अजय कुमार सिंह ने लिया वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से अस्पतालों का जायजा

## सभी बंद पड़ी 108 एम्बुलेंस को 15 दिन में संचालित करने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, अजय कुमार सिंह के द्वारा राज्य के सभी सिविल सर्जन और उपाधीक्षकों के साथ स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी 108 एंबुलेंस छोटी-मोटी खराबी के कारण बंद हैं उन्हें 15 दिनों के अंदर प्रस्ताव तैयार प्राक्कलन के अनुसार राशि उपलब्ध करवाई जाय। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस 100 प्रतिशत संचालित होने चाहिए। इसके साथ उन्होंने सभी अस्पतालों में सभी प्रकार के आवश्यक उपकरण एवं मशीनों का आंकलन कर उसकी सूची विभाग को प्रेषित करने के के निर्देश दिए ताकि मशीनों का क्रय किया जा सके। वीडियो कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने जिन अस्पतालों में एक्स रे मशीन नहीं है उसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही एक सप्ताह के अंदर मॉड्यूलर ओटी का प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वीसी के दौरान सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन पर भी चर्चा की गई। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जहां जगह नहीं है वहां आईपीएच मानक के अनुरूप स्थान उपलब्ध कराया जाय।
वर्ष 2025-26 में आवंटित राशि उपावंटन के साथ-साथ एनएचएम की योजनाओं की समीक्षा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों के सिविल सर्जन और उपाधीक्षकों को सदर अस्पताल से लेकर पीएचसी तक के स्वास्थ्य केंद्रों के रंग-रोगन एवं सुसज्जित करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि 1 महीने के अंदर सभी कार्यों को संपन्न करते हुए सभी का फोटोग्राफ अपलोड करें। एक महीने के बाद फिर से कृत कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। वर्तमान वित्तीय वर्ष की वांछित राशि उपलब्ध करा दी गई है, जिस पर अपर मुख्य सचिव ने विस्तार से चर्चा की।

## एक नजर

### किसान प्रवीण कुमार का रिसर्च सेंटर के साथ हुआ अनुबंध




**बड़कागांव** : रांची नामकुम स्थित प्लान्डु में कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र के तत्वाधान में किसान मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आईसीआरआईएसएटी हैदराबाद के निदेशक डॉक्टर हिमांशु पाठक उपस्थित हुए। इस दौरान निदेशक डॉक्टर हिमांशु पाठक के हाथों बड़कागांव किसान प्रवीण कुमार को पटल की पौधा तैयार कर बिक्री हेतु अनुबंध पत्र प्रदान किया गया। किसान मिलन समारोह कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक पटना आईसी ए आर उत्तरी भारत के वैज्ञानिक डॉ अनूप दास एवं रांची नामकुम स्थित प्लान्डु के कई कृषि वैज्ञानिक और झारखंड प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के किसान शामिल थे। वही अनुबंध होने पर झारखंड के केरेडारी किसान लोचर गांव निवासी मीनू महतो ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रवीण कुमार को बधाई दी व बेहतर करने के लिए शुभकामनाएं दी। बताते चलें कि प्रवीण कुमार ने 10 वर्ष पूर्व बड़कागांव प्रखंड में सर्वप्रथम पटल खेती करने का कार्य शुभारंभ किया था। अब प्रवीण कुमार के प्रयास से हीं प्रखंड में कई किसानों के द्वारा पटल की खेती की जा रही है।

### बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम जुगरा में तथागत बुद्ध जयंती मनाया गया



**बड़कागांव** : बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम जुगरा में तथागत बुद्ध जयंती मनाया गया सादे समारोह में पूरे परिवार सहित सांसद साह प्रतिनिधि चेपाकला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने हर्ष उल्लास के साथ सत्य और आहिंसा के भगवान बुद्ध को याद करते हुए लोगों को संदेश और उपदेश के बारे में जानकारी दिया । इन्होंने अपने जीवन में हमेशा अपने आप को दीपक की तरह जलते हुए दूसरों को रोशनी एवं भलाई करने का उपदेश दिए। तथागत बुद्ध ने मानव को उपकार करने का संदेश दिया। कृष्णा राम ने कहा कि मानव जीवन में महापुरुषों के विचारों पर चलना ही जीवन दर्शन है। मौके पर कृष्णा राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी दिव्या रानी, नैना देवी, सोनी देवी पार्वती देवी, बिलवा ,चिरंजीवी शेखर, करण शेखर,आकाय शेखर।

# लघु उद्योग भारती द्वारा निःशुल्क व्हील चेयर- सह-श्रवण यंत्र वितरण समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : लघु उद्योग भारती, रामगढ़ इकाई द्वारा रामगढ़ शहर के होटल शिवम इन सभागार में मंगलवार को आयोजित व्हील चेयर-सह- श्रवण यन्त्र के निःशुल्क वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए और इस क्षेत्र के कुल 125 दिव्यांगों को व्हील चेयर और 51 दिव्यांगों को श्रवण यन्त्र भेंट किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव सह प्रांतीय प्रभारी इन्द्र अग्रवाल, सम्मानित अतिथि पूर्व आईपीएस निर्मला कौर, एफजेसीसीआई परेश गट्टानी, ज्योति कुमारी, प्रांतीय अध्यक्ष विजय छापरिया,प्रांतीय महामंत्री विजय मेवाड़, अध्यक्ष अनिल गोयल, सचिव अखिलेश सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रवीण झा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें । लघु उद्योग भारती, रामगढ़ इकाई ने कोविड काल से लेकर समाज के विभिन्न जरूरतमंदों की सेवा के साथ विशेषकर दिव्यांगों की सहायता की लिए लगातार कार्य करती है साथ ही उद्योग हित- राष्ट्रीय हित के लक्ष्य पर सराहनीय कार्य करती है । इस कार्यक्रम का सभी अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर, मां भारती और भगवान विश्वकर्मा जी की तस्वीर पर पुष्पार्पण कर नमन करते हुए कार्यक्रम का आगाज किया गया। मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल जी के जीवन परिचय पर संक्षिप्त प्रकाश श्री विजय मेवाड़ जी ने डाला। कार्यक्रम में मंच संचालन बरूण बगड़िया जी और धन्यवाद ज्ञापन पीयूष गोयल ने किया । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल जी ने कहा कि दिव्यांगता ईश्वर का एक विशेष उपहार है। लघु भारती इकाई, रामगढ़ ने समाज के ऐसे वर्ग पर अपना सेवा कार्य फोकस किया है जिन्हें समाज से सालोंभर सहयोग की अपेक्षा रहती है। दिव्यांगों के दुःख-सुख और इनके मानसिक शसक्तता के लिए हम सभी को सदैव खड़े रहने की जरूरत है। इन्हें यह विश्वास दिलाना कि आवश्यकता है कि आपके देखभाल और सहयोग के लिए संपूर्ण मानवता आपके साथ है। दिव्यांगों के हितार्थ अभी मेरे पहल पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग और रामगढ़ परिसदन सभागार में भारत सरकार की कंपनी के सहयोग से एक कैंप लगा था जिसमें उनका परीक्षण किया गया है संभवतः इस महीने के अंत तक उनके जरूरत के अनुरूप उन्हें उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। दिव्यांगों को सरकार द्वारा निर्धारित 80% दिव्यांगता होने पर ही मोटराइज्ड व्हील चेयर दिया जाता है लेकिन समय गतिशील है और समय के अनुरूप दिव्यांगों की सुविधा के उपकरणों में भी अपग्रेड की जरूरत है। हम प्रयासरत है कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के शत- प्रतिशत दिव्यांग जनों को बैटरी संचालित मोटराइज्ड व्हील चेयर उपलब्ध कराया जाय और इस दिशा में सकारात्मक कार्य शुरू है जल्द ही इसका सुखद परिणाम भी दिखेगा और दिव्यांग जनों को बड़ी राहत मिलेगी। लघु उद्योग भारती रामगढ़ इकाई का कार्य मानवता के हित में बेहद प्रेरक है और समाज के अन्य समूह या वर्गों को भी ऐसे प्रेरक कार्य से प्रेरणा लेकर कदम बढ़ाना चाहिए ।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में महीनों से दोनों ऑक्सीजन प्लांट खराब



प्रत्युष नवबिहार अक्सर अंसारी

**हजारीबाग** : स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर उतरने के लिए सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है इसके बावजूद हजारीबाग से भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में व्यवस्था पटरी पर उतरने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले कई महीनो से शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दो ऑक्सीजन प्लांट खराब पड़ा है ऑक्सीजन प्लांट पीएम केयर फंड से बनाया गया है खराब होने के बावजूद कई बार शिकायत भी दर्ज किया जा चुका है। फिर भी प्लांट दुरुस्त नहीं किया जा रहा आलम यह है कि अस्पताल पर ही आरोप लग रहा है कि ऑक्सीजन सिलेंडर के खरीद बिक्री के कारण प्लांट दुरुस्त करने में कोताही बरती जा रही है। ऑक्सीजन प्लांट वर्तमान में खराब पड़े हैं, जिससे मरीजों को ऑक्सीजन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। एक प्लांट 1000 पीएसए का है, जो 72 मरीजों को ऑक्सीजन दे सकता है, जबकि दूसरा 4000 पीएसए का है, जो 288 मरीजों को ऑक्सीजन दे सकता है। दोनों प्लांट 360 मरीजों को लगातार हाईफ्लो में ऑक्सीजन प्रदान करने की क्षमता रखते हैं, लेकिन खराब होने के कारण मरीजों को काफी परेशानी हो रही है अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर अनुकरण पूर्ति का कहना है कि कोशिश की जा रही है बहुत जल्दी दुरुस्त किया जाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने वाले समाजसेवी गणेश कुमार उर्फ सीटू का कहना है कि ऑक्सीजन प्लांट खराब होने के कारण मरीज को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है ।

## डीडीसी ने विभागीय योजनाओं की ससमय क्रियान्वयन हेतु की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आँगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युतीकरण, पेयजल एवं शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने तथा अन्य विभागीय योजनाओं की ससमय क्रियान्वयन हेतु सभी हितधारकों के साथ समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलान्तर्गत केन्द्र भवन में संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रों में आधारभूत संरचना यथा विद्युतीकरण, पेयजल की उपलब्धता तथा शौचालय निर्माण/मरम्मति हेतु परियोजनावार समीक्षा की गई। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा द्वारा जानकारी दी गई कि संचालित 1770 आँगनबाड़ी केन्द्रों में 1184 आँगनबाड़ी केन्द्र अपने भवन में संचालित हैं, जिसमें 700 केन्द्रों में विद्युतीकरण किया गया है। शेष 484 में 438 केन्द्रों में विद्युतीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन दिया गया है। बैठक में उपस्थित कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल, हजारीबाग एवं बरही द्वारा दी गई विस्तृत जानकारी के अनुसार सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को केन्द्रों में विद्युतीकरण हेतु निर्धारित राशि दो दिनों के अन्दर जमा करने का निदेश दिया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय एवं पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, हजारीबाग द्वारा जानकारी दी गई कि 180 आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय एवं 444 केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था किये जाने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति के अनुसार निविदा की प्रक्रिया पूर्ण की गई है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को केन्द्रों की भौतिक अवस्था की जाँच करते हुए त्रुटिरहित प्रतिवेदन दो दिनों में उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

## बोंगावार वार्ड नं 3 में मंडा पूजा पर्व बड़े धूमधाम से हुआ संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुजू** : रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बोंगावार मे मंगलवार को श्री श्री मंडा पूजा पर्व बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ । कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे माण्डू विधानसभा के माननीय विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो शामिल हुए। कार्यक्रम मे छऊ नृत्य कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक ने फिता काटकर उद्घाटन किया। आयोजन मे तिवारी महतो ने कहा कि मंडा पूजा झारखण्ड के लोक आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व है । इसमे भगवान शिव और देवी पार्वती का पूजा उपासना की जाती है। यह आस्था और विश्वास का प्रतीक है। भोक्तागण फुलकुंधी के तहत अंगारों पर चलकर अपनी भक्ति का परिचय देते हैं और भगवान शिव को प्रसन्न करते हैं। रामगढ़ नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज महतो जी ने कहा कि हमारे सभ्यता और संस्कृति को बचाने और आगे बढ़ाने के लिए हमेशा आपके साथ खड़ा है । बोंगावार के जनता और हम सबो के सामूहिक प्रयास से इस क्षेत्र का छोटी-बड़ी समस्याओं का भी हर हाल मेरे द्वारा हल किया जाएगा ।यह पूर्व झारखण्ड मे सदियों से मनाया जा रहा है। मंडा पूजा हर साल वैशाख पूर्णिमा में मनाई जाती है। जो भगवान शिव को समर्पित है। इस अवसर पर कमल पण्डा, बबलू पण्डा,बाबुलाल मुण्डा, मिहिर चन्द मुण्डा,राजू साव, कमल महतो, सुरेन्द्र महतो,फुलेश्वर महतो, प्यारी महतो, अशोक करमाली, लक्ष्मी पण्डा, महेन्द्र कुशवाहा, प्रकाश महतो, दिनेश महतो, बसंत प्रजापति, अशोक महतो, नरेश महतो, तेजनारायण कुशवाहा, राजकिशोर प्रजापति, कुंजनाथ महतो, दिनेश महतो, संतोष करमाली, विजय नायक, देवकीलाल करमाली, महेन्द्र करमाली, कोलेश्वर नायक, खेमन महतो, तीजू महतो,सहित भारी संख्या मे मंडा पर्व प्रेमी एवं सोकताईन उपस्थित रहे ।

## दो दिनों से नगर निगम के कई क्षेत्रों मे नही हो रहा है पेयजल की आपूर्ति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार और मंगलवार को पेयजल की आपूर्ति नही होने से इस भीषण गर्मी मे लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध मे झामुमो नेता सह युवा समाजसेवी कुणाल यादव ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा की अभी जब भीषण गर्मी पड़ रही है उस समय नगर निगम द्वारा प्रतिदिन पेयजल की आपूर्ति नही होना अमानवीय कृत्य है। पेयजल नही मिलने से आमजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनता मे इसको लेकर नगर निगम के प्रति रोष व्याप्त है । यदि नगर निगम के अधिकारी इसको लेकर अपना रवैया नही सुधारते हैं तो अब जनता आंदोलन करने के मूड मे है ऐसे मे अधिकारियों को भी जनता के कोपभाजन का शिकार होना पड़ सकता है। उन्होंने आगे कहा की नगर निगम अब पेयजल के लिए अलग से शुल्क वसुलती है ऐसे मे प्रतिदिन निर्धारित मात्रा में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो यह नगर निगम को सुनिश्चित करना होगा । यदि किसी कारणवश पानी टंकी से पाईप लाइन के माध्यम से आपूर्ति नही हो पाता है तो उस दिन टैंकर से उस क्षेत्र मे पेयजल की आपूर्ति किया जाय ताकी लोगो को पानी के लिए इधर उधर भटकना नही पड़े।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कैंट ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में हासिल की 100% सफलता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ** : पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ कैंट ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (उइरए) की कक्षा 12वीं परीक्षा में 100% सफलता अर्जित की है। विद्यालय के सभी 72 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की, जिससे न केवल छात्रों और शिक्षकों को गर्व की अनुभूति हुई, बल्कि क्षेत्र में विद्यालय की प्रतिष्ठा और अधिक बढ़ी। इस वर्ष, विद्यालय का उत्तीर्ण प्रतिशत 100% रहा, जो कि किसी भी संस्थान के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

**शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र**

इस वर्ष विद्यालय के छात्रों ने हर संकाय में शानदार प्रदर्शन किया। कला संकाय से अंकित कुमार ने 95.0% अंकों के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जबकि नीलम उराँव ने 93.4% और अयेशा कुरैशी ने 91.6% अंकों के साथ क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में आयुष सिंह ने 92.2%, एम.डी. तनवीर ने 86.2%, और वकार अहमद ने 86.0% अंक प्राप्त कर टॉप 3 में स्थान बनाया। विषयवार प्रदर्शन विद्यालय के छात्रों ने प्रत्येक विषय में 100% उत्तीर्णता प्राप्त की है। जिन विषयों में सर्वाधिक अंक आए, उनमें रसायन विज्ञान में 100 अंक, भूगोल में 97, अर्थशास्त्र में 99, और अंग्रेजी कोर में 96 अंक शामिल हैं। हर विषय का उत्तीर्ण प्रतिशत 100% रहा, जो विद्यालय की समग्र गुणवत्ता को दशार्ता है।

**प्रमुख विषयों में प्रदर्शन इस प्रकार रहाः**

भूगोलः 100% पास, अधिकतम अंक 97, इतिहासः 100% पास, अधिकतम अंक 95, रसायन विज्ञानः 100% पास, अधिकतम अंक 100, भौतिकीः 100% पास, अधिकतम अंक 82, गणितः 100% पास, अधिकतम अंक 86, अर्थशास्त्रः 100% पास, अधिकतम अंक 99, हिंदी कोरः 100% पास, अधिकतम अंक 82, यह उल्लेखनीय है कि विद्यालय के विज्ञान संकाय के सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की. जो शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का प्रतीक है।

**संकायवार प्रदर्शन**

विज्ञान संकाय के छात्रों ने जहां गणित, भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान और कंप्यूटर साइंस में अच्छा प्रदर्शन किया, वहीं कला संकाय के छात्रों ने इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र में अपनी दक्षता दिखाई। सभी छात्रों ने इन विषयों में उच्चतम स्तर की उपलब्धि प्राप्त की, जिससे यह स्पष्ट होता है कि विद्यालय बहुआयामी शिक्षण को महत्व देता है।

**प्रधानाचार्य का संदेश**

विद्यालय की प्रधानाचार्य अमर कुमार ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हमारे विद्यार्थियों ने इस वर्ष जो शानदार प्रदर्शन किया है, वह उनके निरंतर परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### हमारे छात्र कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ आगे बढ़ रहे हैं : प्रधानाचार्य

**रामगढ** : एह्ला एंगलाइज विद्यालय के छात्रों ने इस वर्ष सी.बी.एस.ई बोर्ड परीक्षा में विज्ञान और वाणिज्य संकाय में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का यह परिणाम है कि विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा है। विज्ञान संकाय में वैभव राज ने 96.2% प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में वैभव राज 96.2% , दिया ठाकुर 76.4%, मोहृ शाहनवाज 75.8%, मयंक कुमार 75.2%, अनन्या 75%, पीयूष कुमार 71.8%, नायरा फातिमा 70.6%, लक्ष्मी कुमारी 68.6%, जिया कुमारी 68.2% और रितिक कुमार 65.6% ने टॉप टेन अपनी जगह बनाई। वैभव राज अंग्रेजी में 98 भौतिकी में 94 रसायन विज्ञान में 98 गणित में 98, आईपी में 91 तथा शारीरिक स्वास्थ्य में 93 अंक हासिल किए ।विद्यार्थियों ने भौतिकी, रसायन,गणित और जीवविज्ञान जैसे विषयों में उत्कृष्ट परिणाम दिखाए।

## संक्षिप्त खबरें

### देवगढ़ विद्यालय के बच्चों के बीच मुखिया ने स्कूल बैग किया वितरण



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के अतिसुदूरवर्ती ग्राम पंचायत आंगों अंतर्गत संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ में स्कूल बैग एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो एवं संचालन सहायक अध्यापक मो. शमशेर आलम के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया नीलम मिंज एवं विशिष्ट तिथि बड़कागांव प्रखंड के पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह समाज सेवी कालेश्वर गंझू थे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का बारी-बारी से विद्यालय की शिक्षक एवं बाल संसद के प्रतिनिधियों के द्वारा माला पहनकर स्वागत किया गया ।मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि मुख्य नीलम मिंज ने कहा कि शिक्षा को लेकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार लगातार प्रयासरत हैं। सरकार के द्वारा सरकारी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना के साथ-साथ बच्चों के बीच मुफ्त स्कूल यूनिफॉर्म, पुस्तक, कॉपी, साइकिल , छात्रवृत्ति एंव स्कूल बैग आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसलिए शिक्षकों से अपील करती हूं कि बच्चों की उपस्थिति एवं ठहराव को लेकर शिक्षक हर संभव प्रयास करें और विशेष ध्यान दें ।वहीं विशिष्ट अतिथि कालेश्वर गंझू ने कहा कि आज सरकार बच्चों को कई प्रकार की सुविधा उपलब्ध करा रही है। एक समय था जब सरकार के द्वारा सिर्फ शिक्षक उपलब्ध कराए जाते थे। इसलिए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले ।उन्होंने अभिभावक से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को समय पर स्कूल भेजें और शिक्षक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। समाजसेवी जागेश्वर गंझू ने कहा कि बच्चे शिक्षित होकर शिक्षित समाज का निर्माण करेंगे और निश्चित तौर पर तब हमारा गांव समाज और देश का पूर्ण विकास संभव होगा ।तत्पश्चात उपस्थित 138 बच्चों के बीच जनप्रतिनिधियों के हाथों झारखंड सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए स्कूली बैग का वितरण किया गया। बच्चे बैग पाकर काफी उत्साहित थे।

### उपायुक्त के निर्देश पर फूड सेफ्टी ऑफिसर द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों में चलाया गया जांच अभियान



**हजारीबाग** : उपायुक्त नैंसी सहाय एवं एसीएमओ डॉ शशि जायसवाल के निदेर्शानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज मंगलवार 13 मई को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा मेसर्स अप्पार होटल एंड रिजॉर्ट प्रा. लिमिटेड, कैनरी हिल रोड, मेसर्स राज रेस्टोरेंट, स्टेडियम गेट के पास, मेसर्स फन एन फूड, मेन रोड, द फ्लोरेस्टा, कार्मेल स्कूल के पास, मेसर्स काका का सेकुवा, साकेतपुरी, मेसर्स दालचीनी इंडियन रेस्टोरेंट, पीडब्ल्यूडी चौक, मेसर्स ब्रूएड एंड बर्न प्राइवेट लिमिटेड,सिन्दूर का निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में उन्हें पैकेजिंग सामग्री का खाद्य ग्रेड प्रमाण पत्र, कीट नियंत्रण का सही से प्रबंधन करना, परिसर की सफाई के साथ-साथ व्यक्तिगत सफाई और स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया गया। खिड़कियों और दरवाजों को कीट रोधी स्क्रीन से कवर करने का निर्देश दिया गया, साथ ही फूड हैंडलर्स का मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट बनवाने और रिकॉर्ड मेंटेन करने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा लगातार अभियान चला कर किसी भी प्रकार के मिलावट या खाद्य सुरक्षा से संबंधित अपराध को रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह से मिले आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी



**हजारीबाग** : मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह से आयुष्मान भारत योजना के तहत डायलिसिस से पीड़ित मरीजों ने मुलाकात की। मरीजों ने निजी अस्पतालों में डायलिसिस की सुविधा न मिलने की गंभीर समस्या को उनके समक्ष रखा। मरीजों का कहना था कि केंद्र सरकार की बहुप्रचारित योजना के बावजूद उन्हें उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी स्थिति और भी बदतर हो रही है। इस विषय पर उन्होंने गहरी चिंता जताई और कहा कि यह न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की विफलता है, बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं के साथ खिलवाड़ भी है। मुन्ना ने इस गंभीर मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही संबंधित विभागीय मंत्री से मुलाकात करेंगे और मरीजों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनसेवा और जनस्वास्थ्य कांग्रेस पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कांग्रेस हमेशा गरीब, पीड़ित और वंचित वर्ग के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी। मुख्य रूप से तपेश्वर राय , फिरोज अंसारी , करू यादव , मोहम्मद शहाबुद्दीन, सुरेंद्र दांगी, कौशल्या देवी, महावीर प्रसाद, गौतम कुशवाहा विक्की कुमार धान उपस्थित थे।

### श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा मोरांगी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**हजारीबाग** : श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा सदर प्रखण्ड स्थित मोरांगी में मंगलवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइसेंस एंड होस्पिटल, संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं श्रीनिवास डायग्नोस्टिक के संयुक्त तत्वावधान में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सामान्य स्वास्थ्य, दांत, नेत्र, सुगर, क्लोस्ट्रोल एवं रक्त का जांच जरूरतमंदों को मुफ्त प्रदान की गई। कई जरूरतमंद मरीजों ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को निशुल्क उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ ऋषिकांत उपाध्याय, सिस्टर अजरा निगार, प्रयोगशाला विभाग से राकेश कुमार, राजकुमार, नेत्र विभाग प्रियंका कुमारी, संगम कुमार, छात्रा गुलनाज एवं प्रीति कुमारी ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

# एसटी आयोग का निर्देश : सिरमटोली फ्लाईओवर रैम्प पर जांच पूरी होने तक न हो उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सिरमटोली फ्लाईओवर रैम्प के उद्घाटन को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक आयोग द्वारा जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक फ्लाईओवर रैम्प पर किसी भी प्रकार का कार्य या उद्घाटन नहीं किया जाएगा। आयोग ने यह भी आपत्ति जताई कि राज्य सरकार ने छुट्टी के दिन पत्र जारी कर मुख्यमंत्री के सचिव द्वारा निर्धारित बैठक को स्थगित कर दिया। अब बैठक की नई तिथि चार दिन बाद तय की जाएगी। आयोग ने दोहराया कि जांच पूरी होने तक न तो कोई कार्य योजना बनेगी और न ही उद्घाटन होगा।




### आर्यभट्ट सभागार में आदिवासी संगठनों की बैठक

रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा की उपस्थिति में जनजातीय सामाजिक संगठन और केंद्रीय समाज समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने भाग लिया।

सिरमटोली बचाओ संघर्ष समिति ने बैठक में बताया कि फ्लाईओवर रैम्प के कारण सरना स्थल का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। यह स्थल आदिवासी समुदाय के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### विकास के नाम पर छीनी जा रही आदिवासियों की धार्मिक भूमि : गीताश्री उरांव

पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस भरोसे के साथ मुख्यमंत्री को सत्ता सौंपी गई थी, वह अब टूट चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर आदिवासियों की धार्मिक और सांस्कृतिक जमीनें छीनी जा रही हैं, जो निंदनीय है।

### बिना सहमति के हुआ डीपीआर में बदलाव : कुंदरसी मुंडा

सामाजिक कार्यकर्ता कुंदरसी मुंडा ने कहा कि डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट में बदलाव आदिवासी समुदाय की सहमति के बिना किया गया, जो सीधे तौर पर संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि रैम्प की शुरूआत सिरमटोली चौक से 500 मीटर पहले कर दी गई है, जिससे विवाद और गहरा गया है।

### आयोग की सदस्य ने किया स्थल का निरीक्षण

बैठक के बाद, एसटी आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने सिरमटोली फ्लाईओवर रैम्प स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार को झारखंड की जल, जंगल, जमीन और धार्मिक स्थलों की रक्षा करनी चाहिए।

इस मौके पर जगलाल पाहन, बबलु मुंडा, रवि तिग्गा, सुरेंद्र लिंडा, फुलचंद तिर्की, बहा लिंडा, आकाश तिर्की, संगीता कच्छप सहित सैकड़ों आदिवासी संगठन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# झारखंड के 1161 सरकारी शिक्षकों को मिला शोकॉज नोटिस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के 5 जिलों के 1161 शिक्षकों को समय पर ऑनलाइन ट्रेनिंग पूरा नहीं करने पर शिक्षा विभाग ने नोटिस भेजा है। इनसे 25 मई तक जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिन शिक्षकों को नोटिस भेजा गया है, वे रांची, लोहरदगा, खूंटी, गुमला और सिमडेगा जिलों के हैं। सबसे ज्यादा शिक्षक रांची जिले से हैं। रांची से 417 शिक्षक, गुमला से 293 शिक्षक, सिमडेगा से 164, खूंटी से 160 और लोहरदगा से 127 शिक्षक शामिल हैं।

दक्षिणी छोटानागपुर के इन जिलों के पहली से आठवीं तक के शिक्षकों को 1 अप्रैल से जे-गुरुजी ऐप के माध्यम से 24 घंटे की ऑनलाइन ट्रेनिंग करने का निर्देश दिया गया था। बाद में ट्रेनिंग पूरी करने के लिए 7 दिन का अतिरिक्त समय भी दिया गया, लेकिन इसके बावजूद 1161 शिक्षक अब तक ट्रेनिंग पूरी नहीं कर पाए।

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद के निदेशक शशि रंजन ने कहा कि यह आचरण विभागीय आदेश की अवहेलना है। सभी डीईओ और डीएसई को निर्देश दिया गया है कि ऐसे शिक्षकों से स्पष्टीकरण लें और विभागीय नियमों के तहत कार्रवाई कर रिपोर्ट भेजें। इन शिक्षकों से 25 मई तक हर हाल में जवाब लिया जाएगा। समय पर स्पष्टीकरण नहीं देने या जवाब असंतोषजनक होने पर कठोर कदम उठाए जा सकते हैं।

# सीएम का आदेश : प्रशाखा पदाधिकारी और अन्य पदाधिकारियों की मोबाइल सुविधा बहाल होगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रशाखा पदाधिकारी व पे मैट्रिक्स लेवल-9 से नीचे के राजपत्रित पदाधिकारियों की मोबाइल सेवा बहाल होगी। उन्हें 25000 रुपए तक का मोबाइल और रिचार्ज के लिए प्रति माह 500 रुपए मिलेंगे। सचिवालय सेवा के भारी विरोध के बाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सहमति दे दी है। मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग को इसके लिए संशोधित प्रस्ताव देने का आदेश दिया है। इसके बाद प्रशाखा पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, सहायक अभियोजन पदाधिकारी, सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा सहित अन्य पदाधिकारियों को निःशुल्क मोबाइल एवं प्रति माह पांच सौ रुपए का कूपन मिलने लगेगा। उल्लेखनीय है कि कैबिनेट द्वारा 24 जुलाई 2024 को मंत्री से लेकर राजपत्रित पदाधिकारियों को मोबाइल क्रय और रिचार्ज की सुविधा दिए जाने का फैसला लिया था। वित्त विभाग के संलेख संख्या-1715 दिनांक 15 जुलाई 2024 पर कैबिनेट ने 24 जुलाई को अपनी मुहर लगायी थी। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद वित्त विभाग ने 30 जुलाई 2024 को अधिसूचना जारी कर मोबाइल क्रय और रिचार्ज की सुविधा दिए जाने संबंधी आदेश जारी किया था। लेकिन वित्त विभाग ने बगैर कैबिनेट की सहमति के 28 मार्च 2025 को पे मैट्रिक्स लेवेल-9 के राजपत्रित पदाधिकारियों को दी गयी उपरोक्त सुविधा को स्थगित कर दिया।



कैबिनेट के इस फैसले में मंत्री से लेकर डीसी रैंक के अधिकारियों को प्रति 60 हजार रुपए का मोबाइल और प्रति माह तीन हजार रुपए रिचार्ज की सुविधा दी गयी है। इसी तरह विशेष सचिव को 45 हजार रुपए का मोबाइल और 2000 रुपए प्रति का प्रति माह रिचार्ज, अपर सचिव, संयुक्त व समकक्ष रैंक के अधिकारियों को 40 हजार रुपए का मोबाइल और 1500 रुपए प्रति माह रिचार्ज कूपन, उप सचिव और समकक्ष रैंक के अधिकारियों को 35 हजार रुपए का मोबाइल और एक हजार रुपए प्रति माह का रिचार्ज कूपन खरीदने की सुविधा दी गयी। इसी तरह अवर सचिव, सहायक निदेशक, प्रधान आप्त सचिव व अन्य समकक्ष रैंक के अधिकारियों को 30 हजार रुपए का मोबाइल और प्रति माह 750 रुपए का रिचार्ज कूपन खरीदने की सुविधा दी गयी थी।

# बाघ के हमले से बैल की मौत, गांव में दहशत




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के हुआंगहातू पंचायत स्थित रायसा टोला में रविवार रात एक बैल की मौत के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों का मानना है कि बैल पर बाघ ने हमला किया, जिससे उसकी जान चली गई। घटना रायसा टोला निवासी रोड़े मुंडा के साथ जुड़ी है। उनका बैल रविवार रात घर से कुछ दूरी पर बंधा हुआ था। सोमवार सुबह सोमरा मुंडा के घर के पास बैल का शव मिला, जिसके बाद यह खबर तेजी से पूरे पंचायत में फैल गई।

सूचना मिलने के बाद सुबह 8:30 बजे पुलिस और 10 बजे वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के अधिकारियों ने पशु चिकित्सक की मदद से शव का परीक्षण कराया और पंचनामा की कार्रवाई की। ग्रामीणों ने बताया कि रात करीब 11 से साढ़े 11 बजे के बीच मवेशी अचानक भागने लगे और गांव के कुत्ते जोर-जोर से भौंकने लगे। इस दौरान बाघ की दहाड़ जैसी आवाजें भी सुनाई दीं, जिससे लोग घरों में ही दुबक गए। कुछ देर बाद माना जा रहा है कि बाघ वापस जंगल की ओर चला गया।

मौके पर पहुंचे प्रभारी वनपाल नितेश केशरी ने बताया कि बैल के गले और अन्य हिस्सों पर गहरे घाव और पंजों के निशान हैं। गले की हड्डी भी टूटी हुई मिली है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हमला किसी बड़े शिकारी जानवर संभवतः बाघ द्वारा किया गया है। हालांकि, टीम को आसपास के जंगल, खेत और नदी क्षेत्र में किसी पंजे का स्पष्ट निशान नहीं मिला है।

# झारखंड में खनिज ढुलाई में लगे हैं दूसरे राज्यों के 84 हजार वाहन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के खदानों से खनिज ढुलाई में दूसरे राज्यों के 84,070 वाहन लगे हुए हैं। इसमें सबसे अधिक बिहार के 18,862 वाहन हैं। दूसरे नंबर पर उत्तरप्रदेश से निबंधित 6493 वाहन खनिज ढुलाई में लगे हैं। पश्चिम बंगाल के 6405 वाहन, ओडिशा के 3481 वाहन, नागालैंड के 3428 और छत्तीसगढ़ के 2407 वाहन राज्य में खनिज की ढुलाई कर रहे हैं। झारखंड में खनिजों की ढुलाई में कुल 01 लाख 28 हजार 482 वाहन लगे हैं। इसमें से 01 लाख 15 हजार 121 वाहनों का पिन जेनरेट किया गया है। 13,361 वाहनों का पिन जेनरेट नहीं हो पाया है। वहीं 1678 वाहनों को काली सूची में डाला गया है। इसमें से झारखंड के सबसे अधिक 1382 वाहनों को काली सूची में डाला गया है। वहीं बिहार के 231 वाहनों को काली सूची में डाला गया है।

# कांग्रेसी अपना दोहरा राजनीतिक चरित्र दिखाना बंद करे : प्रतुल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि जब पूरा राष्ट्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने सेना के साथ खड़ा है। तो उसमें भी कांग्रेस दोहरी राजनीति कर रही है।

प्रतुल ने मंगलवार को कहा एक तरफ राहुल गांधी देश के साथ और सरकार के हर कदम के साथ चलने का दंभ भर रहे हैं। दूसरी ओर कांग्रेस नेता जयराम रमेश, पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत लगातार मोदी सरकार की मंशा और भारतीय सैन्य क्षमता पर प्रश्न करते हुए देश का अपमान कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल जो ऑपरेशन ब्रेक हुआ है उसमें किसी दूसरे राष्ट्र की मध्यस्थता नहीं है लेकिन कांग्रेस का एक बड़ा तबका बार-बार भारत को वैश्विक स्तर पर बदनाम करने की कोशिश कर रहा है।

प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के नेता दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद कर रहे हैं कि उन्होंने 1971 में पाकिस्तान का बंटवारा कर दिया था। प्रतुल ने कहा कि ये नेता इस बात को भूल जाते हैं कि 1972 के शिमला समझौते के तहत बांग्लादेश में 93000 आत्मसमर्पण किए पाकिस्तानी सैनिकों को गांधी ने बिना शर्त पाकिस्तान को लौटा दिया था जबकि ये एक्सचेंज के बदौलत पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर को वापस लेने का एक उपयुक्त समय था।




प्रतुल ने कहा कि देश इंदिरा गांधी को इमरजेंसी और 42वें संशोधन के जरिए संविधान को बदलने की कोशिश और न्यायपालिका पर कुठाराघात के लिए भी याद रखा है। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिखों का नरसंहार भी लोग नहीं भूले हैं। प्रतुल ने कहा कि यह समय है कि पूरे देश को एक स्वर में बोलना चाहिए अब इन्हीं कांग्रेसी नेताओं के बयानों को पाकिस्तान की मीडिया और पाकिस्तान के नेशनल असेंबली में चर्चा कर ये दिखाया जा रहा है कि भारत भी ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर एक नहीं है जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

झारखंड सरकार स्पष्ट करे कि कितने पाकिस्तान नागरिकों को डिपोर्ट किया गया। प्रतुल शाह देव ने झारखंड सरकार से ये भी जानना चाहा कि उसे स्पष्ट करना चाहिए कि विदेश मंत्रालय के निर्देश के अनुसार पाकिस्तानी वीजा पर ओवर स्टे करने वाले कितने पाकिस्तानी नागरिकों को झारखंड सरकार ने चिन्हित किया है और इनमें से कितने को बाहर निकल गया? प्रतुल ने कहा कि जानकारियां मिल रही है कि झारखंड सरकार इस मुद्दे में बहुत गंभीर नहीं है। राज्य सरकार को समझना चाहिए कि देश सर्वोपरि होता है।

इसलिए झारखंड सरकार अविलंब अवैध तरीके से रह रहे इन पाकिस्तानी नागरिकों को झारखंड से बाहर निकालने का मार्ग प्रशस्त करे।

## एक नजर

### सम्मेलन ने भगानिया के निधन पर जताया शोक

**रांची :** समाजसेवी महेंद्र भगानिया के आकस्मिक निधन पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारी और सदस्यों ने गहरा शोक प्रकट किया है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने मंगलवार को शोक व्यक्त करते हुए कहा कि महेंद्र भगानिया प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के कर्मठ और उदार सदस्य थे। उन्होंने कहा कि भगानिया हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। उन्होंने मारवाड़ी समाज के एकता, संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने के लिए अनेक कार्य किये। वहीं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन और संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि महेंद्र भगानिया सरल, मिलनसार, मृदुभाषी,स्पष्टवादी और धार्मिक व्यक्ति थे। वे सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उन्होंने समाज की सेवा मे अपना अतुलनीय योगदान दिया जो अविस्मरणीय है। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

### मेकॉन फुटबॉल टीम के कोच का चयन 17 मई को

**रांची :** मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब सत्र 2025-26 के लिए मेकॉन फुटबॉल टीम के कोच का चयन करने जा रहा है। क्लब के सचिव श्री पी.के. दास ने जानकारी दी कि कोच पद के लिए इंटरव्यू 17 मई को 11 बजे, मेकॉन स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। कोच पद के लिए वही उम्मीदवार पात्र होंगे, जिन्होंने जिला या राज्य स्तर की फुटबॉल टीम में प्रतिनिधित्व किया हो। इसके अतिरिक्त कोचिंग का अनुभव होना अनिवार्य है। चयनित कोच को अभ्यास सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए शारीरिक रूप से फिट और स्वस्थ होना आवश्यक है। सभी इच्छुक उम्मीदवारों को अपने शैक्षणिक, खेल संबंधी एवं अनुभव प्रमाण-पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे, जिससे उनकी योग्यता प्रमाणित हो सके। उम्मीदवारों को 17 मई को 11 बजे मेकॉन स्टेडियम पहुंचकर फुटबॉल विंग के सचिव विपिन गुप्ता को रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।

### स्व अनिल उरांव के आश्रित को ओबीएस का 4.5 लाख का सौंपा गया चेक

**रांची :** मंगलवार को सीसीएल के ओबीएस के महा सचिव आलोक कुमार त्रिपाठी ने सीसीएल ऑफिसर्स बेनवॉलेंट सोसाइटी के तहत स्व. अनिल उरांव, पूर्व वरीय अधिकारी (सर्वे) की पत्नी पुष्पा देवी को 4.5 लाख (चार लाख पचास हजार रुपये मात्र) का चेक प्रदान किया। बताते चलें की स्व. उरांव सीसीएल के आई ई डी विभाग, मुख्यालय में कार्यरत थे। उनका देहांत विगत वर्ष 23 अप्रैल, 2025 को हो गया था। इस अवसर पर सीसीएल ओबीएस के उपाध्यक्ष राजीव रंजन शर्मा सहित सीसीएल ओबीएस के विनय कुमार शंकर एवं सुरेंद्र प्रताप सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

### हिन्दुओं की कुटुंब प्रणाली और जनसंख्या नीति खतरे में : बजरंग बागड़ा

**रांची :** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने झारखंड के अधिवक्ताओं के साथ ग्रीन एक्रस होटल एयरपोर्ट रोड रांची में बैठक की। बागड़ा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतवर्ष के हिन्दुओं ने साढ़े सात सौ वर्ष तक इस्लामिक शासन और दो सौ वर्षों का इसाई शासन को झेला, इसके बावजूद अपने अस्तित्व को बचा कर रखने में सफल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से सांसद लवली आनंद ने की मुलाकात




**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को लोकसभा सांसद लवली आनंद ने राजभवन में मुलाकात की। राजभवन की ओर से यह शिष्टाचार मुलाकात बताया गया है।

### झारखंड में पड़ रही है प्रचंड गर्मी, कई जिलों में तापमान 40 के करीब



**रांची :** झारखंड में एक बार फिर से प्रचंड गर्मी पड़ रही है। राज्य के पलामू जिला सहित कई जिलों में तापमान 41 डिग्री पहुंच गया है, जबकि कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। बढ़ी गर्मी के चलते दोपहर में सड़कें खाली हो जा रही है। हालांकि राजधानी रांची में फिलहाल प्रचंड गर्मी के प्रकोप से बचा हुआ है। वहीं राज्य के जिन जिलों में तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है उनमें जमशेदपुर 40.1 डिग्री, देवघर 39, गढवा 39 और पश्चिमी सिंहभूम में तापमान 39 डिग्री शामिल है। मौसम विभाग ने 15 मई को पश्चिमी जिलों को छोड़ राज्य के शेष जिलों में बारिश होने की सम्भावना व्यक्त की है। विभाग ने 14 मई को पूर्वी और 15 मई को राज्य के पश्चिमी जिलों में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। दोपहर में प्रचंड गर्मी महसूस की गई, जबकि बीच-बीच में बादल छाने और मध्यम दर्जे की हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मंगलवार को रांची में तापमान 36.3, जमशेदपुर में 40.1, डाल्टनगंज में 41, बोकारो में 35.5 और चाईबासा में तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### कार में आग लगने से मची अफरा-तफरी



**रांची :** रांची के पुंदाग में एक कार में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र के सेल सिटी में एक कार पार्क की गई थी। इसमें अचानक से आग लग गई। आग लगने की वजह से सेल सिटी में थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद सेल सिटी के हाउस गार्डों ने तुरंत आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया और आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया। सेल सिटी में तैनात गार्ड ने बताया कि अचानक कार से धुंआ निकलने लगा। वे लोग तुरंत पानी का इंतजाम कर आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए लेकिन देखते ही देखते आग की लपटें तेज होती गई। हालांकि किसी तरह सब के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। कार किसकी है, इसकी जानकारी सोसाइटी के लोग इकट्ठा कर रहे हैं। स्थानीय थाने को भी मामले की जानकारी दे दी गई है।

### ट्रेड यूनियन 20 से हड़ताल में, खनन सहित कई सेवाएं होंगी प्रभावित

**रांची :** ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों की ओर से चार लेबर कोड और किसान एवं मजदूरों की 17 सूत्री मांगों को लेकर 20 मई को देशव्यापी हड़ताल किया जाएगा। हड़ताल के संबंध में सीटू के राज्य सचिव विश्वजीत डे ने मंगलवार को बताया कि झारखंड में हडताल से सबसे अधिक प्रभाव खनन क्षेत्र पर पडेगा। इसके अलावा स्कूलों में चलनेवाले मिड डे मील, बैंक, बीमा, स्टील और आंगनबाडी केंद्रों की सेवाएं भी प्रभावित होंगी। वहीं हडताल के समर्थन में राज्य के वामदल भी दो घंटे का चक्का जाम करेंगे। इस संबंध में वामदलों ने जिला स्तर पर 15 मई से 19 मई तक संयुक्त नुक्कड़ सभा करने, पर्चा छाप कर वितरित करने तथा 19 मई को मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया है। हडताल के समर्थन में वामदल के नेता और कार्यकर्ता-हड़ताल के दिन 20 मई की सुबह 10 बजे से 12 बजे तक दो घंटे का चक्का जाम कर गिरफ्तारियां देंगे।




### 153वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 153 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जय कपीस तिहुं लोक उजागर के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। छोटन कुमार ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित की। छोटन कुमार ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा उपमंत्री अनिल नारनौली स्नेह पोद्दार छोटन कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

## एक नजर

### मरकच्चो में लगातार हाथियों का आतंक जारी



**मरकच्चो :** मरकच्चो प्रखंड के बेरहवा जंगल को हाथियों का झुंड ने अपना बसेरा बना लिया है। दिनभर जंगल में आराम करने के बाद रात में हाथी खान की तलाश में निकलते हैं। रात्रि में मदमस्त होकर हाथी फसल के साथ-साथ अन्य सामानों को भी बर्बाद करता है। सोमवार की रात्रि हाथियों का झुंड बेरहवा जंगल में ही स्थित हिंदुओं का धार्मिक स्थल कमार्धाम पहुंच गया। जहां हाथियों का झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। मंदिर के पुजारियों ने बताया कि सोमवार रात्रि 9 बजे के बाद हांथीयों का झुंड कमार्धाम पहुंच कर मुख्य मंदिर का दीवार बगल में बने झोपड़ी व कई पेड़ पौधे तोड़ कर नुकशान कर दिया।


### चलन्त लोक अदालत सह दिन जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**(डोमचांच /कोडरमा) :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के अध्यक्ष बालकृष्ण तिवारी के कुशल मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गौतम कुमार के देखरेख में जिले के डोमचांच प्रखंड के फुलवरिया पंचायत में दिन मंगलवार को समय 11:00 बजे चलन्त लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लोक अदालत सब विधिक जागरूकता शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया फुलवरिया पंचायत संजय कुमार मेहता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरनाडीह पंचायत मुखिया पप्पू यादव, उप मुखिया बासदेव मेहता एवं वक्ता रूप में अधिवक्ता एल.ए.डी.सी.ललन चौधरी, पैनल अधिवक्ता शिवजीत कुमार सिन्हा मौजूद थे। शिविर को संबोधित करते हुए मुखिया संजय कुमार मेहता ने कहा कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में आज फुलवरिया पंचायत में चलन्त लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है, हमारे पंचायत के लिए बहुत ही गर्व की बात है। कानून से जुड़े कार्यक्रम होने से लोगों को काफी महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है ,और लोग जागरुक होते हैं लोगों के जागरूक होने से उन्हें हर प्रकार की सुविधा मिलती है आज लोग जानकारी के अभाव में कई सारी कल्याणकारी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना के अलावे कई महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित रहते हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने किया विद्यालय का नाम रोशन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद :** सरस्वती शिशु मंदिर, श्यामडीह के छात्रों ने सत्र 2024-25 के केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दशम-द्वादश बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह विद्यालय का नाम रोशन किया है। शत प्रतिशत छात्र छात्राओं ने इसमें उत्तीर्णता प्राप्त की है। विज्ञान संकाय में 113 विद्याथीर्यों ने भाग लिया जिसमें 107 प्रथम स्थान एवं अधिकतम प्राप्तांक 93.6%, वाणिज्य संकाय में कुल 63 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 49 प्रथम स्थान एवं अधिकतम प्राप्तांक 97.4% तथा दशम में 210 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 113 प्रथम स्थान एवं अधिकतम प्राप्तांक 96.4%। विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिमन्यु कुमार ने जानकारी दी कि इस वर्ष का परीक्षा परिणाम अत्यंत संतोषजनक रहा। कई छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रथम पांच टॉप स्थान पाने वाले विशेष रूप से छात्र/छात्राओं की विवरणी इस प्रकार है:-

**AISSCE द्वादश विज्ञान संकाय:-**
केशव सिंहा – 93.6%
अभिजीत राज – 90.4%
अनिष कु० मिश्रा – 90.2%
प्रिया कुमारी – 90.2%
विवेक मंडल 90%

AISSCE द्वादश वाणिज्य संकाय:-
समृद्धि गुप्ता - 97.4%
अभिनव राय 95.4%
खुशबु कुमारी झ 93.2%
प्रियांशु कु० पाण्डेय झ 92.2%
आस्था कुमारी गुप्ता- 90.4%

**दशम AISSE:**
अनुराग कुमार - 96.4%
रौनक कुमार - 92.8%
प्रथम मिश्रा - 92.6%
केशर कुमारी विश्वकर्मा - 91%
अनुष्का कुमारी ठाकुर - 90%

विद्यालय अध्यक्ष श्री प्रदीप खेमका जी ने सभी छात्रों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों की समर्पित सेवा के लिए आभार प्रकट किया है। विद्यालय प्रबंधन सचिव श्री विक्रम कुमार राजगढ़िया जी ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई, अनुशासन व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। भविष्य में भी विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयासरत रहेगा।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में प्रगति लाने का दिया गया निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार मरकच्चो में ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं का समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में मंगलवार को किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने मनरेगा अंतर्गत लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं बागवानी योजना में लक्ष्य के अनुरूप खरछढर के साथ समन्वय बनाकर नए आम बागवानी की योजना लेने का निर्देश दिया गया। लक्ष्य के अनुरूप बिरसा सिंचाई कूप की नई योजना लेने तथा कूप का लंबित भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया। अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवासों में लंबित मजदूरी भुगतान करने साथ ही मानव दिवस सृजन करने पर भी जोर दिया गया। सभी पंचायत के जन्म मृत्यु के रजिस्ट्रार को निदेश दिया गया कि सभी प्रमाण पत्र बनाने या अग्रसारित करने से पूर्व जांच करने के उपरांत ही बनाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सियाराम सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, सहायक अभियंता चितरंजन कुमार, प्रखंड समन्वयक 15वे वित्त शशि कुमार यादव, सभी जे ई, सभीपंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं प्रखंड कर्मी मौजूद थे।


## छात्रों ने बीआईटी कैंपस के अंदर जमकर उत्पात मचाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** बीआईटी सिंदरी कैंपस सोमवार देर रात रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। छात्रों ने बीआईटी कैंपस के अंदर जमकर उत्पात मचाया। छात्रों के एक गुट ने दूसरे गुट वाले छात्रों के साथ जमकर मारपीट की. हमले में लाठी- डंडे, हॉकी, रॉड और ईंटों से हमला किया गया है।जब जूनियर छात्र के परिजनों को घटना की जानकारी मिली को वे भी वाहन लेकर बीआईटी पहुंचे। इस दौरान सीनियर छात्रों ने उनके वाहन में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उत्पात मचा रहे छात्रों को हिरासत में लिया है। इस घटना को लेकर सामने आए वीडियो में यह सामने आया है कि छात्रों के द्वारा संस्थान में तोड़फोड़ की गई है। उन्होंने हॉस्टल के कमरों में घुसकर छात्रों को निशाना बनाया। इस दौरान छात्र जबरदस्ती कमरे में घुसे और अन्य छात्रों के साथ मारपीट की। इस मारपीट की घटना से डरे सहमे छात्र, रात में ही कैंपस छोड़कर भाग गए. उन्होंने बाहर निकलकर छुपकर अपनी जान बचाई है। इस घटना में कई छात्र घायल हुए हैं जबकि कई छात्र हॉस्टल छोड़कर अपने घर के लिए रवाना हो गए हैं। 'बीआईटी सिंदरी में छात्रों के बीच मारपीट की घटना घटी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल मामला शांत है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## सीबीएसई बारहवीं की परीक्षा में जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के डोमचांच स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सी.बी.एस.ई. बारहवीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी बच्चों ने उत्कृष्ट अंकों के साथ बाजी मारी। बतादें की सी.बी.एस.ई. द्वारा मंगलवार को बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया,तत्पश्चात बच्चों ने रिजल्ट देख अपनी खुशी जाहिर करते हुए माता पिता व शिक्षकों के योगदान की बात कही उन्होंने अपने परिणाम के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों को अपना श्रेय दिया। इस खुशी के मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने सभी बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं व अपने आशीर्वचन दिए। उन्होंने आगे और सफल होने की बात कही। उपस्थित विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने बच्चों को मिठाई खिला कर ढेरों बधाई दी साथ ही कहा यह पल विद्यालय के लिए बहुत ही गौरव का पल है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा आगे होने वाले आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए विद्यालय हमेशा तत्पर है व निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन देने में सक्षम है। विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बारहवीं के छात्र-छात्राओ में अदिति मोदी 74 प्रतिशत, जिया कुमारी 72 प्रतिशत, अरुण कुमार 71 प्रतिशत, अनमोल सिंह 67 प्रतिशत,स्वेता सुमन 67 प्रतिशत, मंजीत कुमार 66 प्रतिशत, स्वीटी शर्मा 66 प्रतिशत,सौरभ कुमार, रियांश राज,अनुप्रिया,प्रियांशु प्रिया, व प्रेम कुमार क्रमबद्ध इस प्रकार परिणाम रहें। उपनिदेशक नीरज सिंह ने भी बच्चों ढेरों शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने बच्चों को ढेरों बधाई देते हुए आगे और बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही। उपस्थित विद्यालय के कॉर्डिनेटर सोनी चंदन ने बच्चों के प्रदर्शन पर उनके कड़े परिश्रम की बात कही साथ ही कहा अगर बच्चे चाह लें तो यह अंक उनके लिए बहुत छोटी लगने लगेगी। सभी बच्चों के परिणाम को देखकर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने आशीर्वचन देते हुए अपनी खुशी जाहिर की साथ कहा यह हमसब के लिए गौरव की बात है। खुशी के मौके पर विद्यालय के सी.सी.ए. कोऑर्डिनेटर मो. इल्यास अंसारी व आई टी इंचार्ज राघव सिन्हा मौजूद रहें।

## आंगनबाडी सेविका/सहायिकाओं का आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर शिविर का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** उप विकास आयुक्त ऋतुराज के निदेशानुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आंगनबाडी सेविका/सहायिकाओं का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रखण्ड परिसर कोडरमा में शिविर का आयोजन किया गया। जिन आंगनबाडी सेविका/सहायिकाओं का आयुष्मान कार्ड नहीं बना था, उनका आयुष्मान कार्ड बनाया गया। साथ ही सक्षम आंगनबाडी केन्द्रो का भौतिक सत्यापन जिला समाज कल्याण पदाधिकार कनक कुमारी तिर्की द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त कोडरमा परियोजना अन्तर्गत पोषण ट्रेकर ऐप में सेविका / सहायिका रिक्ति, आंगनबाडी केन्द्रो का आधार भूत संरचना एवं लाभुको को FRS से आच्छादित किये जाने से संबंधित समीक्षा की गई। शिविर का आयोजना कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रखण्डो में दिनांक 13-05-2025 से 19-05-2025 तक निर्धारित किया गया है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने सभी आंगनबाडी सेविका/ सहायिकाओं से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अपील किया।

## शपथ पत्र

मैं मसूद आलम, स्वर्गीय महबूब आलम उर्फ स्वर्गीय सैयद मोहम्मद महबूब उर्फ सैयद मोहम्मद, उम्र लगभग 45 वर्ष, आस्था- इस्लाम, राष्ट्रीयता- भारतीय और ग्राम माधवाटांड़, पोस्ट- मकतपुर, पीएस जयनगर, जिला- कोडरमा का निवासी हूं, शपथ पत्र संख्या 44 दिनांक 22-04-2025 द्वारा निम्नलिखित रूप में सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञां और घोषणा करता हूं:-

1. कि मैं यहां का साक्षी हूं और भारत का कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं।

2. कि मेरा मूल नाम मसूद आलम है जो मेरे पिछले आधार कार्ड में अंकित है।

3. कि मेरे दोनों नाम विभिन्न दस्तावेजों में अलग-अलग दर्ज हैं।

4. कि मसूद आलम और सैयद मोहम्मद मकसूद एक ही हैं। मैं उक्त व्यक्ति हूं।

जीआरएन नं.- 2501888762

## जयनगर में प्रखंड स्तरीय समेकित समीक्षा बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जयनगर :** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समेकित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम, पेंशन योजनाओं सहित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी, कृषि एवं कल्याण पदाधिकारी, आवास समन्वयक, पंचायती राज समन्वयक, आकांक्षी प्रखंड फेलो सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मनरेगा के तहत संचालित बिरसा हरित योजना के अंतर्गत आम बागवानी गड्ढा खोदो अभियान की प्रगति पर विशेष बल दिया। उन्होंने एक-एक बागवानी की समीक्षा करते हुए योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप प्राथमिकता देने तथा समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (2023-24) एवं अबुआ आवास योजना के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए त्वरित एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी गहन समीक्षा की गई, और सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में कार्यों की गुणवत्तापूर्ण पूर्णता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुस्तक ज्ञान केंद्र, जन्म-मृत्यु एवं विवाह निबंधन, पंचायत सहायकों की समय-सारणी एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर भी चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पेंशन योजनाओं के अंतर्गत वृद्धावस्था, विधवा, विकलांग एवं अन्य पात्र श्रेणियों की पेंशन स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति की समीक्षा की गई। लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय के माध्यम से योजनाओं का द्रुत क्रियान्वयन सुनिश्चित करना एवं जनहित में विकास कार्यों को गति देना रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह के बच्चों का उम्दा प्रदर्शन



**धनबाद :** 39वीं धनबाद जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 10 एवं 11 मई को बिरसा मुंडा स्टेडियम धनबाद में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में धनबाद जिले के 40 टीमो के लगभग 600 प्रतिभागी बच्चों ने हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगिता में अपने विद्यालय के 06 प्रतिभागी भैया ने हिस्सा लिया जिसमें विजेता खिलाड़ी है अंडर 14 आयु वर्ग में ट्रायथलॉन बी एवं किड्स जैवलिन में भैया रोशन सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया अंडर 16 आयु वर्ग में भैया महेश्वर लाल नापित ने भाला फेक में द्वितीय एवं ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया अंडर 18 आयु वर्ग में सुधांशु कुमार त्रिकूद में द्वितीय एवं लंबी कूद में तृतीय स्थान प्राप्त किया अंडर 20 आयु वर्ग में राहुल कुमार राणा ने गोला फेक में द्वितीय एवं लंबी कूद में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागी भैया की तैयारी करने में संलग्न आचार्य विवेक सिंह ने अथक प्रयास किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप खेमका सचिव विक्रम राजगढ़िया प्रधानाचार्य अभिमन्यु कुमार उप प्राचार्य श्रीमती श्रेय सरकार ने विजेता भैया बहनों की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विद्यालय की गौरवशाली उपलब्धि के लिए सभी विद्यालय परिवार को बधाई दी।

### नगरी कला शिव मंदिर परिसर मे चड़क पूजा हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**धनबाद :** बाघमारा प्रखंड के अंतर्गत नगरी कला पंचायत में परंपरागत चड़क पूजा का आयोजन बड़े ही धूमधाम और धार्मिक श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर अपने सुख-समृद्धि की कामना की। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चड़क पूजा में लोगों ने उपवास रखकर देवी को प्रसन्न करने के लिए अनुष्ठान किए। चड़क पूजा के तहत स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा विशेष पूजा विधि, ध्वज यात्रा और पारंपरिक भोग अर्पण किया गया। वहीं भोगता मेले में बच्चों, युवाओं और महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। मेला स्थल पर झूले, खेल-खिलौने और स्थानीय व्यंजनों की दुकानों ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया। पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। नगरी कला उत्तर पंचायत के मुखिया राजेंद्र महतो उर्फ रिंकू महतो ने बताया कि यह पूजा वर्षों पुरानी परंपरा है और इसे गांव की सुख-शांति और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। इस धार्मिक आयोजन में न केवल नगरी कला के निवासी बल्कि आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। चड़क पूजा और भोगता मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने का एक जीवंत उदाहरण है।करीब सैकड़ों भोक्ता लोग 30 फिट की खंभा पर शरीर के अंग पर लोहे की कील लगा कर घुमाया गया।मौके पर नगरी कला उत्तर पंचायत के मुखिया मुखिया रिंकू महतो, पूर्व मुखिया निवास कुम्हार, बबलू कुंभकार, सपन पंडित, काली चरण, आनंद महतो, पंकज साव, भोला महतो, सचिन महतो, बिनोद दास सहित कमिटी के सक्रिय सदस्य का योगदान रहा।

### पुत्र - पुत्र वधू द्वारा व्यवसाय में बाधा उत्पन्न करने की बुजुर्ग ने की शिकायत



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र से लोग पहुंचे और अपनी अपनी समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। जनता दरबार में शास्त्री नगर, धोबाटांड़ के एक बुजुर्ग व्यवसायी ने बताया कि वे टायल्स एवं मार्बल का व्यवसाय करते हैं। उनका बड़ा पुत्र और पुत्र वधू व्यवसाय में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, जबकि वे स्वयं प्रोपराइटर है। बुजुर्ग ने बताया कि उसे हर महीने बैंक लोन, महाजन का ऋण और जीएसटी जमा करना पड़ता है। बताया कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की जाती है। बड़ा पुत्र और पुत्र वधू जबरन दुकान बंद कर देते हैं तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी देते हैं। बुजुर्ग ने उपायुक्त से मामले में हस्तक्षेप कर दुकान एवं गोदाम में रखा माल कहीं और हस्तांतरित कराने में सहयोग प्रदान करने की गुहार लगाई। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को इसकी जांच कर बुजुर्ग की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। गोविंदपुर से आए व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि निचितपुर में सरकारी स्कूल के पास एक व्यक्ति जबरन स्टोन क्रशर खोल रहा है। उस क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ जमीन पर खेती हो रही है। उन्होंने स्टोन क्रशर को बंद कराने की गुहार लगाई। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को जांच करने का निर्देश दिया।

### जरूरतमंदों के बीच शरबत का वितरण एवं भोजन कराया गया



**झुमरीतिलैया :** रोट्रेक्ट क्लब कोडरमा मॉडर्न पब्लिक स्कूल के द्वारा रेलवे स्टेशन काली मंदिर के पास प्यार बांटते चलो बैनर के तहत सैकड़ो जरूरतमंदों के बीच शरबत का वितरण एवं भोजन कराया गया इस मौके पर संस्था के समाज सेवी अरुण मोदी मौजूद थे मौके पर रोटरी क्लब कोडरमा की असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा ने कहा कि बच्चों के बीच और उनसे मानवता की सेवा का कार्य करने से उनमें दया एवं संवेदनशीलता की भावना आती है रोटरी क्लब कोडरमा के मीडिया प्रभारी पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर नवीन जैन ने कहा कि स्टेशन परिसर के पास प्यार बांटते चलो बैनर के तहत गरीबों के बीच भोजन उपलब्ध कराना एक बहुत ही नेक कार्य है उनके सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं मौके पर रोट्रैक्ट क्लब के आशीष शर्मा प्रवीण जोशी आयुष जोशी यशराज आदि सदस्य मौजूद थे।

**एक नजर**

### फेक आईडी बनाकर युवती को बदनाम करने वाले पर थाना में प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज :** जिला के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नीचे टोला निवासी एक युति को अज्ञात द्वारा फेक आईडी बनाकर परेशान करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवती के करीबी ने बताया कि पीड़ित युवती का फेक आईडी बनाकर एक अज्ञात लड़का फोटो और वीडियो लगाकर उसे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। जब जब पीड़ित युवती ने उसे अज्ञात को मैसेज किया तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। बताया गया कि यूवति की शादी तय हो गई थी अज्ञात के गलत स्टेटस लगाने के कारण उनकी शादी भी छूट गई। मामले को लेकर तीनपहाड़ थाना कांड संख्या 75/25 मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है। समाचार लिखे जाने तक मामले में तीनपहाड़ थाना प्रभारी से मोबाइल पर संपर्क नहीं हो सका था।

### शादी से लौट रहे व्यक्ति को हाथी ने कुचला, मौत

**कोडरमा :** जिले के जयनगर प्रखंड के सतडीहा निवासी बासुदेव यादव (63) अपने भाई पुत्र के साथ शादी समारोह से सोमवार रात लौट रहे थे। अचानक एक हाथी पीछे से आया और लालू चौक सरमाटांड स्टेशन के समीप एक बजे रात में बासुदेव को कुचल दिया। इससे उनकी घटना स्थल पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर ग्रामीण और मुखिया प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद यादव ने थाना फोन किया। थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह घटना स्थल पर पुलिस दल बल के साथ पहुंच कर ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शव को थाना लाया।

# सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), बोकारो के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी कामयाबी का डंका बजाया है। विद्यालय की कॉमर्स संकाय की छात्रा बारुनी अग्रवाल ने सर्वाधिक 97.80 प्रतिशत लाकर टॉपर होने का गौरव पाया। वहीं, दूसरे स्थान पर साइंस टॉपर अंकिता साक्षी रही, जिसे 97.20 प्रतिशत अंक मिले। इस वर्ष साइंस एवं कॉमर्स संकायों की परीक्षा में कुल 484 विद्यार्थी शामिल हुए थे और सभी के सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। 88 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत व अधिक तथा 338 को 80 प्रतिशत व इससे ज्यादा अंक मिले। अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की इस उत्कृष्ट सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने विद्यार्थियों को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. गंगवार ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों का श्रेय विद्यालय परिवार द्वारा टीम वर्क के रूप में की गई मेहनत व अभिभावकों की जागरुकता एवं सहयोग को दिया है। घोषित परिणाम के अनुसार, विज्ञान संकाय के टॉप टेन में शामिल विद्यार्थियों में अंकिता साक्षी (97.20 प्रतिशत) पहले, बंदिता माहथा व मनीष कुमार (96.40 प्रतिशत) दूसरे, अभिनीत शरण (95.80 प्रतिशत) तीसरे, श्रेष्ठा रूपम द्विवेदी एवं तान्या पांडेय (95.60 प्रतिशत) चौथे, निश्चय मेहता एवं कनिष्ठ शर्मा (95.40 प्रतिशत) पांचवें, अनुपम शर्मा (95.20 प्रतिशत) छठे, उत्कर्ष राज एवं पलक्ष सिंह (95 प्रतिशत) सातवें, अनूप झा (94.80 प्रतिशत) आठवें, सुरभि प्रिया एवं करुणाकर देव (94.40 प्रतिशत) नौवें तथा ऋषिमा तिवारी, समृद्धि सृजन एवं सिद्धांत शर्मा (94.20 प्रतिशत) दसवें स्थान पर रहे। वहीं, कॉमर्स संकाय के सर्वश्रेष्ठ पांच विद्यार्थियों में क्रमशः बारुनी अग्रवाल (97.80 प्रतिशत), जशी कुमारी (95.80 प्रतिशत), हर्षिता सिंह (95.60 प्रतिशत), अभिनव सिसोदिया (95.40 प्रतिशत) एवं मयंक अग्रवाल (94.80 प्रतिशत) के नाम शामिल हैं।

**पिता की तरह एक सफल व्यवसायी बनना चाहती है बारुनी**

सीबीएसई 12वीं बोर्ड के कॉमर्स संकाय में सर्वाधिक 97.80 प्रतिशत अंक लाकर टॉपर रही डीपीएस बोकारो की मेधावी छात्रा बारुनी अग्रवाल अपने पिता अनिल कुमार अग्रवाल की तरह एक सफल व्यवसायी बनना चाहती है। उसकी माता मीनू अग्रवाल एक गृहिणी हैं। बारुनी ने एक बातचीत में अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा अपने विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों को दिया है।

## संत माईकल +2 स्कूल, मुरी में कक्षा 10वीं एवम 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी :** सी. बी. एस. ई. बोर्ड परीक्षा कक्षा दशवी एवम बारहवी का परिणाम दिनांक 13 मई को घोषित किया गया जिसमें संत माईकल +2 स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।कक्षा दशवी के राजीव कुमार महली 96% अंक लाकर स्कूल टॉपर रहा साथ ही हितेश कुमार महतो 93%, राज आर्यन भगत 92%, गौरव कुमार 90%, सप्तक सारक 89%, अंकिता रक्षित 88%, एलेक्स निहार तिरु 87%, तंजीर फातिमा 86% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं कक्षा बारहवी के अनुज कुमार कोइरी ने 81% अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया साथ ही प्रिया शर्मा 80%, संस्कृति लाहिरी ने 80% एवं दीपशिखा कुमारी 76% अंक हासिल की। विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी शिक्षको एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि ये परिणाम विद्यार्थियो की कड़ी मेहनत का ही फल है साथ ही उन्होने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षको को भी दिया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियो ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करके इस मुकाम को हासिल किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने शिक्षको एवं विद्याथीयों की बधाई के साथ विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए।उन्होंने उन सभी अभिभावकगण को धन्यवाद दिए जिन्होंने विद्यालय के प्रति भरोसा जताया। विद्यालय के प्राचार्य सी. एल. प्रजापति ने इतनी बड़ी सफलता के लिए सभी शिक्षको का आभार व्यक्त किए एवं सभी विद्यार्थियो को शुभकामनाए दिए। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण ने अपनी खुशी जाहिर की।

## प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने कांग्रेस महिला कमेटी के साथ किया बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में पाकुड़ महिला कांग्रेस कमिटी की बैठक महिला जिला अध्यक्ष शहनाज बेगम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के बतौर मुख्यातिथि कांग्रेस प्रदेश महासचिव जनाब तनवीर आलम जी ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किये। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक, प्रदेश सचिव सेमिनुल इस्लाम, विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में अधिक से अधिक महिला को पार्टी में सम्मिलित करने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में विशेष रूप से चचाएं की गई। कांग्रेस पार्टी में महिलाओं की भागीदारी शत-प्रतिशत हो, जिसके लिए विस्तृत रूप से उपस्थित महिला कांग्रेस वर्करों से उनकी पनी भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश बतौर मुख्यातिथि तनवीर आलम ने दिया। बैठक में आगामी एजेंडा पर भी फोकस किया गया। पाकुड़ कांग्रेस महिला कमिटी की बैठक में महिला कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### कलिका राय की हत्या का मामला सुलझा, किरायेदार महिला ही निकली कातिल

**बोकारो :** स्टील सिटी थाना क्षेत्र के को-ऑपरेटिव सोसाइटी में मकान नंबर 192- ए के मालिक कलिका राय की हत्या का मामला सामने आया है। दिनांक 11 मई 2025 को शाम के करीब 5:30 बजे सूचना मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने कलिका राय की हत्या कर दी है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए बीएस सिटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।

**संक्षिप्त खबरें**

### एमजीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम



**बोकारो :** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ के विद्यार्थियों ने सीबीएसई मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा में सफलता का परचम लहराया। 97 प्रतिशत अंक के साथ विज्ञान संकाय में प्रशांत कुमार एवं वाणिज्य संकाय में पिऊ साहु संयुक्त रुप से स्कूल टापर रहे। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने कहा कि विज्ञान संकाय में मोहित कुमार ने 95, राइमा मंडल ने 93, रिक्की राज ने 92.40, शेखर सागर, सिदराह तरन्नुम व शुभम सौरभ ने 92, दीपक कुमार सिंह, हर्षिता कुमारी राज व हर्षित राज ने 91.20,रोशन कुमार शर्मा, प्रतीक बिहानी व सफदर हाशमी ने 90, रोशन कुमार सिंह व मन्नत राज ने 89.20 व प्रिंस कुमार सिंह ने 89 प्रतिशत अंक हासिल किए। कहा कि वाणिज्य संकाय में हंशिका कुमारी ने 93.20, राशि सिंह ने 92.40, सोमिल कुमार ने 92, करमन सोढ़ी ने 91, सौम्या शर्मा ने 90.20, अंश राज ने 90 एवं कला संकाय में मोहिनी कुमारी ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किया। इंटरमीडिएट में 240 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। कहा कि मैट्रिक की परीक्षा में प्रियम हरनंदका व पूर्वी रिटोलिया 97.60 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रुप से विद्यालय टापर रहे। इस परीक्षा में इशिका नायरा ने 97.40, आदर्श राज, अदिति गोस्वामी, अर्णब पराशर 97.20, दिव्या राज व रोशनी रानी ने 97, आर्यन कुमार व सुमेंदर कुमार ने 96.80, श्रेया चक्रवर्ती ने 96.60, सक्षम झा ने 96.20, सत्यम शाही, प्रिंस कुमार, अनन्या आनंद ने 95.80, आयुष्मान सिन्हा ने 95.40, अर्चना गोस्वामी ने 95, रोहित कुमार, चिराग पांडेय, आयुष झा व तन्मय कुमार ने 94.80 प्रतिशत अंक हासिल किया।

### सीबीएसई बोर्ड पाकुड़ जिले में किसने मारी बाजी, कैसा रहा सीबीएसई रिजल्ट

**पाकुड़ :** सीबीएसई बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा में जिले में डीपीएस के छात्रों का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम एवम् उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाकुड़ के 12वीं के विज्ञान वर्ग के ध्रुबा ज्योति पॉल 93% लाकर प्रथम स्थान, आदित्य राज 87% प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर और सक्षम मिश्रा 77% प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं वाणिज्य वर्ग के रुपेश ठाकुर ने विद्यालय में 81.4% प्राप्त कर प्रथम, अमन हासमी 79.4% द्वितीय तथा रितिका भगत 65% तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं सीबीएसई बोर्ड 10 वीं के परिणामों में ओम भगत 97.6% प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, अभिनव कुमार 96.8% प्राप्त कर द्वितीय एवम् कुमार अंश 95% प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। वही पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय सिंगारसी, अमड़ापाड़ा का परीक्षा परिणाम कुछ इस प्रकार रहा 10वीं में प्रथम स्थान पलक कुमारी 92.2%, दूसरा स्थान अस्मिता सिंह 90.6% और 12 वीं कला संकाय में प्रथम गणेश पहाड़िया 87% और दूसरा स्थान हिमांशु सिंह 85.8% ने प्राप्त किया है। सभी विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षकगण, अभिवाकगण एवं छात्र छात्राओं ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बीजीएच मे हक अधिकार मिलने से मजदूरों मे खुशीः बि के चौधरी

**बोकारो :** जेनरल अस्पताल मे कार्यरत लोउन्ड्री के मजदूरों को अर्ध कुशल से कुशल पदनाम मिलने से अस्पताल मे कार्यरत लगभग 400 ठेकाकमीर्यों मे खुशी की लहर दोड गया है जिस खुशी मे आज सेकडो मजदूरों ने जय झारखंड मजदूर समाज कार्यालय सेक्टर-9 मे महामंत्री बि के चौधरी को फूल माला एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित करते हुए कहा कि जिस तरह झारखंड मे हेमन्त है तो हिम्मत है उसी तरह बोकारो स्टील मे जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी है तो असम्भव काम भी सम्भव है जो बर्षों से लगने के बाद आज सफल हुआ जिसके लिए हम सभी ठेकाकर्मीगण धन्यवाद ज्ञापन करते हैं। अपने संक्षिप्त संबोधन मे बि के चौधरी ने इस जीत का श्रेय मजदूरों को देते हुए कहा कि आपलोगों का संगठित होकर रहना है। पूरे प्लांट मे बोकारो जनरल अस्पताल हीं ऐसा कार्यस्थल है जहां एक पैसा भी मजदूरों से कट मनी नहीं लिया जाता है यह बहुत बड़ी उपलब्धि है इस दोनो जीत के लिये मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बी बी करुणामय के साथ साथ अस्पताल प्रशासन को जय झारखंड मजदूर समाज एवं ठेकाकमीर्यों के तरफ से बहुत बहुत धन्यावाद। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से संयुक्त महामंत्री शंकर कुमार, कार्यालय मंत्री आर बी चौधरी,आर आर सोरेन, झुना देबी,राकेश राम, सुनिता सोरेन,सुनीता देबी,राजबीर राम इत्यादि उपस्थित रहा ।

## चंदनकियारी के सियालजोरी में 17 को होगी लेबर सुरक्षा जागरूकता



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** तलगड़िया प्रतिनिधि - आगामी 17 मई को चंदनकियारी प्रखंड अंतर्गत सियालजोरी के श्रीतिज स्कूल मैदान में मजदूर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर सांसद ढुल्लू महतो के प्रतिनिधि राधे विनोद महतो श्रम एवं रोजगार विभाग के नेतृत्व में तलगडिया मुख्य पथ बांधडीह स्थित भाजपा कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राधे विनोद महतो ने इलेक्ट्रोस्टील प्लांट में आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कंपनी प्रबंधन द्वारा मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है तथा बाहरी और स्थानीय मजदूरों के बीच भारी भेदभाव बरता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी मजदूरों को 40,000 से 50,000 तक वेतन दिया जा रहा है, जबकि स्थानीय रैयत मजदूरों को केवल 15,000 से 22,000 के बीच वेतन मिलता है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि प्लांट के भीतर और ट्रांसपोर्टिंग वाहनों के कारण सड़कों पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। दुर्घटनाओं में जब बाहरी मजदूर शामिल होते हैं तो कंपनी प्रबंधन मुआवजा देकर मामला सुलझा लेता है, जबकि स्थानीय मजदूरों को आंदोलन और सड़क जाम के बिना एक रुपया भी नहीं दिया जाता।

## मुस्कान हॉस्पिटल में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म की सालगिरह पर पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है इस वर्ष 2025 के अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस का थीम है हमारी नर्स हमारा भविष्य। नर्सों की देखभाल से अर्थव्यवस्था मजबूत होती है इसी सिलसिले में उपनगर चास के मुस्कान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में एक सादे समारोह में अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर इरफान अंसारी डॉक्टर शाहनवाज अनवर डॉक्टर अवनीश श्रीवास्तव डॉक्टर मनोज श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति में नर्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के नर्सिंग इंचार्ज उत्तम खवास, संतोषी, पुष्पा बसंती, रोशनतारा, निमाई इत्यादि ने मिलकर केक काटा और कार्यक्रम की शुरूआत की। बाद में नर्स की महत्ता व उनके कार्यकलापों की सराहना करते हुए अस्पताल के वरीय निदेशक डॉक्टर एस सी मुंशी ने कहा कि चिकित्सा जगत में नर्स के साथ काम करना उनके लिए सौभाग्य और खुशी की बात है आपकी दयालुता सहानुभूति और विशेषज्ञता हमारे कार्य स्थल को एक बेहतर स्थान बनाती हैं आपको सराहना और खुशी भरे नर्स दिवस 2025 की ढेरों शुभकामनाएं भी दी।

**कार्यालय जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला**

**अति अल्पकालीन पुर्न ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या**

E-Tender Ref No- DOPR/DE/Gumla/01/2025-26

| क्रम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | CONSTRUCTION AND BEAUTIFICATION OF TANGI NATH DHAM | 2,09,75,632.00 | 4,19,600.00 | 10,000 | 06 माह |

नोट :- केवल ई-टेण्डर ही स्वीकार होंगे।

1. अधिक जानकारी के लिये वेबसाईट http://Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :-19.05.2025
3. ई निविदा डालने प्राप्ति की तिथि एवं समय :-19.05.2025 से 24.05.2025 तक अप0 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :- 26.05.2025 को अप0 3:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला ई0 निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :-9308663369
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

7- Form of Bid एवं Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जायेगा।

8. निविदा Double Bid पद्धति से होगा।
9. इस निविदा में जिला परिषद, गुमला एवं भवन निर्माण विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेंगे।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद,गुमला।

PR 352280 Rural Development(25-26)#D

# भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने की भारतीय सेना की सराहना, वन नेशन वन इलेक्शन का किया समर्थन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने भारतीय सेना के शौर्य की सराहना करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि भाजपा की कश्मीर पर नीति स्पष्ट है देश के विकाश के लिए एक देश एक चुनाव यानी वन नेशन वन इलेक्शन होना जरूरी है इससे संसाधन बचाकर देश को विकास में लगाया जा सकता है ज्ञात हो कि पूरी नीलांचल एक्सप्रेस ट्रेन से बोकारो स्टेशन पुरुलिया पार्टी कार्यालय उद्घाटन और वन नेशन वन इलेक्शन संगोष्ठी भाग लेने जाने क्रम में उक्त बाते आज बोकारो रेलवे स्टेशन पर पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा स्वागत के दौरान बात करते हुए कही। सेना के शौर्य की सलाम करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना के पराक्रम को पूरी दुनिया ने देखा है भारतीय सेना विश्व की प्रमुख पराक्रमी सेना में से एक है हमारी सेना ने किसी नागरिक ठिकानों पर हमला नहीं किया। हमारी सेना के निशाने पर आतंकी और उनके संरक्षणकर्ता थे उन्हें मिट्टी में मिलाने का काम भारत की वीर सेना ने किया। 1971 के बाद पहली बार हमारी भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। यह नया भारत अब चुप नहीं बैठता अगर हमारे निर्दोष नागरिकों पर हमला होगा तो हम किसी को नहीं छोड़ेंगे। श्री बंसल ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना के जवानों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जब नेतृत्व सशक्त होता है तब बड़े और कड़े फैसले लिए जाते है। देश की सीमाओं की सुरक्षा पर भाजपा की नीति स्पष्ट बताते हुए कहा कि इन मुद्दों पर भाजपा कोई समझौता नहीं करेगी क्योंकि देश की सुरक्षा मेरी प्राथमिकता में सबसे ऊपर है। स्वागत करने वाले में पुरूलिया सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण,चंदनक्यारी के पूर्व विधायक अमर कुमार बाउरी, भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय, पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह जिला महामंत्री संजय त्यागी, कमलेश राय, अविनाश सिंह, बिनय किशोर पन्नालाल कान्दू दिनेश यादव उमेश शर्मा प्रकाश चटर्जी राजेश घोषाल सतीश शर्मा मनीष पांडे जी, बुद्धेश्वर घोषाल इंदुशेखर मिश्रा अजीत बाउरी राधाकांत सिंह नीरज कुमार अमित कुमार ,राहुल बरनवाल, दलजीत सिंह राज, उमेश शर्मा, राम विनय ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार प्रसाद, राजू बाउरी, धर्मेंद्र कुमार, शांतिलाल कान्दू संतोष कुमार, हनन पाण्डेय, प्रबंजन किशोर पाण्डे, विनय कुमार, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना (डी0एम0एफ0टी मद)**
संख्या - EE/RDSD/LATEHAR/5/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पालिमखुर्द में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय पालिमखुर्द लातेहार (झा0) का मरम्मति कार्य। | 2454100 | 50000 | 5000 | 3 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि - 15.05.2025
3.ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय - दिनांक 15.05.2025 से दिनांक 22.05.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई-निविदा खोलने का स्थान - कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5.ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय -24.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6.ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7.ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 06565796434
8.परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार

PR 352223 (Rural Development)25-26*D

## विश्वासघाती फणीन्द्र घोष को मौत के घाट उतारा

कहने के लिए भारत विदेशी आक्रांताओं से पराजित हुआ, किन्तु भारत का इतिहास तो घर के उन विश्वासघातियों ने लिखा जो मुखबिर बने। अंग्रेजों का एक ऐसा ही मुखबिर फणीन्द्र घोष बना, जिसके कारण क्रांतिकारी आंदोलन में बिखराव आया। सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी बैकुण्ठ लाल शुक्ल ने सबकाम छोड़कर विश्वासघाती फणीन्द्र को मौत के घाट उतारा था। ऐसे ओजस्वी क्रांतिकारी बैकुण्ठ लाल शुक्ल का जन्म 15 मई 1907 को बिहार के मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत ग्राम जलालपुर में हुआ था। उनकी प्रारंभिक अपने गांव में ही हुई और मुजफ्फरपुर से मिडिल परीक्षा उत्तीर्ण की। उनका परिवार भी राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए बलिदानियों का रहा है। पितामह 1857 की क्रान्ति में सक्रिय हुए तो चाचा योगेन्द्र शुक्ल बिहार में हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोशिएसन का नेतृत्व कर रहे थे। स्वत्व के लिए ऐसे संघर्षशील परिवार में जन्मे बैकुण्ठ लाल जी का बालवय से ही झुकाव स्वतंत्रता संघर्ष की ओर हुआ। किशोर वय से ही वे क्रांतिकारियों के सहयोगी बन गए थे। समय के साथ विवाह हुआ और परिवार की आवश्यकता के लिए शिक्षक की नौकरी शुरू कर दी। नौकरी के साथ क्रांतिकारी आंदोलन में हिस्सा नहीं ले सकते थे। इसलिए अहिंसक आंदोलन की ओर मुड़ गए। इसके अलावा उन्हें लगता था कि क्रांतिकारी आंदोलन से पहले जन जागरण जरूरी है। इसलिए यह नवविवाहित जोड़ा स्वदेशी आंदोलन से जुड़ गया और 1930 के सविनय अवज्ञा आन्दोलन में भी भाग लिया। गिरफ्तार हुए। यहीं से बैकुंठ शुक्ला की जेल यात्राएं आरम्भ हुई। गांधी-इरविन समझौते के बाद उन्हें अन्य सत्याग्रहियों के साथ रिहा किया गया। रिहाई के बाद 1931 में मुजफ्फरपुर के तिलक मैदान में पत्नी राधिका सहित पहुंचे और झंडा फहरा दिया। किसी प्रकार राधिका देवी तो बच निकलीं पर बैकुण्ठ लाल शुक्ल बंदी बना लिए गए। राधिका देवी ने अपने पति तथा गिरफ्तार अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की रिहाई के लिए सत्याग्रह किया और, अंततः वे भी गिरफ्तार कर लीं गईं। यद्यपि बैकुण्ठ लाल शुक्ल अहिंसक आंदोलन से जुड़ गए थे लेकिन उनका सद्भाव क्रांतिकारी आंदोलन के प्रति बना रहा। इसी बीच क्रांतिकारी आंदोलन सेंट्रल एसेम्बली बम कांड का सनसनीखेज समाचार आया। इसमें में सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को 1931 में फांसी का समाचार भी आया। यह समाचार भी छुप न सका कि इस असेंबली बम कांड में बेतिया निवासी फणीन्द्र नाथ घोष टूट गए और पुलिस के मुखबिर बन गए। अदालत ने उनके बयान महत्वपूर्ण माने। चूंकि फणीन्द्रनाथ हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का सदस्य और क्रांतिकारियों के सहयोगी रहे थे। यह बात सभी को चुभी। फणीन्द्र बिहार के रहने वाले थे। बैकुण्ठ शुक्ल भी बिहार से थे। इसलिए हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्यों ने बैकुण्ठ शुक्ल से संपर्क किया। 1932 के अंत में फणीन्द्रनाथ घोष की हत्या का निर्णय हुआ और यह काम बैकुंठ शुक्ला और चंद्रमा सिंह को सौंपा गया। दोनों उन दिनों बिहार के बेतिया में थे। बैकुण्ठ लाल शुक्ल और चन्द्रमा सिंह साइकिल से बेतिया पहुंचे। घर पहुंचे तो फणीन्द्र बाहर अपने दोस्त गणेश प्रसाद गुप्त से बात कर रहा था। गणेश प्रसाद गुप्त भी पहले हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ा था, लेकिन समय के साथ दूर हो गया था। दोनों क्रांतिकारियों ने बिना कोई विलंब किए दोनों को गोली मारी और साइकिल वहीं छोड़कर भाग निकले। यह 17 नवंबर 1932 का दिन थ। फणीन्द्र नाथ घोष की मौत उसी दिन हुई जबकि गणेश प्रसाद की मौत तीन दिन बाद 20 नवंबर को हुई। इस दोहरे हत्याकांड से पूरी सरकार सकते में आ गई। विशेषकर फणीन्द्र की मौत से वे चौंक गए फणीन्द्र उनका महत्वपूर्ण मुखबिर था, जिसकी सूचनाओं से ही ब्रिटिश सरकार को क्रांतिकारी आंदोलन का दमन करने के रास्ते मिले। अंग्रेज सरकार ने दोनों की गिरफ्तारी पर इनाम की घोषणा की। अंग्रेजों को फिर कोई विश्वासघाती मिला जिसकी सूचना पर चन्द्रमा सिंह की गिरफ्तारी 5 जनवरी 1933 को कानपुर से और बैकुण्ठ लाल शुक्ल की गिरफ्तारी 6 जुलाई 1933 को सोनपुर के गंडक पुल पर हुई।

### सूडोकु नवताल- 7429

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7428 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

# फिर उजागर हुआ कांग्रेस का अपने देश के प्रति अपमान

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



कांग्रेस स्वाधीनता के पूर्व और स्वतंत्रता के बाद अब तक लगातार अपनी एतिहासिक गलतियां दोहरा रही है। आश्चर्य इसमें यह है कि उसके बाद भी वह दावा करने से भी नहीं चूकती कि उसे ही देश की सबसे ज्यादा चिंता है। ताजा प्रकरण पूरी कांग्रेस पर प्रश्न खड़ा करता है। आखिर कांग्रेस अपनी भूलों से कुछ सीखना क्यों नहीं चाहती और भारत की संप्रभुता, अखण्डता एवं भौगोलिकता को लेकर इतनी लापरवाह और असंवेदनशील कैसे हो सकती है? वस्तुतः आज कांग्रेस ने कर्नाटक में जो गलती की, वह वास्तव में माफी योग्य नहीं है।

यहां कांग्रेस सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करती है और उसमें जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बता देती है। इसके लिए जो नक्?शा उसके द्वारा प्रयोग में लाया गया, उसमें साफ तौर पर भारत के पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर क्षेत्र को पाकिस्तान के नक्शे में दिखाया है। जैसा कि इस पोस्टर में लिखा गया और दिख रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कांग्रेस पार्टी आक्रोश व्यक्त कर रही है, किंतु क?या अपनी विरोधी पार्टी एवं देश के प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते इतना भी अंधा और विवेकहीन हुआ जा सकता है कि उसे यह भान ही न रहे कि जिस पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस लेने के लिए भारत की संसद संकल्पबद्ध है, उसे वह नक्शे में पाकिस्तान का बताए।

वस्तुतः सोशल मीडिया में कन्नड़ भाषा में जारी की गई इस पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी और सरकार की आलोचना की गई, यह कहकर कि वह पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से मिलने वाली उधार राशि को रोकने में असफल रहे। हालांकि यह पोस्ट अब एक्स से हटा दी गई है। किंतु तब जब इस पर बहुत हल्ला मच गया और उसके बाद कांग्रेस को लगा कि मामला बड़ा हो गया है। अन्यथा तो कांग्रेस को जो नैरैटिव सही लगता है, वह प्रयास तो उसके माध्यम से यहां हुआ ही है। अब कांग्रेस की ओर से कहा जा रहा है, जैसा कि कर्नाटक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि एक छोटी सी गलती हुई थी। हमने उसे सुधार लिया है, सब कुछ हटा दिया गया है। किसी ने शरारत की थी। लेकिन यहां विचार करने योग्य यह है कि यह गलती हुई कैसे? लोग आपके, व्यवस्था आपकी, सोशल मीडिया खाता कांग्रेस का अपना ही है, फिर यह कैसे हो गया?

दरअसल, इस संदर्भ में यही कहना होगा कि कांग्रेस इस देश को लेकर कभी गंभीर रही ही नहीं है। यदि रहती तो वह बार-बार देश को लेकर इस हद तक लापरवाह कभी नहीं हो सकती थी। जितना कि उसे देखा और परखा गया है। कांग्रेस ने देश के साथ कब-कब कितना गलत किया है, इसके उदाहरण देखेंगे तो आप क्रोधित हुए बगैर नहीं रह सकते। जिस राजनीतिक पार्टी के प्रति भारत के जनमानस ने वर्षों तक अपना भरोसा जताया, उसने भारत की स्वाधीनता के वक्त राष्ट्रीय आन्दोलन से ही गलतियां करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। सबसे पहले तो इस कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के द्विराष्ट्र सिद्धांत को स्वीकार करते हुए इस्लामिक ताकतों से डरकर भारत का बंटवारा करना स्वीकार किया था।

इसके बाद जम्मू-कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाकर उसे अनसुलझा ही छोड़ दिया गया। तब नेपाल के तत्कालीन नेपाली महाराजा ने भारत में अपने विलय की इच्छा जताई तो उस विलय को मंजूरी न देकर भी एक बड़ा अपराध कांग्रेस का रहा। ऐसे ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता का विषय है, जिसमें कि स्वयं को मिलनेवाली सीट ठुकराकर उसे चीन को सौंप दी, जिसका कि आज भी भारत कई मोर्चों पर खामियाजा भुगत रहा है।

यह कांग्रेस ही थी जिसने चीनी-हिन्दी भाई-भाई का नारा दिया था। चीन के भरोसे में धोखा खाकर न सिर्फ तिब्बत जोकि भारत और चीन के बीच एक दीवार था, उसे खोया, उसकी चीन मान्यता को स्वीकृति दी। चीन के हाथों 62 के युद्ध में भारत ने अपने ही हाथों जीता हुआ युद्ध हारा, साथ ही 43,000 वर्ग किलोमीटर जमीन जिसमें अक्साई चिन क्षेत्र भी शामिल है, वह चीन के कब्जे में जाने दिया। इसी तरह से कांग्रेस सरकार के वक्त पाकिस्तान से हुए सिंधु जल समझौता समेत अन्य अनुबंध रहे। 1972 के पाकिस्तान युद्ध में 90 हजार से अधिक उनके युद्धबंदियों के बदले पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस भारत में शामिल कर देने का मुद्दा रहा हो या फिर आपातकाल, देश की सबसे बड़ी दूसरी जनसंख्या का अल्पसंख्यक के नाम पर तुष्टिकरण करते रहने की मानसिकता।

यहां तक कि भारत के आदर्श भगवान श्रीरामचंद्र जी के अस्तित्व को ही कोर्ट में हलफनामा देकर नकार देना रहा हो। यही वो कांग्रेस है जो पूर्व में आतंकवाद पर की गई कार्रवाईयों पर केंद्र की मोदी सरकार से सेना के पराक्रम के सबूत मांग रही थी। इस तरह के अनेक निर्णय कांग्रेस के भारत को कमजोर करने वाले रहे हैं। अनेक मोर्चों पर कांग्रेस के समय भारत को व्यापक स्तर पर नुकसान झेलना पड़ा है। इसके बाद भी ये कांग्रेस है कि कुछ न कुछ इस प्रकार का कदम उठा लेती है, जोकि देश के किसी भी देश भक्त को अपने देश के मान के अनुरूप नहीं लगता है। कर्नाटक में घटा आज का एपीसोड भी ऐसा ही है, जिसमें कश्मीर जैसे अंतरराष्ट्रीय महत्व के विषय पर कांग्रेस की ये बेहद आपत्तिजनक पोस्ट सामने आई है। निस्संदेह ऐसी घटनाओं से पड़ोसी शत्रु देश पाकिस्तान का ही मनोबल बढ़ाने का काम आज कांग्रेस इस तरह के कार्यों के जरिए बढ़ाती हुई नजर आ रही है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# डटे रहो : न दैन्यम न पलायनम!

**गिरीश्वर मिश्र**

मनुष्य का अस्तित्व कोई अकेले के बस की बात नहीं है। अन्य या दूसरे के साथ सह अस्तित्व जीवन जीने के लिए अनिवार्य है। हिंसा और संघर्ष जीवन के विरुद्ध होता है। सहयोग, सहकार अब तक के ज्ञात राजनैतिक इतिहास को देखने पर भारत सतत रूप से एक शांति का आकांक्षी देश ही सिद्ध होता है। वह दूसरे देशों पर आधिपत्य स्थापित करने या अपना कब्जा जमाने की जगह शांति चाहता रहा है। अन्य देशों के साथ परस्पर सहयोग और समर्थन पाने की उसकी बलवती चाह रही है। इसी नीति के अनुसार आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में एक-दूसरे के साथ परस्पर जुड़ने के प्रयास को सदैव प्राथमिकता दी गई। कलह और संघर्ष में भारत की न रुचि रही है न कभी उसका भरोसा किया गया। अपने पड़ोसी देशों की ओर से भी भारत इसी भाव से प्रतिदान की कामना करता रहा है। इस तरह की नीति और आचरण के परिप्रेक्ष्य में हमारी विदेश नीति निर्धारित की जाती रही है। इसी अपेक्षा के साथ स्वतंत्र भारत शुरू से राजनय में अपने कदम बढ़ाता रहा है। किंतु दूसरों को अपनी ही तरह समझना खामखयाली ही साबित हुई और इतिहास गवाह है कि राजनयिक परिवेश में इस तरह की नीति के चलते भारत को कई बार नुकसान भी उठाना पड़ा।

स्मरणीय है कि स्वतंत्र भारत के एक दशक बीतते-बीतते पड़ोसी चीन ने भाई-भाई के दिखावटी रिश्तों की आड़ में विश्वास को तोड़ कर धोखा दिया। यह भी सबको पता है कि तब भारत उस तरह की चुनौती के लिए बिलकुल तैयार नहीं था। तब से आज तक चीन के साथ सीमा के प्रश्न कई उतार-चढ़ावों के बीच से गुजरते आ रहे हैं। दूसरी ओर स्वयं चीन अपनी प्रगति से सबको चकित करते हुए विश्व पटल पर अमेरिका जैसी बड़ी हस्तियों से जोरदार टक्कर ले रहा है। उसकी उपस्थिति हर क्षेत्र में दर्ज हो रही है। शैक्षिक, राजनैतिक, तकनीकी, कृषि तथा सामरिक सभी क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित करते हुए चीन की उपलब्धियां निश्चय ही अचंभित करने वाली हैं। सचमुच किसी भी देश की शक्ति और सामर्थ्य का कोई विकल्प नहीं होता है।

पाकिस्तान हमारा दूसरा पड़ोसी देश है जो खार खाये बैठा है और स्वतंत्र होने के साथ और बाद में ही लगातार आक्रामक रुख अपनाए हुए है। आतंकवाद, अलगाववाद तथा उग्रवाद को बढ़ावा देना और गतिरोध पैदा करना पाकिस्तान का मुख्य कार्य हो गया है। यह दुर्भाग्य ही था कि विभाजन की घोर मानवीय त्रासदी के बीच भारत के साथ ही उसका जन्म हुआ और तब से लेकर आज तक कलह और वैमनस्य की आंतरिक परिस्थितियों से वह लगातार जूझता आ रहा है। ऐसी स्थितियों का परिणाम राजनैतिक अस्थिरता, आपसी वैमनस्य और हिंसा के रूप में दिखता रहा है। वहां के प्रधानमंत्री और राष्ट्राध्यक्ष लगातार हत्या या फांसी के शिकार होते आए हैं। सेना का तख्तापलट भी वहां कई बार हुआ है। संघर्ष की बुनियाद पर टिका पाकिस्तान अपने जन्म के साथ ही भारत के साथ पट्टीदारी जैसी मानसिकता के साथ अविश्वास और द्रोह की भावना रखता आया है। चार युद्धों के अलावा शायद ही कोई ऐसा दिन बीतता होगा जब भारत की सीमा पर पाकिस्तान की ओर से शत्रुता भरी कोई छोटी-बड़ी घटना न होती रही हो। इसके बावजूद एक अच्छे पड़ोसी मान कर पाकिस्तान के साथ भारत संवाद और सहयोग के लिए सदा तत्पर रहा है। दूसरी ओर पाकिस्तान की तरफ से नकारात्मक रवैया अपनाया जाता रहा है। साथ ही वह भारत के बारे में दुष्प्रचार के साथ छद्म युद्ध भी चलाता रहा है।

ध्यातव्य है कि पाकिस्तान के अनेक प्रांत अपनी समस्याओं के चलते अलगाववादी राह अपनाते रहे हैं। आजकल बलूच समुदाय की स्वतंत्रता की मांग जगजाहिर है। सच कहें तो आंतरिक अस्थिरता और आपसी मनमुटाव जैसे मुद्दों से वहां की सरकार लगातार जूझ रही है। ऐसे माहौल में सेना का राजनीतिक वर्चस्व बढ़ता रहता है और प्रधानमंत्री सिर्फ कुसीदार हो कर रह जाता है। सेना के महत्वाकांक्षी जनरल मौका देख राजनेता को आसानी से बेदखल कर तख्तनशीं बन कर राज करने लगता है। इस सिलसिले में आतंक और आतंकवादी तत्व भी सक्रिय होते रहे हैं जो पाकिस्तान के अंदर और बाहर ऊधम मचाने का काम करते हैं। इनके अलग-अलग स्रोत हैं। परंतु इन सब के ऊपर सरकार का आतंक को जायज मान कर अपनाना खतरनाक पहल है। सरकारी आतंक का प्रायोजित होना किसी भी सभ्य सरकार के लिए शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है।

सरकारपोषित आतंक की ताजी घटना पिछले महीने कश्मीर के पहलगाम नामक रमणीक स्थान पर हुई। यहां आतंकियों ने पर्यटन पर आए दो दर्जन से अधिक निहत्थे नागरिकों की गोली मार कर जघन्य हत्या कर दी। इस बर्बर घटना ने सभ्य समाज की आचरण की सारी हदों को पार कर दिया। इस दुर्घटना ने सभी भारतीयों को चोट पहुंचाई और यह सोचने पर मजबूर किया कि इस असह्य आतंक का प्रतिकार आवश्यक है। भारत ने संयम से काम लिया और सरकार ने गंभीर विचार-विमर्श के बाद आतंक के उन्मूलन के लिए जरूरी सैन्य कारवाई का निश्चय किया। आपरेशन सिंदूर चलाया गया और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। इस कारवाई में इस बात को सुनिश्चित करने की पूरी चेष्टा की गई कि आम पाकिस्तान के नागरिकों को कोई आघात न पहुंचे। पाकिस्तान को यह आतंकविरोधी प्रयास नागवार गुजरा और उसने आक्रामक रुख अपनाया। फाइटर जेट, ड्रोन और मिसाइल की सहायता से पाक सेना ने आक्रमण किया जिसको भारत के मुस्तैद सैन्य बलों ने पूरी तरह से विफल कर दिया पाकिस्तान की सेना को कई जेट और सुरक्षा प्रणाली से हाथ धोना पड़ा। सभी मतभेदों से ऊपर उठ कर पूरे भारत ने भारत की सेना की कारवाई का हृदय से स्वागत किया। आपरेशन सिंदूर सरकार और सेना के बेहतरीन सहयोग, तालमेल और समझदारी का बेजोड़ नमूना साबित हुआ।

पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की मीडिया पर आतंक में सरकार के शामिल होने की खुले आम स्वीकारोक्ति सुन कर लोग दंग रह गए। भारत की सीमा पर आतंकवादी घटनाएं लगातार होती रही हैं और सीमा पार के इलाकों में आतंकवादी संगठनों को धन, प्रशिक्षण और साजो-सामान से लैस कर तरह-तरह से सरकती प्रश्रय दिया जाता रहा है। सरकार, सेना और आतंकी तीनों का मेल क्या कुछ कर सकता है यह पाकिस्तान के द्वारा किए जाने वाले कई हस्तक्षेप की घटनाओं से प्रमाणित है। मुंबई, पुलवामा और अब पहलगाम की घटनाओं से पाकिस्तान की सरकारी दहशतगर्दी की पुष्टि करते हैं जो अक्षम्य है। भारत सदैव आतंकवाद का विरोध करता रहा है और उसे रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। यह आततायी से आत्मरक्षा का प्रश्न बन चुका है। भारत ने पाकिस्तान को नियंत्रित करने के लिए आर्थिक और राजनैतिक प्रतिबंध लागू करने कई कदम उठाए।

आतंकवाद को समाप्त करने की दृष्टि से उनके लिए स्थापित प्रशिक्षण केंद्रों को ठिकाने लगाने के लिए भारत ने आपरेशन सिंदूर चलाया, जिसके तहत सेना की गई सटीक और केंद्रित कारवाई में पाकिस्तान के आतंकवाद के अनेक केंद्रों को नष्ट किया और अनेक आतंकी हताहत हुए। मीडिया की खबरों से यह भी पता चला कि इन आतंकियों के जनाजों में सरकार और सेना के कई उच्चाधिकारी भी शामिल हुए और आतंकियों को राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ आनर भी दिया गया। आतंक के प्रति खास आकर्षण के बावजूद पाकिस्तान के राजनेताओं को लगा कि युद्ध से कोई लाभ नहीं होगा और वे संघर्ष-विराम के लिए राजी हो गए। कुछ घंटों बाद सीमा के कई क्षेत्रों से संघर्ष विराम के उल्लंघन की खबरें भी आई। उसके बाद फिलहाल शांति दिख रही है।

पाकिस्तान सरकार और सेना के रुख को देखते हुए यह तनाव क्या रूप लेगा कहना कठिन है। भारत का राष्ट्रीय नेतृत्व सतर्क और तत्पर ढंग से सामरिक तैयारी की ओर ध्यान देता रहा है और आतंक के प्रतिरोध के लिए यत्न करने के साथ अंतरराष्ट्रीय राजनय को साथ ले चलने की कोशिश भी करता रहा है। इन प्रयासों के परिणाम भी हमारे सामने हैं। आज देश एकजुट होकर आतंकवादी कोशिशों को समाप्त करने के लिए दृढ़ है। इस अवसर पर पीछे हटना दुर्बलता होगी। इसलिए हमारा सूत्र होना चाहिए न दैन्यम न पलायनम!

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# भारत में उत्पन्न समस्त मत-पंथ विश्व में शांति चाहते हैं

**प्रहलाद सबनानी**

भारत में सनातन हिंदू धर्म तो अनादि एवं अनंत काल से चला आ रहा है परंतु बाद के खंडकाल में भारत में कई अन्य प्रकार के मत पंथ भी विकसित हुए हैं जैसे बौद्ध धर्म, जैन धर्म, सिख धर्म आदि। भारत में विकसित विभिन्न मत पंथ मूलतः सनातन हिंदू संस्कृति का ही अनुपालन करते हुए दिखाई देते हैं और ऐसा कहा जाता है कि यह समस्त मत पंथ सनातन हिंदू धर्म की विभिन्न धाराएं ही हैं। भारत में विकसित मत पंथ सामान्यतः अपने दर्शन, कर्मकांड एवं सामाजिक ताने बाने के दायरे में अपने धर्म का अनुपालन करते हैं। भारत में हिंदू धर्म के सिद्धांतों पर चलने वाले नागरिकों की संख्या सबसे अधिक है एवं यह भारत का सबसे बड़ा धर्म है, जिसमें विभिन्न देवी देवताओं और पूजा प्रथाओं की एक विस्तृत प्रणाली शामिल है। भारत में विकसित हुए मत पंथों में बौद्ध धर्म की उत्पत्ति भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के आधार पर हुई है। यह शिक्षाएं मानव जीवन से दुःख और उसके कारणों को दूर करने के सम्बंध में हैं। बौद्ध धर्म में ध्यान, प्रेम एवं करुणा पर जोर दिया जाता है। बौद्ध धर्म में कर्मकांड के महत्व को भी रेखांकित किया गया है परंतु इसका उद्देश्य ईश्वर की आराधना नहीं बल्कि मोक्ष की प्राप्ति करने से है। भारत में ही विकसित दूसरे महत्वपूर्ण मत पंथ, जैन धर्म में अहिंसा, आत्म संयम, सत्य एवं ईमानदारी पर अधिक जोर दिया जाता है। जैन धर्म में ऐसा माना जाता है कि मोक्ष की प्राप्ति स्वयं के प्रयासों से ही सम्भव है। भारत में ही विकसित तीसरा महत्वपूर्ण मत पंथ है सिख धर्म जिसकी स्थापना श्री गुरु नानक देव जी ने की थी। सिख धर्म ईश्वर में विश्वास, सेवा, समानता एवं सत्यनिष्ठा पर आधारित है। सिख धर्म में ईश्वर की उपासना की जाती है परंतु यह उपासना कर्मकांड से परे हैं।

भारत की सनातन हिंदू संस्कृति को पूरे विश्व में अति प्राचीन संस्कृति के रूप में देखा जाता है। मूल रूप से भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में आध्यात्म का विशेष महत्व है जिसके अंतर्गत 'वसुधैव कुटुंबकम', 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय', 'विश्व का कल्याण हो', 'किसी भी जीव का अहित न हो' जैसे भावों पर अमल करने का प्रयास किया जाता है। यहां पर केवल मनुष्य के साथ साथ जीव जंतुओं, नदियों, पहाड़ों, पेड़ पौधों एवं जंगलों, आदि में भी ईश्वर का वास माना जाता है इसलिए किसी भी जीव को कोई क्षति न हो इस भावना को न केवल को आगे बढ़ाया जाता है बल्कि इस सिद्धांत पर अमल भी किया जाता है। इसीलिए भारत मूलतः शांतिप्रिय देश माना जाता है तथा भारत में हिंसा के लिए तो कोई जगह ही नहीं है। भारत के धर्मग्रंथों में भी जाने अनजाने में भी की गई जीव हत्या को पाप की संज्ञा दी गई है। सनातन हिंदू संस्कृति के ग्रंथों, उपनिषदों, आदि द्वारा काम, कर्म एवं अर्थ को धर्म के साथ जोड़कर ही सम्पन्न करने के उपदेश दिए जाते हैं।


उदाहरण के लिए, महाभारत में वेद व्यास जी ने धर्म के आठ तरीके बताए हैं - (i) यज्ञ - जिसका आशय है कि ऐसा कर्म जो समाज के लाभ के लिए किया जाता है। (ii) दान - समाज की सहायता करना। (iii) तप - अर्थात स्वयं में सुधार करते रहना, स्वयं का मूल्यांकन करना तथा नकारात्मक गुणों को दूर कर सकारात्मक गुणों का विस्तार करना। (iv) सत्य - सत्य के मार्ग पर चलना। (v) क्षमा -दूसरों तथा स्वयं को गलतियों के लिए क्षमा करना। (vi) दंभ - इंद्रियों को वश में रखना। (vii) आलोभ - लालच नहीं करना एवं लालच में न आना। (viii) अध्ययन - स्वयं और दुनिया का अध्ययन करना। सनातन हिंदू धर्म एवं भारत में उत्पन्न मत पंथों के अनुयायी सामान्यतः धर्म के उक्त वर्णित आठ तरीकों पर चलने का प्रयास करते पाए जाते हैं। धर्म की इस राह पर चलकर उन्हें समाज में शांति पूर्वक रहने की प्रेरणा मिलती है एवं अंततः उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है।

इसके साथ ही, विश्व के अन्य देशों में विकसित मत पंथों का अनुसरण करने वाले नागरिक भी भारत में पर्याप्त मात्रा में निवास करते हैं जैसे यहूदी, ईसाई एवं इस्लाम के अनुयायी, आदि। विश्व के अन्य भागों में विकसित उक्त वर्णित मत पंथों को सेमेटिक रिलिजन की श्रेणी में रखा जाता है क्योंकि इनकी साझा उत्पत्ति एवं कुछ सामान्य अवधारणाएं होती हैं, जैसे एक ही ईश्वर में विश्वास, नैतिकता एवं कर्मकांड। यहूदी धर्म एक धर्मग्रंथ (ताल्मुद) पर आधारित है। इस धर्मग्रंथ में यहूदी लोगों की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया है। यहूदी धर्म सेमेटिक धर्म की श्रेणी में आता है क्योंकि इसमें एक ईश्वर (येहव) में विश्वास, अनुष्ठान एवं नैतिक नियमों का पालन किया जाता है। ईसाई धर्म ईसा मसीह की शिक्षाओं पर आधारित है, जो एक ईश्वर में विश्वास एवं ईसा मसीह के द्वारा उद्धार करने एवं उनके द्वारा ही मोक्ष करने पर जोर देता है। इसी प्रकार इस्लाम भी पैगंबर मुहम्मद साहब की शिक्षाओं पर आधारित है, जो कि एक ईश्वर (अल्लाह) में विश्वास एवं कुरान का पालन करने पर जोर देता है।

भारत में उत्पन्न विभिन्न धर्मों एवं मत पंथों में ईश्वर की अवधारणा विविध है, परंतु सेमेटिक धर्मों में केवल एक ईश्वर में ही विश्वास किया जाता है। भारतीय मत पंथों में कर्मकांड का महत्व कम है, जबकि सेमेटिक धर्मों में कर्मकांड की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। भारतीय मत पंथों में मोक्ष की प्राप्ति के विभिन्न मार्ग उपलब्ध हैं जिन पर चलकर मोक्ष की प्राप्ति की जा सकती है परंतु सेमेटिक धर्मों में मोक्ष की प्राप्ति केवल ईश्वर की कृपा से ही सम्भव है। भारतीय मत पंथों में विविध सामाजिक संरचना रहती है जबकि सेमेटिक धर्मों में एक समान सामाजिक संरचना रहती है एवं इसमें विविधता का अभाव है। भारत में उत्पन्न धर्मों एवं मत पंथों में तथा सेमेटिक धर्मों में सामाजिक संरचना एवं दर्शन भी अलग अलग है।

## दैनिक पंचांग

**14 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.26 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 07.24 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.37 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.54 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.05 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.16 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.31 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.47 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.52 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | कुंभ | 00.38 बजे से |
| | | मीन | 02.11 बजे से |
| | | मेष | 03.42 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 134 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 02.30 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 11.47 बजे को समाप्त। **योग** परिघ 06.34 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 13.35 बजे तदनन्तर गर 02.30 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 38' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872344 **जूलियन दिन** 2460809.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 15

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

**एक नजर**

## तेजधार हथियार से दमाद ने की सास की हत्या

**साहिबगंज/पतना :** रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत घटियारी जोजोटोला निवासी कपरा मरांडी 60 वर्षीय को तेजधार हथियार से सिर पर वार कर सोमवार-मंगलवार की रात करीब 2:00 बजे निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक के बेटा हेमलाल बसेरा ने अपने छोटी बहन के दमाद पर हत्या का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार तीनपहाड़ थाना के सांवलापुर निवासी मृतक के दमाद मेधराय मरांडी 35 वर्षीय, पिता सपल मरांडी 11:00 बजे रात घटियारी गांव पहुंचा था, घटियारी गांव के कुछ लोग स्टेशन से घर आने के क्रम में मृतक के दमाद भी उसी टेंपू में सवार होकर जोजोटोला के पास उतरकर ससुराल चला गया। इधर सुबह होते ही घटना की सूचना आग की तरह फैल गया। घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही एएसआई अशोक सिंह, एएसआई गिरिजल सोरेन, दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया। मामले को लेकर थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव ने बताया कि हत्या मामले पर मृतक के परिजनों के बयान पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मृतक के दमाद ने पहले सांवलापुर अपने घर में पत्नी से झगड़ा किया और पत्नी को भी सर पर मारकर घायल कर दिया है।

## मोटरसाइकिल सवार युवक को ट्रक ने मारा धक्का, अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज :** शहर के कलुआ पुल के पास मंगलवार की सुबह करीब 6:00 बजे ट्रक व मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल युवक सकरीगली रामपुर के रामजीवन सिंह का पुत्र सचिन चौधरी 20 वर्षीय है। घायल युवक ने बताया कि वे बिहार के पीरपैंती के बाराहाट अपना ससुराल मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी दौरान कलुआ पुल के पास सामने से आते ट्रक से धक्का लग गया है। इसमें मोटरसाइकिल सवार युवक के सर, दोनों पैर व हाथ में गंभीर चोट लगी है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**साहिबगंज :** जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती को अवगत कराया। उपायुक्त ने लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित रहे। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

# पंकज की प्रेमिका के चक्कर में गई संजीव कुमार गुप्ता की जान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** सदर अनुमंडल कार्यालय में मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 04 मई 2025 को नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज रोड चैती दुर्गा के पास जी. एस. इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक संजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू, पिता स्व० गौरी शंकर साह को उनके दुकान में घुसकर दो अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मार दी गयी थी, जिसमें ईलाज के क्रम में उनकी मृत्यु हो गयी। इस संबंध में नगर थाना कांड सं-74/25 दिनांक 05 मई 2025, धारा-103 (1) बी.एन.एस. एवं 27 आर्म्स एक्ट अंकित किया गया था। घटना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह साहेबगंज के द्वारा घटना के उद्वेदन एवं अपराधकर्मी की गिरफ्तारी के लिए एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। पुलिस अधीक्षक साहेबगंज के द्वारा गठित टीम के द्वारा पूर्व में ही इस घटना में शामिल 5 अभियुक्तों, मनीष कुमार मंडल, कुश कुमार मंडल, विनोद कुमार तांती, छगुरी रजक उर्फ चुटरा एवं गोविन्द कुमार मंडल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त देशी पिस्टल, देशी कट्टा, जिंदा गोली, फायर किया हुआ खोखा एवं घटना के समय अभियुक्तों के द्वारा पहने हुए कपड़ा बरामद किया गया था। पुलिस अधीक्षक के द्वारा गठित एसआईटी टीम के द्वारा लागातार छापामारी करते हुए इस कांड के मुख्य अभियुक्त पंकज कुमार मंडल उम्र 42 वर्षीय, पिता नवल किशोर मंडल, साकिन कॉलेज रोड चैती दुर्गा के निवासी को गिरफ्तार कर लिया गया है और साथ में सैमसंग कंपनी का एक मोबाइल भी जप्त किया गया। अभियुक्त पंकज कुमार मंडल के द्वारा ही एक लाख रूपया में मृतक संजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू को मारने की सुपारी दी गयी थी। अभियुक्त पंकज कुमार मंडल के द्वारा ही शुटरो को हथियार उपलब्ध कराया गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चैती दुर्गा पास के ही रहने वाली एक महिला से अभियुक्त पंकज कुमार मंडल का प्रेम प्रसंग, 2 साल से उसके साथ चल रहा था, कुछ दिनों से अभियुक्त पंकज कुमार मंडल के साथ महिला का रिश्ता खराब हो गया था, अभियुक्त ने उस महिला के ऊपर 7 लाख रुपए खर्च किया था, जब अभियुक्त के पास पैसा खत्म हो गया तो वह महिला उससे दरकिनार कर लिया और उसे छोड़ दिया। अभियुक्त पंकज कुमार मंडल को शक हुआ कि महिला किसी अन्य पुरुष के संपर्क में आ गई है इसी शक के आधार पर मृतक संजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू मौत का कारण बना। पुलिस ने अभियुक्त पंकज कुमार मंडल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापामारी दल में पुनि अमित कुमार गुप्ता सह थाना प्रभारी नगर थाना, साहेबगंज, पुअनि अनिश कुमार पाण्डेय नगर थाना साहेबगंज, पुअनि प्रदीप कुमार महतो नगर थाना साहेबगंज, और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए बैंक सखी मंडल को किया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** जेएसएलपीएस सभागार में मंगलवार को प्रखंड के सभी बैंकों में कार्यरत बैंक सखी एवं एफएल सीआरपी की समीक्षा तथा आगे की कार्य योजना हेतु बैठक जिला कार्यक्रम प्रबंधक मतीन तारिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान इस महीने के किये गए कार्यों की बिंदुवार समीक्षा, सखी मंडल का बचत खाता खोलने, बैंक लिंकेज का दस्तावेज तैयार करवाने, नया बैंक ऋण मंजूरी, ऋण वापसी, ऋण निकासी, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, बीमा क्लेम सेटलमेंट, सखी मंडल के सदस्यों को मुद्रा ऋण दिलवाने, वित्तिय साक्षरता कार्यक्रम तथा बैंक से संबंधित कार्य आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में वित्तिय वर्ष 24-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बैंक सखी और एफएल सीआरपी को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम बैंक लिंकेज और सखी मंडल का बचत खाता खुलवाने के लिए जेआरजीबी श्रीकुंड की बैंक सखी निसात जहाँ को, मुद्रा ऋण सैंक्शन करवाने के लिए जेआरजीबी कोटालपोखर बैंक की बैंक सखी सुचित्रा सरकार, बीमा क्लेम सेटलेमेंट करवाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक बरहरवा की बैंक सखी श्रीति दे तथा एफएलसीआरपी ललिता देवी एवं पिंकी देवी को भी सम्मानित किया गया।

## प्रोजेक्ट संपूर्णा के तहत +2 हाई स्कूल अमड़ापाड़ा में समर कैंप का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** जिले में प्रोजेक्ट संपूर्णा झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित एक सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षण पद्धति आधारित कार्यक्रम है। जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित विद्यालयों में कहानी कहने और माइंडफुलनेस जैसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्म-जागरूकता, आत्मविश्वास, आत्मसम्मान, निर्णय लेने की क्षमता, टीम वर्क, समस्या समाधान, विकास की मानसिकता और समानुभूति जैसे नौ महत्वपूर्ण जीवन कौशलों का विकास लक्षित है। वर्तमान में, चयनित विद्यालयों में शिक्षक 'हर्ष जोहार' शिक्षक पुस्तिका एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से इन कौशलों के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। इसी कड़ी में आज +2 हाई स्कूल अमड़ापाड़ा में समर कैम्प के तहत स्लो साईकल रेस का सफल आजोयन किया गया। जहां बालिका वर्ग में नैंसी भगत और बालक वर्ग में राहुल मंडल ने बाजी मारी। मौके पर प्रभारी प्राचार्य चंदन कुमार ने कहा कि समर कैंप में उपरोक्त गतिविधियों को शामिल करके विद्यार्थियों की भावनात्मक समझ और शारीरिक जागरूकता कौशल को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है। आज के कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के सभी कर्मियों ने अहम योगदान निभाया।

## बाल आधार कार्ड बनाने हेतु जिले के सात आंगनबाड़ी केंद्रों में कैंप का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड के चार पंचायत एवं हिरणपुर प्रखंड के तीन पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्रों में शून्य से पांच साल तक के बच्चों के लिए बाल आधार कार्ड बनवाने को लेकर बाल आधार कैंप का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के द्वारा अब प्रखंड स्तर पर भी बच्चों के आधार बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से बच्चों के आधार बनाने का काम निःशुल्क किया जा रहा है। बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति का लाभ एवं अन्य योजना लेने में कठिनाई होती हैं। इसको लेकर अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत पचुआड़ा पंचायत के पचुआड़ा टोला आंगनबाड़ी केंद्र, अमड़ापाड़ा संथाली पंचायत के अमड़ापाड़ा बाजार आंगनबाड़ी केंद्र, अमड़ापाड़ा हरिजन टोला 1 आंगनबाड़ी केंद्र, हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत डांगापाड़ा पंचायत के डांगापाड़ा 1 आंगनबाड़ी केंद्र, बागशीशा पंचायत के बागशीशा 1 आंगनबाड़ी केंद्र, धोवाडांगा पंचायत के धोवाडांगा 1 आंगनबाड़ी केंद्रों के सभी बच्चों को बाल आधार कार्ड बनवाने को लेकर बाल आधार कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को आधार कार्ड बनाने का था।शिविर में जिले के विभिन्न प्रखंड कार्यालय में कार्यरत आधार ऑपरेटर ने मौके पर बच्चों का नया आधार बनाया। वहीं शिविर में मौजूद कर्मचारियों ने लोगों को आधार कार्ड से जुड़ी सभी जानकारी दी और उनकी समस्याओं का समाधान किया।

## बीडीओ-सह-अंचल अधिकारी ने विभिन्न विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** राजमहल प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी मो. यूसुफ ने मंगलवार को राजमहल प्रखंड के पंचायत दरला,पड़रिया और बाबूपुर का दौरा कर ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत लंबित आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लाभुकों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य पूर्ण करें। साथ ही पंचायत सचिव राकेश कुमार को निर्देशित किया गया कि दो दिनों के भीतर सभी पात्र लाभुकों को कार्य की प्रगति के अनुसार अगली किस्त का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीडीओ ने इस वर्ष चयनित लाभुकों को गड्ढा खुदाई के पश्चात घेराबंदी शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने रोजगार सेवक को निर्देशित किया कि आवास योजना के अंतर्गत कार्य कर रहे लाभुकों को मनरेगा मद से मिलने वाली मजदूरी का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान बीपीओ गगन बापू, आवास कोऑर्डिनेटर रविकांत रवि, पंचायत सचिव सिराजुल हक, राकेश कुमार, राहुल कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# सांसद जोबा मांझी ने खोला जनसंपर्क कार्यालय, जनता से करेंगी संवाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**पश्चिम सिंहभूम :** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) की सांसद जोबा मांझी ने क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से चाईबासा में सांसद जनसम्पर्क कार्यालय की शुरूआत की। जिला परिषद डाक बंगला परिसर में मंगलवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में सांसद ने जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन एवं झामुमो जिलाध्यक्ष सोनाराम देवगम की उपस्थिति में फीता काटकर कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया।

सांसद ने बताया कि यह कार्यालय जनता से जुड़ाव का माध्यम बनेगा। महीने में दो बार, विशेष रूप से मंगलवार के दिन, यहां जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आमजन सीधे सांसद से मिलकर अपनी समस्याएं साझा कर सकेंगे। सांसद ने कहा कि सिंहभूम एक विस्तृत संसदीय क्षेत्र है, और ऐसे में हर व्यक्ति को सांसद तक अपनी बात पहुंचाना सरल हो, इस उद्देश्य से यह कार्यालय खोला गया है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शीघ्र ही सरायकेला में भी इसी प्रकार का सांसद कार्यालय खोला जाएगा ताकि क्षेत्र के अन्य हिस्सों के नागरिकों को भी यह सुविधा उपलब्ध हो सके।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। जनजागृति और पारदर्शिता ही लोकतंत्र की आत्मा है।

झामुमो जिलाध्यक्ष सोनाराम देवगम ने जनता से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को लेकर निसंकोच कार्यालय पहुंचें, उन्हें पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन ने सांसद कार्यालय के खुलने को चाईबासा, मझगांव और जगन्नाथपुर के लोगों के लिए बड़ी सुविधा बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## प्रधानमंत्री आवास का पैसा लेकर आवास निर्माण नहीं कर रहे, दो को किया गिरफ्तार



**साहिबगंज/तीनपहाड़ :** राजमहल प्रखंड बीडियो ने प्रधानमंत्री आवास का पैसा लेकर आवास नहीं बनाने के आरोप में दो लोगों को पड़कर थाना को सुपुर्द किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजमहल प्रखंड के दरला पंचायत के सरायपुरा के मोहनलाल तिग्गा और दसवा तुरी को प्रथम किस्त लेने के बाद लगभग 2 साल बीत जाने के बाद भी आवास निर्माण नहीं करने पर पकड़ कर तीनपहाड़ थाना को सुपुर्द कर दिया है। वही इस बारे में राजमहल बीडियो मो. यूसुफ ने बताया कि यह लोग 2 साल से प्रथम किस्त का रुपए लेकर आवास निर्माण नहीं कर रहे थे, इनको कई बार नोटिस भी किया गया था। वैसे लाभुक जो रुपए लेकर आवास निर्माण नहीं कर रहे हैं, उनपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## महिला के घर पर हमला, लूटपाट और जान से मारने की धमकी, पुलिस में शिकायत दर्ज



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के लोहंडा में रहने वाला एक परिवार अपने ही गोतिया से करीब सात साल से परेशान हैं। अपने जमीन का सभी कागजात रहते हुए भी गोतिया के लोग इनके साथ मारपीट करते हैं। महिला के साथ मारपीट करने के अलावा हत्या करने की धमकी देता है, तो कभी घर में घुसकर सामान तोड़ने, रूपए छीन ली जाती है। इन जुल्मों से परेशान पीड़ित परिवार अपने पूरे परिवार के साथ आत्मदाह करने का भी मन में विचार कर रहा है। लोहंडा के रहने वाली गुंजा देवी ने बताया कि बीते 10 मई को उनके ससुर द्वारा दिए गए 10 कट्ठा जमीन के अंतिम छोर पर एक मंदिर का निर्माण कर रही थी। क्योंकि वह मां विषरी की भक्तिनी हैं। इसी क्रम में चानन से आकर उनके पति के भाई दिलीप मंडल, छेदी मंडल, सुभाष मंडल, फुरकुन देवी, सकिता देवी 5-6 अपराधी किस्म के अज्ञात व्यक्तियों के साथ आए और उनके साथ मारपीट की। इससे वह घायल हो गई हैं। घर में रखा डेढ़ लाख रुपए भी ले लिया है। इससे पूर्व भी इन लोगों ने घर में घुसकर 45 हजार रुपए छीन लिया था। मारपीट करने के दौरान स्थानीय लोगों ने उनको बचाया। पीड़िता महिला का कहना है कि उनके ससुर बेचन मंडल ने वर्ष 2011 में लोहंडा मौजा में करीब 10 कट्ठा जमीन उन्हें दान में दी थी। क्योंकि जब उनके ससुर बीमार पड़े थे, तो उन्होंने उनकी काफी सेवा की थी। उनके ससुर ने उनके नाम पर प्रधानी लगान रसीद भी कटवाया था और अब भी रसीद कट रहा है। कई बार इस मामले में केस हुआ। केस में उन लोगों ने समझौता भी किया। लेकिन बाद में फिर से डरा धमकाकर उनकी जमीन को हड़पना चाहते हैं। उनके पति मानसिक रूप से बीमार रहते हैं। इस वजह से उनका गोतिया उनकी जमीन को हड़पना चाहते हैं। वहीं कई बार मामले को लेकर वे लोग थाना गए, लेकिन जमीन विवाद को कह कर थाना ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। ऐसे में उनका पूरा परिवार डर के माहौल में जी रहा है। इधर, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष के आवेदन पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस विधि सम्मत कार्रवाई कर रही है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए बैंक सखी मंडल को किया सम्मानित

**बरहरवा :** जेएसएलपीएस सभागार में मंगलवार को प्रखंड के सभी बैंकों में कार्यरत बैंक सखी एवं एफएल सीआरपी की समीक्षा तथा आगे की कार्य योजना हेतु बैठक जिला कार्यक्रम प्रबंधक मतीन तारिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान इस महीने के किये गए कार्यों की बिंदुवार समीक्षा, सखी मंडल का बचत खाता खोलने, बैंक लिंकेज का दस्तावेज तैयार करवाने, नया बैंक ऋण मंजूरी, ऋण वापसी, ऋण निकासी, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, बीमा क्लेम सेटलमेंट, सखी मंडल के सदस्यों को मुद्रा ऋण दिलवाने, वित्तिय साक्षरता कार्यक्रम तथा बैंक से संबंधित कार्य आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में वित्तिय वर्ष 24-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बैंक सखी और एफएल सीआरपी को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम बैंक लिंकेज और सखी मंडल का बचत खाता खुलवाने के लिए जेआरजीबी श्रीकुंड की बैंक सखी निसात जहां को, मुद्रा ऋण सैंक्शन करवाने के लिए जेआरजीबी कोटालपोखर बैंक की बैंक सखी सुचित्रा सरकार, बीमा क्लेम सेटलेमेंट करवाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक बरहरवा की बैंक सखी श्रीति दे तथा एफएलसीआरपी ललिता देवी एवं पिंकी देवी को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला प्रबंधक एफआई एचएन मिश्रा, जिला वित्त प्रबंधक राजेश रॉय, बीपीएम फैज आलम तथा सभी बैंकों में कार्यरत बैंक सखी तथा एफएल सीआरपी कैडरों ने भाग लिया।

## स्कूल कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**साहिबगंज/तालझारी :** प्रखंड संसाधन केंद्र के तत्वावधान में मंगलवार को सेन्ट जोन मध्य विद्यालय में प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच प्रखंड स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता का उदघाटन बीपीओ अटल बिहारी भगत ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता में अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के विद्यार्थियों के बीच एकल और युगल श्रेणी में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक एकल में मो दिलशाद आलम यू एच एस करणपुरा एवं युगल में माईकल ?किस्कु व सोनू हांसदा यू एच एस कन्या विद्यालय तालझारी विजेता बना। वहीं अंडर 19 बालिका वर्ग एकल में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बीजोली पहाडिन एवं युगल में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की संनेलता हेम्ब्रम, मंजु हांसदा एवं अंडर 17 वर्ग एकल में नेहा मरांडी यू एच एस पोखरिया एवं रानी कुमारी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता हुई। बीपीओ अटल बिहारी भगत ने बताया की प्रखंड स्तरीय इस प्रतियोगिता में विजेता हुए बालक बालिका जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। विजयी प्रतिभागियों को सीआरपी मनोज कुमार और बीपीओ अटल बिहारी भगत ने मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। मौके पर सीआरपी सहित संबंधित विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिका मौजूद थे।

# ऐपल के वाइस कमांड फीचर सीरी से जुड़े तो कंपनी देगी यूजर्स को हर्जाना

**नई दिल्ली।**

ऐपल के प्रोडक्ट अब भारत में खूब पसंद किए जा रहे हैं। कंपनी ने चीन से हटकर भारत को अपना ठिकाना बना लिया है और आईफोन, आईपैड, ऐपल वॉच की दीवानगी भारतीय में बढ़ती जा रही है। इस बीच ऐपल के ग्राहकों के लिए कंपनी ने कुछ खामियों के चलते अपने हर डिवाइस पर 1,700 रुपए का हर्जाना देने की बात कही है। कंपनी पर यह मुसीबत क्योंढ आई और यूजर कैसे इस पैसे को क्ले म कर सकते हैं। यह मामला ऐपल के वाइस कमांड फीचर सीरी से जुड़ा है। अगर आपने भी ऐपल के डिवाइस में सीरी का इस्तेमाल किया है तो आप भी कंपनी से क्लेकम ले सकते हैं। कंपनी ने एक लंबे मुकदमे के बाद स्वी कार किया कि अगर ग्राहक की अनुमति के बिना सीरी ने किसी यूजर की प्राइवेट बातचीत रिकॉर्ड की है तो ट्रांसपरेंसी कानून के तहत ऐपल इसके एवज में हर्जाना भरेगी। कंपनी को इस तरह के मामलों में कुल करीब 9.5 करोड़ डॉलर का हर्जाना भरना है। कंपनी ने कहा कि ऐपल के करीब सभी प्रोडक्टक में सीरी वाइस असिस्टेंट का इस्तेनमाल होता है, अगर किसी डिवाइस में गलती से यह ऑन हो गया है और यूजर्स की प्राइवेट बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया गया है तो इसके ऐवज में कंपनी उस यूजर को हर्जाने का भुगतान करेगी। यह समस्याप शुरू हुई थी साल 2019 से, जब कुछ यूजर्स ने ऐपल के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। कंपनी ने इस बात से इनकार किया कि उसने ग्राहकों की आवाज का इस्तेमाल एड या अन्यय मार्केटिंग के लिए किया है, लेकिन बाद में उनकी आवाज रिकॉर्ड किए जाने को लेकर माफी मांगी और इसे बंद करने का भरोसा दिलाया। जिन यूजर्स ने 17 सितंबर, 2014 से 31 दिसंबर, 2024 तक ऐपल के डिवाइस में सीरी का इस्तेमाल किया है वह इस हर्जाने के लिए क्लेतम कर सकते हैं। कंपनी ने इस सेटलमेंट के लिए एक वेबसाइट भी लॉन्च की है, जहां यूजर अपना क्ले म कर सकते हैं और कंपनी भुगतान के बाद इसकी जानकारी भी देगी। कंपनी का कहना है कि उसके डिवाइस आईफोन, आईपैड, ऐपल वॉच, होमपैड, मैक, ऐपल टीवी और आईफोन टच में से किसी में भी सीरी ने बिना ग्राहक की अनुमति के उनकी आवाज रिकॉर्ड



की है, तो यह क्लेसम किया जा सकता है। कंपनी के मुताबिक यूजर्स 5 डिवाइस तक क्लेतम कर सकते हैं और उन्हेंत हरेक डिवाइस के लिए 20 डॉलर यानी करीब 1700 रुपए मिलेंगे। क्ले म से पहले यह तय करना होगा कि आपके डिवाइस में सीरी गलती से ऑन हो गया था। इसके अलावा क्लेकम करने वालों का अमेरिकी नागरिक होना भी जरुरी है। इस क्लेहम के लिए आखिरी तारीख 2 जुलाई, 2025 तय की गई है। इसके बाद कंपनी इस पोर्टल को बंद कर देगी और क्लेखम पर विचार नहीं किया जाएगा।

# 22 मई को लांच होगी नई हॉनर 400 सीरीज



**नई दिल्ली।**

स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी हॉनर ने अपनी नई हॉनर 400 सीरीज की लॉन्च डेट घोषित कर दी है।

कंपनी अब आगामी 22 मई ये नई सीरीज लांच करेगी । यह सीरीज मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में पेश की जाएगी। खासकर हॉनर 400 प्रो मॉडल अपनी कैमरा तकनीक के कारण चर्चा में है। कंपनी ने हाल ही में टीजर वीडियो जारी किया, जिसमें यह जानकारी मिली कि हॉनर 400 प्रो में 200 मेगापिक्सल का प्राइमरी एआई कैमरा होगा। यह कैमरा पिछले हॉनर 300 सीरीज के 50 एमपी कैमरे से बड़ा अपग्रेड होगा, जो अब ज्यादा डिटेल और बेहतर फोटो क्वॉलिटी देगा। हॉनर 400 प्रो के कैमरा सेटअप में 200एमपी का मेन कैमरा, 50एमपी का टेलीफोटो लेंस और 12एमपी का अल्ट्रावाइड लेंस शामिल होगा। इसके अलावा, सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 50एमपी का फ्रंट कैमरा दिया जा सकता है, जो खासतौर पर कंटेंट क्रिएटर्स और व्लॉगर्स के लिए फायदेमंद होगा। इसमें 5300 एमएएच की बैटरी 100वॉट फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगी।

हॉनर 400 सीरीज में हॉनर 400 और हॉनर 400 प्रो दो मॉडल हो सकते हैं, जो फ्लैगशिप फीचर्स के साथ मिड-रेंज प्राइस में आएंगे। इस स्मार्टफोन में 6.7 इंच का 1.5के अमोलेड डिस्प्ले हो सकता है, जो 120 एचझेड रिफ्रेश रेट और 5000नीटस की पीक ब्राइटनेस के साथ आएगा। परफॉर्मेंस के लिए इसमें स्नेपड्रेगन 8जेन 3 प्रोसेसर का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे फोन का ऑपरेशन फास्ट और स्मूद रहेगा। फोन में 8जीबी रैम और 256जीबी/512जीबी स्टोरेज ऑप्शन हो सकते हैं।

# ब्लूस्मार्ट के ईवी वाहनों को खरीदने की तैयारी में एवरेस्ट फ्लीट

## कंपनी की ऋणदाताओं से चल रही बातचीत




**नई दिल्ली।**

भारत में कैब सेवा प्रदाता उबर के सबसे बड़े फ्लीट भागीदारों में से एक, एवरेस्ट फ्लीट ब्लूस्मार्ट की कारों को खरीदने के लिए अवसर के चर्चाओं में है। उबर ने इस तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों के खरीदने की प्रक्रिया की शुरुआत की है, लेकिन अंतिम संख्या और कीमत का तय करना बाकी है। एवरेस्ट फ्लीट के मुख्य कार्याधिकारी ने बताया कि वे कुछ ऋणदाताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं, लेकिन सौदा अभी पूरा नहीं हुआ है। अधिकारियों की मानें तो एवरेस्ट फ्लीट के बेड़े में इस समय 20,500 कारें हैं और उनमें से 2,000 ईवी वाहन हैं। ऐसे इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने से यह सुनिश्चित होगा कि उबर ग्रीन सेवाएं बढ़ेगी। इसके अलावा, इवेरा कैब्स के दिल्ली में 500 ईवी वाहनों के शामिल होने की भी खबरें हैं। उबर द्वारा एवरेस्ट फ्लीट में निवेश करने की भी खबरें आ रही हैं। उबर ने सीरीज सी राउंड में 3 करोड़ डॉलर का निवेश किया और मई 2023 की शुरुआत में सीरीज बी राउंड में भी एक निवेश किया था। इसी बीच, उबर ग्रीन इनिशियटिव के तहत सतत तकनीकी और पर्यावरणीय खोज कर रहा है ताकि साफ़ और उचित वाहन सेवाएँ उपलब्ध हो सकें। एवरेर्स्ट फ्लीट के संस्थापक ने कहा` कि हमने अभी तक करार नहीं किया है, लेकिन हम उबर के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। यह समझा जा रहा है कि इस उचित फैसले के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण के प्रति सहयोगी रहेंगी।

# टाटा अल्ट्रोज फेसलिफ्ट 2025 जल्द होगी लॉन्च

**नई दिल्ली।**

टाटा मोटर्स अपनी धांसू हैचबैक अल्ट्रोज के फेसलिफ्टेड वर्जन को जल्द ही लॉन्च करेगी। कंपनी ने इसकी लॉन्च डेट 22 मई, 2025 तय की है।

टाटा अल्ट्रोज फेसलिफ्ट को टेस्टिंग के अंतिम दौर में देखा गया है। लेटेस्ट स्पाई शॉट्स में अल्ट्रोज फेसलिफ्ट को नए एलईडी प्रोजेक्टर हेडलाइट्स और एलईडी टेललाइट्स के साथ देखा गया है, जो कार के लुक को और भी आकर्षक बनाते हैं। इसके अलावा, टाटा ने पहली बार अल्ट्रोज में कनेक्टेड एलईडी टेललाइट्स भी दिए हैं, जो इसे और भी मॉडर्न लुक देते हैं।

इसके अलावा, फ्लश डोर हैंडल्स को भी शामिल किया गया है, जो कार की डिजाइन को और स्मूद बनाते हैं। टाटा अल्ट्रोज फेसलिफ्ट के केबिन में भी कई बदलाव किए गए हैं। अब इसमें एक नया डैशबोर्ड मिलेगा, जबकि 10.2 इंच की फ्री-स्टैंडिंग इंफोटेनमेंट स्क्रीन को और बेहतर तरीके से रखा गया है।

पावरट्रेन की बात करें तो टाटा अल्ट्रोज फेसलिफ्ट में 1.2एल 3-सिलेंडर पेट्रोल इंजन और 1.5 एल टर्बो डीजल इंजन का ऑप्शन मिलेगा। यह डीजल इंजन अल्ट्रोज को भारत की एकमात्र डीजल हैचबैक बना देगा। ट्रांसमिशन के ऑप्शन में 5-स्पीड और 6-स्पीड मैन्युअल, साथ ही 6डीसीए ऑटोमैटिक गियरबॉक्स दिए जा सकते हैं। नई टाटा अल्ट्रोज फेसलिफ्ट के ये बदलाव इसे और भी आकर्षक और पावरफुल बनाने वाले हैं।इसके अलावा, एसी वेंट्स, एम्बिएंट लाइटिंग और क्लाइमेट कंट्रोल पैनल को भी नया रूप दिया गया है। ऑटोमैटिक गियरबॉक्स वेरिएंट के लिए नया गियर सिलेक्टर भी उपलब्ध होगा।

# बढ़ती लागत से मुश्किल में फंसे रियल एस्टेट डेवलपर

## बाजार में मंदी के कारण डेवलपर ज्यादा कमाई नहीं कर पाएंगे

**नई दिल्ली।**

निर्माण की बढ़ती लागत से रियल एस्टेट डेवलपरों के लाभ पर दबाव पड़ने वाला है। घरों की कीमतें पहले से ही अधिक हैं और आवास की नरम मांग के कारण बढ़ती लागत को खरीदारों पर डालना मुश्किल हो गया है। एक अ धिकारी के अनुसार किसी औसत रियल एस्टेट परियोजना की लागत संरचना में निर्माण की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत जबकि भूमि लागत की 20 से 30 प्रतिशत और एबिटा मार्जिन की करीब 30 प्रतिशत रहती है। उनका मानना है कि बिक्री में मंदी और बढ़ती लागत की वजह से रियल एस्टेट कंपनियों के मूल्यांकन में कमी आई है। उन्होंने कहा बिक्री की कीमतें बढ़ रही हैं। सूचीबद्ध कंपनियों की प्रति वर्ग फुट औसत प्राप्ति बढ़ी है। लेकिन बाजार में मंदी के कारण डेवलपर ज्यादा कमाई नहीं कर पाएंगे। निर्माण लागत बढ़ रही है और इसका बैलेंस शीट पर असर पड़ेगा। भारत में निर्माण क्षेत्र को बढ़ती लागत, कुशल कर्मचारियों की सीमित उपलब्धता और बाजार की अनिश्चितताओं के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। लागत में यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से सीमेंट और स्टील की कीमतों के साथ-साथ कुशल श्रम की लागत बढ़ने के कारण हुई है।हमने ज्यादातर सामग्रियों में 5 से 7 प्रतिशत की वृद्धि देखी है और श्रम सबसे महंगा घटक बनकर उभरा है। पिछले कुछ साल के दौरान निर्माण लागत की सामान्य संरचना काफी हद तक स्थिर रही है, जिसमें करीब 67 प्रतिशत भाग में निर्माण सामग्री (सीमेंट, धातु,



रेत, ईंट, लकड़ी वगैरह), 28 प्रतिशत भाग में श्रम और 5 प्रतिशत भाग में ईंधन लागत शामिल है। एनारॉक समूह के एक अ धिकारी ने कहा` कि निर्माण की बढ़ती लागत और बिक्री में सुस्ती की दोहरी चुनौतियां डेवलपरों के मुनाफे को प्रभावित कर रही हैं।

## हैप्पिएस्ट माइंड्स का मुनाफा 53 प्रतिशत घटकर 34 करोड़ हुआ

### पिछले वर्ष इसी तिमाही में मुनाफा 71.9 करोड़ रुपये रहा था

**नई दिल्ली।** हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज एक भारतीय आईटी कंपनी ने जनवरी-मार्च तिमाही में कम लाभ का सामना किया है। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 52.7 प्रतिशत घटकर 34 करोड़ रुपये रह गया है। पिछले वर्ष इसी तिमाही में मुनाफा 71.9 करोड़ रुपये रहा था। हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का राजस्व 30.5 प्रतिशत बढ़कर 544.5 करोड़ रुपये हो गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 417.2 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का मुनाफा 25.6 प्रतिशत की गिरावट के साथ 184.6 करोड़ रुपये रहा है, जबकि राजस्व 26.8 प्रतिशत बढ़कर 2,060.8 करोड़ रुपये हो गया है। हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज ने मार्च में अपने संगठनात्मक ढांचे में कई बदलावों की घोषणा की है। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए डिविडेंड की सिफारिश की है। हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज डिजिटल परिवर्तन, उत्पाद इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचा प्रबंधन सेवाएं प्रदान करती है। इसके 13 देशों में 6,632 कर्मचारी हैं।



## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ ही 85.30 पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में 74 पैसे मजबूत होकर 84.62 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारतीय परिसंपत्तियों में विदेशी निवेशकों की निरंतर रुचि ने स्थानीय मुद्रा को मौलिक समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.70 प्रति डॉलर पर खुला और फिर डॉलर के मुकाबले 84.74 पर लुढ़क गया। हालांकि, यह फिर वापसी करता हुआ 84.62 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 74 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.36 पर बंद हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 20 फीसदी की गिरावट के साथ 101.58 पर रहा।

## वैश्विक स्तर पर मुक्त व्यापार संकट में है: विश्व व्यापार प्रमुख

**तोक्यो।** विश्व व्यापार संगठन की प्रमुख नगोजी ओकोंजो-इवेला ने मंगलवार को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा से मुलाकात की। इवेला ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मुक्त व्यापार संकट में है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की महानिदेशक ने इशिबा से कहा कि खुले बाजारों में अग्रणी होने के नाते उन्हें जापान से काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने तेजी से बदलते शुल्क एवं अन्य नीतियों के साथ विश्व वाणिज्य को बाधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा` कि व्यापार वर्तमान में बेहद चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रहा है और यह काफी कठिन है। जापान के विदेश मंत्रालय ने उनके हवाले से कहा` कि हमें इस संकट का इस्तेमाल हमारे सामने मौजूद चुनौतियों को हल करने के अवसर के रूप में करना चाहिए और व्यापार में नए रुझानों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा` कि बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के अग्रणी के तौर पर जापान को विश्व व्यापार संगठन को बनाए रखने, मजबूत करने तथा बेहतर बनाने में मदद करनी चाहिए। यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका और चीन ने हाल ही में एक-दूसरे पर लगाए गए भारी शुल्क में से अधिकतर पर 90 दिन की रोक लगाने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बनने की सोमवार को घोषणा की थी। जापान उन देशों में से है जो अभी तक अमेरिकी प्रशासन के साथ मोटर वाहन, इस्पात तथा एल्युमीनियम सहित शुल्क में बढ़ोतरी पर कोई समझौता नहीं कर पाए हैं। जापानी अधिकारियों ने बताया कि ओकोंजो-इवेला बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को बनाए रखने और सुदृढ़ करने के लिए जापान तथा विश्व व्यापार संगठन के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए जापान की यात्रा पर हैं। ओकोंजो-इवेला का विदेश मंत्री ताकेशी इवाया, वित्त मंत्री कात्सुनोबु काटो और अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग मंत्री योजी मुटो से भी मिलने का कार्यक्रम है।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट

## सेंसेक्स 1281, निफ्टी 346 अंक नीचे आया

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में गिरावट का कारण दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही आईटी के अलावा दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी होना रहा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1281.68 अंकों 1.55 फीसदी की गिरावट के साथ ही 81,148.22 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 346.35 अंकों 1.39 फीसदी की बड़ी गिरावट के साथ ही 24,578.35 अंकों पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस बाजार भारी तेजी के साथ बंद हुआ था।

आज सेंसेक्स की 30 में से केवल 5 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए वहीं 25 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। इसी प्रकार निफ्टी के 50 में से में केवल 14 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए। बाकी की 35 कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त गिरावट रही। एक कंपनी का शेयर बिना किसी गिरावट के बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल सनफार्मा ओर इंफोसिस के शेयरों में सबसे ज्यादा 0.99 फीसदी की बढ़त जबकि इंफोसिस के शेयरों में सबसे ज्यादा 3.57 फीसदी की गिरावट रही।

बजार में आई इस गिरावट का कारण मुनाफासूली को बताया जा रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम के बाद सोमवार को भारतीय बाजार में भारी तेजी दर्ज की गई। वहीं इसी कारण मंगलवार को निवेशक मुनाफावसूली करते दिखे, जिसकी वजह से बाजार नीचे आ गया। अमेरिका और चीन द्वारा शुल्क कम करने और आर्थिक रूप से सहयोग करने से वैश्विक बाजार




बेहतर हुआ है पर इसका भारतीय बाजारों में एकदम से प्रभाव नहीं पड़ेगा। ।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुले। सेंसेक्स 180 अंक गिरकर 82,249.60 पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद 471.58 अंक की गिरावट लेकर 81,958.32 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी50 भी गिरावट के साथ 24,864.05 अंक पर खुला। सोमवार को यह 24,924.7 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। सुबह शुरुआत के बाद यह 121.75 अंक की गिरावट लेकर 24,802.95 पर कारोबार कर रहा था। इस बीच मेरिका-चीन व्यापार समझौते के बाद वॉल स्ट्रीट में तेजी आने के बाद मंगलवार को एशियाई बाजारों में तेजी आई।

जापान के निक्केई में 2.17 फीसदी की उछाल आई और टॉपिक्स में 1.77 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.13 फीसदी बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.71 फीसदी बढ़ा।

## कोलकाता में पेट्रोल 40 पैसे और डीजल 20 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ

**कोलकाता।** तेल विपणन कंपनियों के ईंधन की मूल कीमत में पुनर्समायोजन के बाद कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मामूली वृद्धि देखी गई। इस संशोधन से 12 मई से शहर में पेट्रोल की कीमत 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.02 रुपये प्रति लीटर हो गई है। प्रमुख तेल विपणन कंपनी के अधिकारी ने कहा` कि पेट्रोल की कीमत में 40 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई है, जबकि डीजल 20 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। हालांकि, इसके विपरीत पटना में डीजल की कीमत में 60 पैसे प्रति लीटर की गिरावट देखी गई जबकि अन्य पूर्वी राज्यों में ईंधन की कीमतें यथावत रहीं। मूल कीमत की समय-समय पर समीक्षा की जाती है और विभिन्न परिचालन व तार्किक कारकों के आधार पर समायोजित की जाती है।

## रियल एस्टेट केंद्रित एसजीआरई फंड ने एनसीआर में 125 करोड़ का किया निवेश

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट केंद्रित वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) एसजीआरई फंड ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दो संकटग्रस्त आवासीय परियोजनाओं में 125 करोड़ रुपये का निवेश किया है। एसजीआरई फंड के प्रमुख प्रवर्तक ने बताया कि फंड ने पहले ही दो परियोजनाओं में 125 करोड़ रुपये लगाए हैं और वो जल्द ही अन्य परियोजनाओं में भी निवेश करेंगे। एसजीआरई फंड एक योजना-आधारित फंड है, जिसने अपने खंड का विस्तार करने के लिए दूसरी योजना के लिए भी आवेदन किया है, जिसका कुल आकार 500 करोड़ रुपये तक है। उन्होंने बताया` कि कोई भी रियल एस्टेट कंपनी हमारे एआईएफ से फंड के लिए आवेदन कर सकती है। हमारा विधि व तकनीकी दल व्यवहार्यता की जांच करता है और जांच की मानक प्रक्रिया के बाद, वे अंतिम मंजूरी के लिए स्थायी समिति को प्रस्ताव की सिफारिश करते हैं। ऐसी परियोजनाएं वित्त पोषण के लिए पात्र होंगी जिन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य है, जो भूमि स्वामित्व को लेकर स्पष्ट हैं और जिन्हें कोई कानूनी मुद्दा नहीं है।

# चीन अमेरिका के व्यापार युद्ध से निपटने लैटिन अमेरिकी देशों से हाथ मिलाएगा

## चीन ने बीजिंग में एक कार्यक्रम में लैटिन अमेरिकी नेताओं के साथ एकजुट मोर्चा पेश किया

**ताइपे।**

अमेरिकी शुल्क से उत्पन्न व्यापार युद्ध से निपटने के लिए चीन अन्य देशों के साथ अपने गठबंधन को मजबूत करने की तैयारी कर रहा है। चीन ने मंगलवार को बीजिंग में आयोजित एक कार्यक्रम में लैटिन अमेरिकी नेताओं के साथ एकजुट मोर्चा पेश किया। चीन के नेताओं ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी और अन्य नीतियों से उत्पन्न अनिश्चितता एवं अस्थिरता की पृष्ठभूमि में खुद को एक विश्वसनीय व्यापार तथा वृद्धि भागीदार के रूप में पेश किया है। वहीं अमेरिका और चीन ने हाल ही में एक-दूसरे पर लगाए भारी शुल्क में से अधिकतर पर 90 दिन की रोक लगाने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बनने की सोमवार को जानकारी दी थी।

अमेरिका के साथ तनाव कम करने के लिए कदम उठाने के साथ ही चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने यहां चीन-सीईएलएसी फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि चीन विशुद्ध राजनीतिक तथा गुटीय टकराव की बढ़ती हुई स्थिति तथा एकतरफावाद एवं संरक्षणवाद की बढ़ती लहर से निपटने के लिए लैटिन देशों के साथ हाथ मिलाने को तैयार है। इस फोरम की शुरुआत 2015 में की गई थी। उन्होंने कहा` कि शुल्क युद्धों या व्यापार युद्धों से किसी की जीत नहीं होती। चीन ने अमेरिकी शुल्कों को लेकर भी कई बार इसी तरह की बात कही है। फोरम में हिस्सा लेने वाले लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई अधिकारियों में ब्राजील, चिली और कोलंबिया के राष्ट्रपति शामिल हैं। शी ने चीन और लैटिन अमेरिकी देशों के बीच घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए राजनीतिक आदान-प्रदान, आर्थिक वृद्धि, सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक आदान-प्रदान और वैश्विक सुरक्षा पर केंद्रित पांच कार्यक्रमों की घोषणा की। उन्होंने इस क्षेत्र से आयात को बढ़ावा देने और चीनी कंपनियों को वहां अपना निवेश बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने का वादा किया।

## भारत ने अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा

### अमेरिका में उत्पादित स्टील व एल्युमीनियम उत्पादों के आयात पर 7.6 अरब डॉलर का असर पड़ेगा

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी शुल्क के जवाब में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के तहत सोमवार को अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा। डब्ल्यूटीओ ने बयान में कहा कि इस से अमेरिका में उत्पादित स्टील व एल्युमीनियम उत्पादों के आयात पर 7.6 अरब अमरीकी डॉलर का असर पड़ेगा। भारत द्वारा रियायतों के प्रस्तावित निलंबन के परिणामस्वरूप अमेरिका में उत्पादित उत्पादों से समान शुल्क वसूला जाएगा। अमेरिका ने पिछले साल मार्च में शुल्क लागू किया था, जिसे यह साल बढ़ा दिया गया था। मंगलवार, मेटल कंपनियों के शेयर फोकस में हैं। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और टाटा स्टील के शेयरों में आज उतार-चढ़ाव देखा गया। वेदांता और टाटा स्टील में मामूली तेजी देखी गई, जबकि सेल के शेयरों में गिरावट देखी गई। अमेरिका ने आठ मार्च, 2018 को कुछ स्टील और एल्युमीनियम उत्पादों पर क्रमश- 25 प्रतिशत और 10 प्रतिशत मूल्यानुसार शुल्क लगाकर सुरक्षा उपाय लागू किए थे। यह 23 मार्च, 2018 को लागू हुआ था, जिसे जनवरी 2020 में बढ़ा दिया गया था। इस वर्ष 10 फरवरी को अमेरिका ने स्टील व एल्युमीनियम उत्पादों के आयात पर सुरक्षा उपायों में फिर से संशोधन किया, जो 12 मार्च 2025 से प्रभावी हुआ और इसकी अवधि असीमित है। अमेरिका ने अब 25 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है।

## पावर मेक प्रोजेक्ट्स को मिला 982 करोड़ का ठेका

**नई दिल्ली।** तेलंगाना पावर जनरेशन कॉरपोरेशन ने पावर मेक प्रोजेक्ट्स को 971.98 करोड़ रुपये के ठेके हेतु चुना है। इस ठेके के अनुसार दामरचेरला, नलगोंडा जिले में यदाद्री थर्मल पावर स्टेशन के साथ एक एकीकृत टाउनशिप निर्मित की जाएगी। ठेके के अंतर्गत, क्वार्टर, बहुमंजिला आवासीय क्वार्टर और डिजाइन और ढांचा द्वारा संबंधित कार्य भी शामिल होंगे। पावर मेक प्रोजेक्ट्स के अध्यक्ष ने घोषणा की कि इस निर्माण कार्य को 30 महीनों के भीतर पूरा किया जाएगा। यह सरकारी ठेका नहीं सिर्फ तेलंगाना क्षेत्र में जनरेशन क्षेत्र को मजबूत बनाएगा, बल्कि स्थानीय आवासियों को भी बेहतर आवास सुविधाएँ प्रदान करेगा। यदाद्री थर्मल पावर स्टेशन के इस परियोजना में शामिल होने से, पावर मेक प्रोजेक्ट्स ने अपने प्रतिबद्धता को सुनिश्चित किया है कि स्थानीय समुदायों को भी इसका लाभ होगा।

# शहीद मौहम्मद इम्तियाज को आखिरी सलाम...

## भाई बोला: शहादत पर गर्व, लेकिन बदला जरूरी

जम्मू-कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में देश की रक्षा करने के दौरान शहीद हुए बीएसएफ के एसआई मो. इम्तियाज को सोमवार को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनके पैतृक गांव नारायणपुर, गड़खा में अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर मौजूद हजारों लोगों की आंखें नम थी। सभी ने राष्ट्र की सेवा में उनके बलिदान को नमन किया। शनिवार को उन्हें उनके पैतृक गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस मौके पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर आंख नम थी, लेकिन सीना गर्व से चौड़ा भी था। शहीद इम्तियाज की पार्थिव देह जैसे ही तिरंगे में लिपटी हुई गांव पहुंची, तो पूरा माहौल गमगीन हो गया। ॿभारत माता की जयॿ और ॿशहीद इम्तियाज अमर रहेंॿ के नारों से आसमान गूंज उठा। गांव के छोटे-बड़े, बुजुर्ग और बच्चे सभी अपने इस सपूत को आखिरी विदाई देने के लिए उमड़ पड़े थे। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था, लेकिन शहादत का गर्व उनके चेहरों पर भी साफ झलक रहा था। शहीद के 12 वर्षीय बेटे आमिर की आंखों में आंसू थे, लेकिन उसके शब्दों में गर्व की ठोस दीवार थी। उसने कहा, प्राउड ऑफ यू पापा। आपने देश के लिए जान दी, ये मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है। आप हमारे हीरो थे, हैं और हमेशा रहेंगे। मैं भी बड़ा होकर देश की सेवा करूंगा। इन मासूम शब्दों ने हर किसी की आंखों को नम कर दिया। शहीद के भाई, रईस अहमद का गुस्सा भी छलक पड़ा। उन्होंने कहा, भाई की शहादत पर गर्व है, लेकिन उसका





बदला जरूरी है। इससे पहले सोमवार की सुबह शहीद का पार्थिव शरीर पटना एयरपोर्ट पहुंचा। दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट 6 ई 2769 से तिरंगे में लिपटा शव पहुंचा। ताबूत में बंद शव को कंधे पर लिए जवान स्टेट हैंगर पहुंचे। शव आते ही वहां का माहौल गमगीन हो गया। इंडिगो की फ्लाइट से बड़े बेटे इमरान रजा, दामाद शमीम अख्तर और छोटे भाई मो. असलम उनके शव को लेकर आए। एयरपोर्ट पर उतरने के बाद स्टेट हैंगर पहुंचते ही इमरान फफक पड़े। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री की ओर से ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शहीद को श्रद्धांजलि दी। प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, मंत्री कृष्ण कुमार मंटू, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, राजद सांसद संजय यादव, भाजपा प्रवक्ता असफर शम्सी के अलावा सिटी एसपी स्वीटी सेहरावत, सदर एसडीओ कुमार गौरव, सचिवालय एसडीपीओ वन डॉ. अनु कुमारी ने भी श्रद्धांजलि दी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सिंदूर की रक्षा करने में इम्तियाज शहीद हुए। उनके बलिदान को नमन करते हैं। परिवार की हर तरह से सहायता दी जाएगी। इम्तियाज की बहादुरी और देश की सुरक्षा के लिए उनके जज्बे को सलाम करते हैं। प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि देश की सुरक्षा करने में बिहार कभी पीछे नहीं रहा। उनके बलिदान को देश कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने दिलेरी और साहस का परिचय दिया है। देश की सुरक्षा धर्म-जाति से ऊपर है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि बिहार के लाल का नमन करता हूं। पूरे बिहार को गौरवान्वित किया है। देश की सीमा को अभेद रखने के लिए उन्होंने बलिदान दिया है। देश इसे कभी नहीं भूलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा पूरे देश उनके साथ खड़ा है। हमने देश का एक बहादुर जवान खो दिया। इम्तियाज की वृद्ध मां बार-बार उनके चेहरे को निहारती रहीं। रोते हुए कहती रहीं, मेरा बेटा अब मुझे कभी ॿअम्मीॿ कहकर नहीं बुलाएगा। लेकिन मुझे फख्र है कि वो देश के लिए शहीद हुआ। मेरा लाल मुझसे दूर हो गया, लेकिन देश के लाखों बेटे बचा गया। इम्तियाज का अंतिम सफर पूरे सम्मान और गर्व के साथ निकला। फौजी वेशभूषा में मौजूद जवानों ने सलामी दी। गांव वालों ने फूलों की बारिश की। लोग पैदल चलकर उनके जनाजे के साथ चले और ॿवीर जवान तुझे सलामॿ की गूंज के साथ उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

## दो करोड़ की चरस जब्त, देश-विदेश के तस्कर गिरफ्तार



**रामगढ़वा (पूर्वी चंपारण)।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई रामगढ़वा थाना क्षेत्र के भैंसड़ा पावरग्रिड के समीप एक बगीचे में की गई। गिरफ्तार तस्करों में गया का अर्जुन पासवान, झारखंड का मंटू पासवान और अनूप यादव शामिल हैं। पुलिस ने मौके से करीब चार किलोग्राम हशीश बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दो करोड़ रुपये है। इसके अलावा दो लाख 40 हजार रुपये नकद और सात मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। तस्करों ने पुलिस को बताया कि वे नेपाल से अफीम लाकर पंजाब में सप्लाई करते थे। पुलिस को शक है कि यह गिरोह बिहार, झारखंड समेत अन्य राज्यों में मादक पदार्थ सप्लाई में संलिप्त है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने इसे बड़ी सफलता बताया और कहा कि अभियान जारी रहेगा। गिरफ्तार तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सीएम नीतीश को अपने मंत्रिमंडल के मंत्री का नाम तक नहीं याद', राजद विधायक ने किया बड़ा दावा

**वैशाली।** जिले के महुआ के राजद विधायक मुकेश रोशन ने कहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपने ही मंत्रिमंडल के किसी मंत्री का नाम तक याद नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अचेत हैं और उनका दिमाग ठीक से काम नहीं कर रहा। मुकेश रोशन ने कहा कि मुख्यमंत्री बीमार हो चुके हैं और अगर बिहार को पिछले 20 सालों में सबसे पीछे धकेलने वाला कोई है, तो वह नीतीश कुमार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे नेता ने बिहार में बेरोजगारी हटाने के लिए रथ यात्रा शुरू की थी। राजद विधायक अपने पार्टी द्वारा पूरे बिहार में चल रहे परिचर्चा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने विधानसभा क्षेत्र



महुआ पहुंचे थे। वहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री अब तेजस्वी यादव को बनाना चाहिए। हम पॉजिटिव सोच के साथ आगे बढ़ेंगे, इसलिए यह परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सभी लोगों ने ठान लिया है कि 2025 में तेजस्वी यादव ही मुख्यमंत्री होंगे। विधायक ने मंच से अपने समर्थकों को नारा भी दिया: करे के बा, लड़े के बा, जीते के बा! उन्होंने कहा कि 2025 में महागठबंधन की सरकार बनानी है और बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलवाना है। बेरोजगारी और महंगाई से परेशान लोग अब तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपने जेब में हाथ डालकर देखें, क्या हालत है। जीएसटी और नोटबंदी जैसे काले कानूनों के कारण व्यापारी वर्ग भी परेशान है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक लोग अपने काउंटर पर पैसे तक नहीं रख पा रहे हैं। विधायक ने केंद्रीय सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वे डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया की बात करते हैं, लेकिन सारा सामान विदेश से मंगाते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के नाम पर जो लोग पहले रोज कमाते और खाते थे, आज उनकी हालत बहुत खराब हो गई है। विधायक ने उन लोगों से भी सवाल किया जो कहते थे कि अच्छे दिन आने वाले हैं। उन्होंने पूछा, क्या उनके अच्छे दिन आए हैं? और कहा कि अगर अच्छे दिन आए हैं तो वे बताएं कि किस वजह से आए हैं।

### संक्षिप्त डायरी

## भीषण सड़क हादसा, कार की टक्कर से बाइक सवार 2 भाइयों की मौत

**बाराचट्टी (गया)।** बाराचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली-कोलकाता मुख्य मार्ग पर सोमवार को काहुदाग स्थित वन विभाग के डिपो के सामने डिवाइडर पर बने कट पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसे मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार



(मारुति स्विफ्ट) को जब्त कर उस पर सवार बोकारो सेक्टर 3 ए निवासी बिट्टू कुमार एवं अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। कार चालक बिट्टू कुमार ने बताया कि वह लोग बोकारो से छपरा जा रहे थे। इसी बीच काहुदाग में मोटरसाइकिल सवार अचानक सामने आ गए और टक्कर हो गई।थानाध्यक्ष उमेश प्रसाद ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि चालक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, मृतकों के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई जा रही है। बताया गया कि मोहनपुर थाना क्षेत्र मुसैला गांव के अजय कुमार, चंदेश्वर मांझी, रंजय कुमार तीनों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाराचट्टी के निमियाटांड़ स्थित घर लौट रहे थे। जैसे ही बाएं से दाहिने लेन में जाने के लिए सड़क पर बने कट से युवक ने बाइक मोड़ी तेज रफ्तार में आ रही कार से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में अजय की मौत मौके पर ही हो गई, वहीं, चंदेश्वर मांझी और रंजन कुमार को स्थानीय लोगों ने गंभीर स्थिति में बाराचट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने चंदेश्वर मांझी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया रेफर किया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वह अजय कुमार का छोटा भाई था। वहीं, रंजय की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसका उपचार गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।

## घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश

**भागलपुर।** घर में घुसकर एक महिला से दुष्कर्म की कोशिश की गई। पीड़िता ने शोर मचाया तो ससुर दौड़ते हुए आएं और युवक को पकड़ लिया। पड़ोसियों के साथ उसकी पिटाई की, फिर पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता की शिकायत पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। पीड़िता ने बताया, '3 दिन पहले आरोपी इकराम ने मुझे धमकी दी थी कि अगर मैं उससे बात नहीं करूंगी तो घर में घुसकर जान से मार देंगे। मेरे पति घर से रविवार की रात में कहकर निकले थे कि खेत पर जा रहा हूं। सुबह खाना पहुंचा देना। पति के जाने के बाद मैं सोने चली गई थी। तभी इकराम मेरे घर में घुस आया। मेरे ससुर समय पर नहीं आते तो मेरे साथ गलत हो जाता।' मामला नारायणपुर प्रखंड के भवानीपुर थाना क्षेत्र का है। आरोपी इकराम महिला से एक तरफा प्यार करता था। पीड़िता उससे बात करना नहीं चाह रही थी। लड़का जबरदस्ती बात करने की कोशिश करने लगा। जिसका महिला ने विरोध जताया तो लड़का ने धमकी दी थी। आरोपी युवक का घर पीड़िता के घर से 2 किलोमीटर की दूरी पर है। जो लगातार महिला के घर की तरफ घूमने आता था। हालांकि पहले से युवक और महिला के बीच कोई संबंध नहीं था। पड़ोस के गांव के रहने के कारण एक दूसरे को जानते थे। भवानीपुर थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर महेश कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# दो जगह आरओबी का टेंडर फाइनल

## शहरवासियों को जाम से मिलेगी मुक्ति

**मुजफ्फरपुर।** बहुप्रतिक्षित रामदयालु और गोबरसही समपार फाटक बनाने के लिए रविवार को टेंडर फाइनल कर लिया गया। पुल निर्माण निगम लिमिटेड के पटना स्थित कार्यालय में यह प्रक्रिया पूरी हुई। इसकी जानकारी देते हुए वरीय परियोजना अभियंता ई.रूबी रानी ने बताया कि गोबरसही के लिए बिहार के दानापुर खगौल की रचना कंस्ट्रक्शन लिमिटेड और रामदयालु आरओबी के लिए झारखंड के हर-देव कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. को टेंडर दिया गया है। वहीं, सादपुरा आरओबी का टेंडर रद हो गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए दो ही बीडर शामिल हुए थे। इसमें से एक टेंडर कागजात के अभाव में अस्वीकृत कर दिया गया था। इसके बाद मात्र एक टेंडर रह गया तो विभागीय नियमानुसार इसे रद कर दिया गया है। अब दोबारा सादपुरा आरओबी के लिए टेंडर जारी किया



जाएगा। इसे लेकर मुख्यालय से अप्रुवल लिए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर जारी होगा। जिन निर्माण एजेंसियों को कार्य करने का टेंडर दिया गया है, अब उनके साथ कागजी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके बाद निर्माण कार्य इस माह के अंत से शुरू कर दिया जाएगा। बताया कि दोनों आरओबी निर्माण को लेकर 30-30 माह में कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निर्धारित समय में काम पूरा करने के लिए विभाग की ओर से नियमित मानीटरिंग की जाएगी। तीन अरब नौ करोड़ रुपये से होगा दोनों आरओबी का निर्माण : बताया गया कि रामदयालु आरओबी एक अरब 87 करोड़ और गोबरसही आरओबी का निर्माण एक अरब 22 करोड़ रुपये से होगा। वहीं, इसकी प्रशासनिक स्वीकृति की राशि रामदयालु के लिए दो अरब 48 करोड़ और गोबरसही आरओबी के लिए एक अरब 67 करोड़ 68 लाख रुपये है। यानी शेष राशि से आगामी वर्षों में मेंटीनेंस समेत अन्य कार्य किए जाएंगे। दोनों आरओबी के निर्माण से समपार फाटक पर लगने वाला जाम पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। सबसे अहम है कि इसके निर्माण से शहर से लेकर हाईवे तक जाम की समस्या काफी हद समाप्त हो जाएगी। दोनों समपार फाटक बंद कर दिए जाएंगे। रामदयालु आरओबी के लिए भीखनपुर मोड़ को विकसित किया जाएगा, ताकि हाजीपुर व भगवानपुर से आने वाली वाहनों के कारण जाम की समस्या नहीं हो। इसी प्रकार गोबरसही आरओबी का एक रैंप डुमरी रोड में गिरेगा, जिससे सीधे सकरी होकर हाजीपुर-पटना एनएच पर वाहन आ जा सकेंगे। दोनों आरओबी का निर्माण वाई शेप में किया जाएगा। इन दोनों आरओबी से प्रतिदिन सौ से अधिक ट्रेन व मालगाड़ी गुजरती हैं। इससे हर 10 से 15 मिनट पर समपार फाटक को बंद करना पड़ता है। वहीं, हाईवे पर भी जाम की समस्या होती है। इसके बनने से यह समस्या समाप्त हो जाएगी।

## पहली पत्नी के बेटे ने पिता की गला काटकर की हत्या

**जगदीशपुर।** बिहार के आरा से दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां के जगदीशपुर थानाक्षेत्र के मोतीटोला गांव के बधार में मंगलवार की सुबह पहली पत्नी के पुत्र ने संपत्ति विवाद में अपने ही पिता की तलवार से गर्दन काटकर हत्या कर दी। बाद में खेत से शव बरामद किया गया। मृतक 50 वर्षीय जयप्रकाश सिंह उर्फ सतेन्द्र सिंह मोतीटोला गांव निवासी शिव प्रसन्न सिंह के पुत्र थे । गर्दन पर गहरे जम का निशान पाया गया है। घटना के बाद से आरोपित पुत्र फरार हैं। घर से एक देसी पिस्तौल बरामद किया गया है। इस दौरान जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर पूरे मामले की जांच की। शुरूआती जांच में में संपत्ति विवाद की बात सामने आ रही है। शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल,आरा में कराया जा रहा है। घटना सुबह पांच बजे के आसपास की है।जानकारी के अनुसार जय प्रकाश सिंह घर से





खेत की ओर गए हुए थे कि उसी दौरान पहली पत्नी के पुत्र विष्णु कुमार ने अपने पिता की तलवार से बेरहमी पूर्वक गर्दन काटकर हत्या कर दी। इसके बाद हो-हल्ला होने पर भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर जगदीशपुर पुलिस भी पहुंच गई। थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि बिषणु की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है। शव को पोस्टमार्टम हेतू आरा भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि मोती टोला निवासी प्रकाश सिंह ने दो शादियां कर रखी थी। संपत्ति को लेकर आए दिन विवाद होते रहता था। जिसको लेकर कई बार पंचायती भी हो चुकी थी। पहली पत्नी को अच्छा से नहीं रखने को लेकर विवाद होता था। इस दौरान संपत्ति विवाद के कारण पहली पत्नी के पुत्र द्वारा खौफनाक कदम उठाए जाने की बात सामने आ रही है।

## बिहार के इन जिलों में बारिश-वज्रपात का अलर्ट, पटना का भी मौसम बदला

**पटना।** झुलसा देने वाली गर्मी के बीच राहत की खबर है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने बिहार के कई जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कोसी और सीमांचल के जिलों में मध्यम दर्ज की बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान हवा की रफ्तार तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे तक रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को राज्य के पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, कटिहार, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, खगड़िया, मधुबनी, बेगूसराय, पटना, समस्तीपुर, दरभंगा, वैशाली, सारण, शिवहर, मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी में बारिश और वज्रपात के आसार हैं। सोमवार शाम से ही पटना समेत कई जिलों का मौसम अचानक बदल गया। पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर और पूर्वी चंपारण के कुछ इलाकों



में तेज हवा के साथ बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई। वहीं मंगलवार सुबह से ही पूर्णिया, बेगूसराय समेत कई जिलों में मौसम सुहाना है। धूप-छांव का खेल जारी है। मौसम विभाग ने बारिश और वज्रपात को लेकर सावधान रहने की अपील की है। मौसम वैज्ञानिक की मानें तो निचले क्षोभमंडल में चक्रवाती परिसंचरण के रूप में एक पश्चिम विक्षोभ सक्रिय है। इसके प्रभाव से तेज हवा के साथ मध्यम दर्जे की बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात के आसार बन रहे हैं। 15 मई से पूरे बिहार में प्री-मानसून के आसार हैं। वहीं भोजपुर, बक्सर, अरवल, जहानाबाद, कैमूर, गया, औरंगाबाद, नवादा, नालंदा, समेत कई जिलों में हीट वेव का असर बना रहेगा। इन जिलों में पारा 40 डिग्री के पार रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने इन जिलों के लोगों से लू से सावधान रहने की अपील की है। दक्षिण पश्चिम मानसून निर्धारित समय और तरीके से आगे बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से पिछले 24 घंटों के दौरान निकोबार द्वीप समूह में व्यापक वर्षा के साथ-साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई। मंगलवार तक अंडमान सागर, दक्षिण बंगाल की खाड़ी और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। इसके असर से अगले 24 घंटे के दौरान निकोबार द्वीप समूह में वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है, जो व्यापक वर्षा में बदल जाएगी और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होगी।

# 'हमको सरकार नहीं बनानी...'

## बिहार चुनाव से पहले तेजस्वी ने दे दिया बड़ा बयान

**पहाड़पुर।** प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी सिसवा पंचायत सिसवा कोड़र स्थित बौद्ध विहार में सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बुद्ध की धरती हमारी पहचान है। देश के बड़े-बड़े नेता बाहर जाते हैं तो यह जरूर कहते हैं कि हम बुद्ध की धरती से आए हैं। उन्होंने कहा कि हमको सरकार नहीं बनानी है, बिहार का विकास करना है। पढ़ाई, बेरोजगारी, महंगाई, पलायन से हमारी मुख्य लड़ाई है। अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए तेजस्वी ने कहा कि सभी को सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए। बिहार सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि एक ही फसल बार-बार लगाने से उत्पादन



घट जाता है। पंद्रह साल में किसी भी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन रद कर दिया जाता रहा है। हमारी सरकार बनी तो प्रत्येक घरों में दो सौ यूनिट बिजली दूंगा। वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन 400 से बढ़ाकर 1500 की जाएगी। सभी तरह के प्रतियोगी परीक्षाओं के फार्म के फीस को शून्य कर छात्रों को आने-जाने का किराया दिया जाएगा। सौ प्रतिशत बिहार डोमिसाइल लागू किया जाएगा। बीस साल से वर्तमान सरकार गरीबों को चूस रही है। आपस में लड़ाई-झगड़ा बंद कर एकजुट रहें, तभी आपके सपने साकार होंगे। इससे पूर्व बुद्ध के अनुयायियों ने भारी संख्या में दूरदराज से आए लोगों को बुद्ध महिमा और पंचशील का वर्णन करते हुए उनके उपदेशों पर चलने का आह्वान किया। भगवान बुद्ध की मूर्ति पर किया माल्यार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, वैशाली के भंते पीसी चंद्र, भंते बुद्ध शरण द्वारा वंदना और बौद्ध विहार में स्थित भगवान बुद्ध की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ पंचशील द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान आयोजक मंडल द्वारा बोध गया के मंदिर को गैर बौद्धिस्ट को हटाने के लिए सदन में प्राथमिकता से मुद्दा उठाने की मांग की। मंच संचालन दुर्गेश नारायण सिंह ने किया। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष सह विधायक मनोज यादव, पूर्व विधायक राजेंद्र राम, रामबाबू यादव, लक्ष्मी नारायण यादव, राजेश कुमार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ई. शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय, आलोक मेहता, वीरेन्द्र कुशवाहा, सेवानिवृत प्राचार्य मदन प्रसाद, नयन प्रसाद कुशवाहा, रविन्द्र नाथ सिंह, गप्पू राय आदि ने संबोधित किया। उक्त महोत्सव को सफल बनाने में बौद्ध बिहार के अध्यक्ष आनंद कुमार, संजय कुमार, बुलेट सिंह, मधुरेन्द्र सिंह, शैलेश कुमार, शत्रुघ्न कुमार,अखिलेश्वर मौर्य, सुभाष कुशवाहा, सुरेन्द्र सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।



# लाभदायक व्यवसाय है भारत में पोल्ट्री फार्मिंग

**भारत में पोल्ट्री फार्मिंग के लिए मुख्य और सबसे महत्वपूर्ण बात एक उपयुक्त भूमि का चयन करना है। और यह इस व्यवसाय का सबसे महंगा हिस्सा है। वाणिज्यिक पोल्ट्री उत्पादन स्थापित करने के लिए, यदि आपके पास अपनी खुद की भूमि है तो बेहतर होगा।**

विश्व स्तर पर, भारत अंडा उत्पादन में दुनिया में तीसरे और चिकन मांस उत्पादन में दुनिया में पांचवें स्थान पर है। यद्यपि उत्पादन मुख्य रूप से व्यावसायिक साधनों के माध्यम से प्राप्त किया जाता है, लेकिन ग्रामीण पोल्ट्री क्षेत्र भी भारतीय पोल्ट्री उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान देता है। कोई भी व्यक्ति पोल्ट्री का बिजनेस शुरू कर सकता है। हालांकि पोल्ट्री बिजनेस को शुरू करने से पहले उचित योजना और प्रबंधन की आवश्यकता होती है। तो चलिए जानते हैं कि कैसे शुरू करें पोल्ट्री का व्यवसाय

## उपयुक्त स्थान चुनना

भारत में पोल्ट्री फार्मिंग के लिए मुख्य और सबसे महत्वपूर्ण बात एक उपयुक्त भूमि का चयन करना है। और यह इस व्यवसाय का सबसे महंगा हिस्सा है। वाणिज्यिक पोल्ट्री उत्पादन स्थापित करने के लिए, यदि आपके पास अपनी खुद की भूमि है तो बेहतर होगा। भूमि का क्षेत्र उन पक्षियों की संख्या पर निर्भर करता है जिन्हें आप पालना चाहते हैं। पोल्ट्री फार्मिंग के लिए जगह चुनते समय कुछ बातों का खास ध्यान रखें। मसलन, ग्रामीण क्षेत्रों में पोल्ट्री फार्मिंग करें क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि और श्रम अपेक्षाकृत सस्ते हैं। शोर मुक्त और शांत जगह का चयन करें। कोशिश करें कि जगह प्रदूषण मुक्त हो। साथ ही भूमि का चयन करते समय पर्याप्त मात्रा में ताजे और साफ पानी का एक बड़ा स्रोत सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं, उस स्थान से शहर में परिवहन व्यवस्था पर भी ध्यान दें और अगर आपके द्वारा चुने गए स्थान के पास ही मार्केट हो तो काफी अच्छा रहेगा। इससे आपका परिवहन का व्यय काफी हद तक बच जाएगा।

## वित्त व्यवस्था करना

जमीन खरीदने से लेकर मुर्गी पालन तक आपको काफी खर्चा करना पड़ेगा। इसलिए पहले आप वित्त व्यवस्था की ओर ध्यान दें। अगर आपके पास जमा पूंजी है, तो ठीक है, अन्यथा आप बैंक लोन के बारे में भी विचार कर सकते हैं। वर्तमान में बैंक पोल्ट्री फार्मिंग के लिए लोन प्रदान करते हैं।

## मुर्गियों का चयन

पोल्ट्री फार्मिंग में सबसे मुख्य कदम होता है मुर्गियों का चयन करना। दरअसल, आपको पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि मुर्गी पालन के जरिए आप किस तरह आमदनी करना चाहते हैं। मसलन, आप अंडे बेचना चाहते हैं या मीट। अगर आप अंडे उत्पादन करके उन्हें बेचना चाहते हैं तो इसके लिए द्यथभद्रन मुर्गी का चयन करें। वहीं अगर आप मीट बेचकर पैसे कमाने के इच्छुक हैं तो मुर्गियों को पालना अच्छा रहेगा।

## मुर्गी के लिए घर तैयार करना

इसके बाद बारी आती है मुर्गियों के लिए घर तैयार करने की। हालांकि यह जमीन खरीदने जैसा महंगा भी नहीं है। पोल्ट्री पक्षियों के लिए एक अच्छा घर बनाने के कई तरीके हैं। हमेशा यह सुनिश्चित करें कि घर या पिंजरे पर्याप्त और विशाल हो ताकि पक्षियों को उसमें किसी तरह की परेशानी ना हो। उनके पिंजरे में उचित वेंटिलेशन सिस्टम बनाएं। घर के अंदर पर्याप्त मात्रा में ताजी हवा और प्रकाश का प्रवाह सुनिश्चित करें। यदि आप बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उत्पादन करना चाहते हैं तो कई घर बनाएं और एक घर से दूसरे घर की दूरी कम से कम 40 फीट रखें। घर को हमेशा साफ और ताजा रखें। और चूजों को खेत में लाने से पहले अच्छी तरह साफ कर लें। इसके अलावा घर के अंदर एक उपयुक्त जल निकासी व्यवस्था बनाएं। यह आपको घर को आसानी से साफ करने में मदद करेगा।

## भोजन

अगर आप चाहते हैं कि आपका बिजनेस अच्छा चले तो आपको मुर्गियों का सही तरह से ख्याल रखना होगा। अच्छे और उच्च गुणवत्ता वाले पौष्टिक भोजन कमर्शियल पोल्ट्री उत्पादन के लिए जरूरी है। भारत में कई पोल्ट्री फीड उत्पादक कंपनियां उपलब्ध हैं। वे सभी प्रकार के पोल्ट्री पक्षियों के लिए फीड का उत्पादन करते हैं। आप अपने पक्षियों के लिए उन भोजन का उपयोग आसानी से कर सकते हैं। विभिन्न प्रकार के पोल्ट्री रोगों के कारण हजारों किसान भारी नुकसान का सामना करते हैं। इसलिए, हमेशा अपने पक्षियों की अच्छी देखभाल करें और उन्हें पौष्टिक भोजन और स्वच्छ पानी प्रदान करें। उनका समय पर टीकाकरण करें और कुछ सामान्य और आवश्यक दवाओं का भंडारण करके रखें।

## मार्केटिंग

पोल्ट्री फार्मिंग बिजनेस का आखिरी और सबसे मुख्य स्टेप है मार्केट की तलाश करना। इसके लिए आप सबसे पहले अपने लोकल मार्केट में कस्टमर ढूंढे। विभिन्न दुकानों पर आपके अंडे और मीट बिक सकते हैं। अगर आपको अपने काम के लिए बाजार अपने आसपास ही मिल जाता है तो इससे आपका परिवहन खर्च बच जाएगा और आपकी आमदनी अधिक होगी।





# एग्रीकल्चर में भी हैं कॅरियर की अपार संभावनाएं

**एग्रीकल्चर फील्ड में प्रोफेशनली कदम रखने के लिए आपको इस क्षेत्र से संबंधित कोर्स करना होगा। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए छात्र विभिन्न तरह के कोर्स कर सकते हैं। इस क्षेत्र में सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर आप डिप्लोमा, बैचलर व मास्टर कोर्स कर सकते हैं।**

आमतौर पर युवा मानते हैं कि कृषि के क्षेत्र में कॅरियर का कोई स्कोप नहीं है। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। कृषि सबसे बड़े उद्योगों में से एक है और देश भर में रोजगार का एक अच्छा स्रोत है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि की भी अहम भूमिका है और इसलिए इस क्षेत्र में करियर की कई संभावनाएं देखी जा सकती हैं। एग्रीकल्चर साइंस एक मल्टीडिसिप्लनरी फील्ड है, जिसमें विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक, तकनीकी और व्यावसायिक विषय शामिल हैं। यह कृषि-खाद्य उद्योग और गुणवत्तापूर्ण भोजन के कुशल उत्पादन को बढ़ावा देता है। कृषि क्षेत्र में बागवानी, खेत प्रबंधन, व्यवसाय और उद्योग शामिल हैं जो कृषि उत्पादों की खरीद और प्रक्रिया करते हैं, कृषि मशीनरी, बैंकिंग गतिविधियों का निर्माण करते हैं, गुणवत्ता और कृषि उत्पादों की मात्रा में सुधार के लिए रिसर्च आदि करते हैं। अगर आप भी खेती से जुड़ी बारीकियों को जानना चाहते हैं और बेहतर उत्पादन के जरिए देश की सेवा करना चाहते हैं तो एग्रीकल्चर में कॅरियर बना सकते हैं। तो चलिए जानते हैं विस्तार से इसके बारे में

## कोर्स व योग्यता

एग्रीकल्चर फील्ड में प्रोफेशनली कदम रखने के लिए आपको इस क्षेत्र से संबंधित कोर्स करना होगा। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए छात्र विभिन्न तरह के कोर्स कर सकते हैं। इस क्षेत्र में सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर आप डिप्लोमा, बैचलर व मास्टर कोर्स कर सकते हैं। इतना ही नहीं, आप एग्रीकल्चर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषिविज्ञान, बागवानी, फ्लोरीकल्चर, कृषि अर्थशास्त्र, फॉरेस्टी, एग्रीकल्चर जेनेटिक्स, हीड्रोपोनिक्स, वीड साइंस, कृषि एंटोमोलॉजी, कृषि माइक्रोबायोलॉजी, सॉइल साइंस और कृषि रसायन आदि में स्पेशलाइजेशन भी कर सकते हैं। इस क्षेत्र में बैचलर कोर्स में दाखिला लेने के लिए छात्रों को किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल या बोर्ड से जीव विज्ञान, गणित और भौतिकी विषयों के साथ 12वीं में पास होना अनिवार्य है।

## एडमिशन

छात्र राष्ट्रीय, राज्य और विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कृषि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार अपनी 12वीं की शिक्षा पूरी करने के बाद इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि कुछ कॉलेज योग्यता परीक्षा की मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश भी देते हैं।

## कॅरियर स्कोप

वर्तमान में, कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवर की मांग अधिक है। कृषि क्षेत्र में कोर्स करने के बाद, आप सरकारी के साथ-साथ निजी संगठनों में भी नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। कृषि स्नातक उम्मीदवारों के लिए नौकरी के विभिन्न अवसर उपलब्ध हैं। एग्रीकल्चर की पढ़ाई करने के बाद आप बागवानी, डेयरी और पोल्ट्री फार्मिंग में नौकरी के अवसर प्रदान करते हैं। इस क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध हैं। इस क्षेत्र में स्नातक पूरा करने और कुछ अनुभव के बाद, आप अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं जैसे कृषि फर्म, कृषि उत्पाद की दुकान, कृषि उद्योग, आदि। एग्रीकल्चर में स्नातकोत्तर की डिग्री पूरी करने के बाद, आप पर्यवेक्षक, वितरक, शोधकर्ता और इंजीनियर के रूप में काम कर सकते हैं।

## वेतन और पे-स्केल

एग्रीकल्चर क्षेत्र स्मार्ट और मेहनती लोगों को एक अच्छा वेतन पैकेज देता है। भारत में कई सरकारी और निजी उद्योग कृषि इच्छुक लोगों को अच्छे वेतन पैकेज प्रदान करते हैं। बीएससी (कृषि) स्नातक के रूप में, आप आसानी से भारत में प्रति वर्ष लगभग 3 से 4 लाख कमा सकते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली
- पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लुधियाना
- अमृतसर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, अमृतसर
- देश भगत यूनिवर्सिटी, पंजाब
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, कृषि विद्यालय, नई दिल्ली



# महिलाओं की हर समस्या का उपचार करती हैं गायनेकोलॉजिस्ट

**स्त्री रोग विशेषज्ञ को विनम्र होना चाहिए। साथ ही उनका कम्युनिकेशन स्किल भी अच्छा होना चाहिए, ताकि वह रोगी की छोटी सी छोटी समस्या को सुनकर उसका समाधान कर सकें। कई बार महिलाएं झिझक के कारण अपनी समस्या के बारे में बात नहीं करतीं, ऐसे में आपके पास आकर उन्हें कंफर्टेबल फील हों।**

जब भी व्यक्ति को किसी तरह की स्वास्थ्य समस्या होती है तो वह डॉक्टर के पास ही जाता है। लेकिन शरीर की विभिन्न तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए आज के समय में एक अलग डॉक्टर होता है, जो उस क्षेत्र का विशेषज्ञ होता है। वह व्यक्ति की परिस्थिति का गहराई से अध्ययन करके उसका एकदम सही उपचार करता है। ऐसी ही एक शाखा है गायनेकोलॉजी। गायनेकोलॉजिस्ट को स्त्री रोग विशेषज्ञ भी कहा जाता है, जो महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार करती हैं। तो चलिए जानते हैं किस तरह बनें स्त्री रोग विशेषज्ञ

## क्या होता है काम

स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला अंगों और प्रजनन प्रणाली के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों से संबंधित चिकित्सा विज्ञान की शाखा में विशेषज्ञ हैं। पेशेवरों के रूप में, स्त्री रोग विशेषज्ञ महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हैं, महिलाओं के लिए एक प्राथमिक चिकित्सक और अन्य चिकित्सकों के परामर्शदाता के रूप में कार्य करते हैं। उन्हें प्रजनन प्रणाली में रोगों और विकारों के निदान और उपचार के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। स्त्री रोग विशेषज्ञ गर्भावस्था, यौन स्वास्थ्य और बांझपन या प्रजनन कैंसर जैसी गंभीर प्रजनन समस्याओं के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ का काम महिला जननांग, मूत्र और मलाशय के अंगों से संबंधित बीमारी और मुद्दों की पहचान करना है, रोगी को ठीक करना है और यदि आवश्यक हो, तो विकार को ठीक करने या रोगग्रस्त अंग को हटाने के लिए आवश्यक चिकित्सा सहायता या सर्जरी करते हैं।

**योग्यता** - स्त्री रोग विशेषज्ञ बनने के लिए, उम्मीदवारों को एमडी (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन)/ एमएस (मास्टर ऑफ सर्जरी)/ डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ मेडिसिन) या स्त्री रोग (डीजीओ) में डिप्लोमा कोर्स करना पड़ता है। इसके अलावा करीबन साढ़े चार साल का एमबीबीएस प्रोग्राम और एक साल की इंटर्नशिप करने के बाद आप गायनेकोलॉजी में पोस्टग्रेजुएट कर सकते हैं। पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स (एमडी/एमएस/डीएनबी) आमतौर पर 3 साल की अवधि के होते हैं। स्त्री रोग (डीजीओ) पाठ्यक्रम में डिप्लोमा 2 वर्ष की अवधि का है। पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है। निजी मेडिकल कॉलेजों के मामले में संस्थानों द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

**व्यक्तिगत गुण** - स्त्री रोग विशेषज्ञ को विन्रम होना चाहिए। साथ ही उनका कम्युनिकेशन स्किल भी अच्छा होना चाहिए, ताकि वह रोगी की छोटी सी छोटी समस्या को सुनकर उसका समाधान कर सकें। कई बार महिलाएं झिझक के कारण अपनी समस्या के बारे में बात नहीं करतीं, ऐसे में आपके पास आकर उन्हें कंफर्टेबल फील हों। इसके अलावा उनमें मजबूत नैतिकता, सेवा मानसिकता, आत्म-प्रेरित और जल्दी से निर्णय लेने में सक्षम होना चाहिए। इन सभी गुणों के अलावा स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास अच्छी याददाश्त और याद रखने की क्षमता होनी चाहिए। एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ में जिम्मेदारी की भावना होनी चाहिए, क्योंकि रोगी का जीवन पूरी तरह से उस पर निर्भर करता है।

**आमदनी** - स्त्री रोग विशेषज्ञ का वेतन उनकी शैक्षिक डिग्री, वर्क एक्सपीरियंस, रोजगार के स्थान पर निर्भर करता है। एक फ्रेशर का वेतन 15000 से 30000 रूपए प्रतिमाह हो सकता है। वहीं चार-पांच वर्षों के अनुभव के बाद आपकी सैलरी 40000 से 80000 रूपए प्रतिमाह हो सकती है। सीनियर लेवल पर यह सैलरी 100000 से 200000 प्रतिमाह हो सकती है।

## कॅरियर की संभावनाएं

स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास जॉब की कोई कमी नहीं होती। आप सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी अस्पतालों, क्लीनिक, आदि में काम कर सकते हैं। इसके अलावा आप मेडिकल स्कूल या संस्थान में बतौर गायनेकोलोजी लेक्चरर के रूप में काम कर सकते हैं। इतना ही नहीं, आप खुद का क्लीनिक भी खोल सकते हैं।



# टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के एक दिन बाद विराट अपनी पत्नी अनुष्का के साथ वृंदावन पहुंचे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद, भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली मंगलवार को अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन में देखे गए। भगवान कृष्ण ने अपना बचपन जिस पवित्र शहर में बिताया था, वहां उनके जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

वृंदावन में, विराट और अनुष्का ने संत प्रेमानंद गोविंद शरण से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपने शानदार 14 साल के टेस्ट करियर का अंत किया, जिसमें उन्होंने 123 मैचों में 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं।

इस जोड़े को पिछले कुछ सालों में कई मंदिरों में जाते हुए देखा गया था। इस साल जनवरी में, विराट, अनुष्का शर्मा और उनके बच्चे प्रेमानंद जी महाराज का आशीर्वाद लेने वृंदावन गए थे, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं।

2023 में, दंपति ने उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर का दौरा किया। इससे पहले, दोनों ने उत्तराखंड में नीम करोली बाबा आश्रम, कैंची धाम की आध्यात्मिक यात्रा की।

विराट के टेस्ट रिटायरमेंट का फैसला तब आया जब यह बताया गया कि कोहली ने अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को अपने फैसले के बारे में बता दिया था।

2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले कोहली पिछले एक दशक में भारत के लाल गेंद के पुनरुत्थान की आधारशिला रहे हैं। उनकी आक्रामक कप्तानी, शानदार बल्लेबाजी और बेजोड़ तीव्रता ने भारत को घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर एक मजबूत टेस्ट टीम में बदलने में मदद की है।

वह ग्रीम स्मिथ (53 जीत), रिकी पोंटिंग (48 जीत) और स्टीव वॉ (41 जीत) के बाद कुल मिलाकर 40 जीत के साथ चौथे सबसे सफल टेस्ट कप्तान के रूप में सेवानिवृत्त हुए।

कोहली के 30 टेस्ट शतक उन्हें सचिन तेंदुलकर (51 शतक), राहुल द्रविड़ (36) और सुनील गावस्कर (34) के बाद चौथे सबसे सफल भारतीय बल्लेबाज बनाते हैं। कोहली ने सात टेस्ट दोहरे शतक भी बनाए, जो किसी भारतीय द्वारा अब तक का सबसे अधिक है। उनके नाम किसी भारतीय कप्तान द्वारा सबसे



अधिक टेस्ट शतक भी हैं, जबकि गावस्कर (11 शतक) उनके 20 शतकों से काफी पीछे हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछले साल भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20आई प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। 36 वर्षीय कोहली अब भारत के लिए केवल वनडे मैचों में खेलेंगे।

# एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने से गुस्साई चमारी अटापट्टू ने की ओछी हरकत, आईसीसीस ने ठोका जुर्माना



**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गए।

यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा 24 महीने की अवधि में पहले अपराध के तहत अटापट्टू पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।

मैदानी अंपायर अन्ना हैरिस और डेडुनू डी सिल्वा, तीसरे अंपायर लिंडन हैनिबल और चौथे अंपायर निमाली परेरा ने अटापट्टू पर आरोप लगाए थे। अटापट्टू ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इस लिये इस पर और सुनवाई की आवश्यकता नहीं है।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में खेलेंगे या नहीं, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने सुना दिया फैसला




**सिडनी (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में लौटने के खिलाड़ियों के 'व्यक्तिगत फैसले' का सम्मान करेगा हालांकि आईपीएल की बहाली की तारीखें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल फाइनल की तैयारियों से टकरा रही है।

बीसीसीआई ने सोमवार को फैसला किया कि आईपीएल का यह सत्र 17 मई से छह स्थानों पर बहाल होगा जबकि फाइनल तीन जून को खेला जाएगा। इससे ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट क्रिकेटरों के सामने दुविधा पैदा हो गई है क्योंकि 11 जून से दोनों टीमों के बीच लॉडर्स पर डब्ल्यूटीसी फाइनल होना है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'आईपीएल के शनिवार से फिर शुरू होने के ऐलान के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तय किया है कि इसके लिए भारत लौटने या नहीं लौटने के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत फैसले का वह सम्मान करेगा।' इसमें कहा गया, 'हम सुरक्षा इंतजामात को लेकर बीसीसीआई और ऑस्ट्रेलियाई सरकार के संपर्क में हैं।' भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण आईपीएल शुक्रवार को स्थगित हो गया था। संशोधित कार्यक्रम के तहत अब यह टूर्नामेंट टूर्नामेंट अब लंदन में डब्ल्यूटीसी फाइनल से आठ दिन पहले खत्म होगा जिसमें ऑस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से है।

# कोहली के संन्यास से रहाणे को मिल सकता है अवसर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के संन्यास लेने से अब चयनकर्ता किसी अनुभवी बल्लेबाज की तलाश करेंगे। ऐसे में लंबे समय से टीम में वापसी का प्रयास कर रहे आजिंक्य रहाणे को टीम में जगह मिल सकती है। रहाणे ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल में भी उनका अब तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। ऐसे में अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए वह टीम में जगह पाने के प्रबल दावेदार उभरे हैं। विराट कोहली से पहले रोहित शर्मा पहले ही टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं। इन दो दिग्गजों के एकसाथ जाने से भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की कमी हो गयी है। ऐसे में रहाणे के अलावा चेतेश्वर पुजारा के लिए टीम में राह बन सकती है। इसका कारण है कि ये





दोनों ही इंग्लैंड में भारतीय टीम के मध्य क्रम को मजबूत बना सकते हैं।

इंग्लैंड में मुश्किल विकेटों को देखते हुए जो सीम और स्विंग के लिए अनुकूल हैं। रोहित की अनुपस्थिति में भारत को कोहली जैसे अनुभवी और तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाज की मदद की आवश्यकता थी। ऐसे में जब ये दोनो ही नहीं हैं। रहाणे मध्यक्रम को संभाल सकते हैं। वह जुलाई 2023 से टीम इंडिया से बाहर हैं. रहाणे का इंग्लैंड के खिलाफ हालांकि रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है। उन्होंने इंग्लैंड में लॉर्ड्स में सिर्फ एक शतक लगाया है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्होंने 89 और 46 रन बनाए थे। . रणजी ट्रॉफी में रहाणे ने 9 मैचों में 35.92 की औसत से 467 रन बनाए। ऐसे में सबके उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती और अनुभव मिलेगा।

वहीं पुजारा की ऑस्ट्रेलिया में 2020-21 में भारत की टेस्ट सीरीज़ में अहम भूमिका रही। पुजारा के नाम पर भी बीसीसीआई इंग्लैंड दौरे के लिए विचार कर सकती है। पुजारा ने पूर्व में इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने 39.51 की औसत से 1778 रन बनाए हैं।

# दिल्ली कैपिल्स को अब स्टार्क के बिना ही खेलना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का बचा हुआ सत्र शीघ्र शुरु होने की संभावनाएं हैं पर इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स को अब लगता है कि अपने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना ही खेलना पड़ सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बची सभी विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गये थे। उन्हीं में स्टार्क भी थे। अब जो संकेत मिले हैं उससे साफ है कि स्टार्क अब शायद आईपीएल के बाकी बचे मैचों के लिए भारत लौटने वाले नहीं हैं। पिछले सप्ताह युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के ज्यादातर खिलाड़ियों ने अपनी देश लौटने में ही भलाई समझी थी। रविवार को मिचेल स्टार्क अपनी पत्नी एलिसा हीली के साथ सिडनी पहुंच गए, जहां उन्होंने मीडिया से बात नहीं की पर उनके मैनेजर ने कहा कि वह पिछले दिन के तनाव के कारण डरे हुए और परेशान हैं। इसलिए बचे हुए सत्र के लिए वह जायं ऐसे संभावना नहीं है। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच को ब्लैकआउट के कारण बीच में ही रद्द किया गया था तो हर किसी को लग रहा था कि टूर्नामेंट को स्थगित किया जाएगा। शुक्रवार की दोपहर को बीसीसीआई ने एक सप्ताह के लिए आईपीएल के स्थगित पर अगले ही दिन शनिवार 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा हो गयी। ऐसे में टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने की बात सामने आई। इसके बाद टीमों ने विदेशी खिलाड़ियों से संपर्क किय पर वे उत्सुक नहीं दिखे। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अपने खिलाड़ियों को वापसी के बारे में व्यक्तिगत निर्णय लेने का अधिकार दिया है।



रिपोर्ट के अनुसार, बोर्ड ने जोर देकर कहा है कि इस तरह के विकल्पों से आईपीएल में भविष्य के चयन या बीसीसीआई के साथ संबंधों पर असर नहीं पड़ना चाहिए, क्योंकि खिलाड़ी कठिन हालातों के कारण वापस आये हैं।

# वेस्टइंडीज के नये टेस्ट कप्तान की दौड़ में रोस्टन सहित छह खिलाड़ी शामिल

जमैका। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को नया टेस्ट कप्तान अगले सप्ताह मिल सकता है। ये इसलिए क्योंकि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि उसने नये कप्तान के लिए छह संभावितों के नाम तय किये हैं जिसमें से वह कप्तान के नाम की घोषणा करेगी। साथ ही कहा कि इन उम्मीदवारों के साक्षात्कर भी उसने लिए हैं। इसके अलावा नए टेस्ट कप्तान को चुनने के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया को सभी ने पसंद किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार रोस्टन चेस, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ डा सिल्वा, जॉन कैम्पबेल, जोमेल वॉरिकन और टेविन इमलाच टेस्ट कप्तानी की दौड़ में शामिल हैं। क्रिकेट निदेशक माइल्स बासकॉम्बे, सीडब्ल्यूआई की क्रिकेट समिति के अध्यक्ष हनोक लुईस, मुख्य कोच डैरन सैमी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस डेहिंग ने साक्षात्कार लिए। टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें



बासकॉम्बे और सैमी द्वारा की जाएंगी। साथ ही कहा कि कहा, ÷हमें उम्मीद है कि अगले सप्ताह के अंत तक बोर्ड को टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें मिल जाएंगी। क्रिकेट निदेशक के अनुसार यह है कि प्रक्रिया काफी अच्छी चल रही है। साथ ही कहा कि यह पहली बार है जब हम टेस्ट कप्तान चुनने की इस तरह की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और क्रिकेट प्रमुखों द्वारा सकारात्मक रवैयर अपनाया गया है।÷ वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए कुछ समय पहले ही कई बदलाव करते हुए कप्तान को भी हटा दिया था। उसका लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अगले सत्र की अच्छी शुरुआत करना है।

# बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को 17 मई से पुन: आरंभ करने की घोषणा की, फाइनल मैच 03 जून को




मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र को पुन: आरंभ करने की घोषणा की, जिसमें 17 मई से फिर से मैच शुरू होकर छह स्थानों पर 17 मैच खेले जाएंगे और तीन जून को फाइनल होगा। बीसीसीआई के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, दो रविवार को दो डबल-हेडर आयोजित किए गए हैं, जो टूर्नामेंट के अंतिम चरण के रोमांच को और भी ज्यादा बढ़ाएगा। प्लेऑफ के मैच इस प्रकार आयोजित किए जाएंगे- 29 मई को क्वालीफायर 1, 30 मई को एलिमिनेटर, 01 जून को क्वालीफायर 2 और 03 जून को फाइनल मैच होगा। बीसीसीआई ने कहा कि प्लेऑफ मैचों के लिए स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। गौरतलब है कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण आई पी एल के शेष मैचों को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया। आईपीएल अब नए जोश के साथ अपने अंतिम चरण में प्रवेश करेगा क्योंकि टीमें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष करेंगी।

# धर्मशाला की उस रात क्या-क्या हुआ, ऑस्ट्रेलिया पहुंचते ही एलीसा हीली ने खोल दी सारी बात

**खेल डैस्क।** धर्मशाला में ब्लैकआऊट के बाद जब पंजाब और दिल्ली मुकाबला रद्द कर दिया गया तो दर्शक दीर्घा में मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली भी थी। हीली ने मैच के बाद का अनुभव सबके साथ साझा करते हुए कहा कि यह बहुत डरावना था। मैच में पंजाब किंग्स की पारी के 10.1 ओवर के बाद, स्टेडियम में फ्लडलाइट बंद हो गईं और लोगों को स्टैंड से बाहर निकाल दिया गया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पाकिस्तान ने पठानकोट क्षेत्र में हमला किया था, जो धर्मशाला स्टेडियम से लगभग 80 किमी दूर था।

दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ को भी उनके संबंधित होटलों में वापस ले जाया गया। उसके बाद दोनों टीमों को दिल्ली लाने के लिए एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था की गई क्योंकि उड़ान संचालन निलंबित कर दिया गया था। एलिसा हीली ने कहा कि स्टेडियम में




अचानक एक व्यक्ति सामने आया और कहा कि यहां से चले जाओ। उसका चेहरा सफेद हो गया था।

हीली ने कहा कि यह एक अवास्तविक अनुभव था। अचानक कुछ लाइट टावर बंद हो गए और हम बस ऊपर बैठे इंतजार कर रहे थे... हम परिवार और अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ का एक बड़ा समूह थे और अगले ही मिनट वह व्यक्ति जो हमें बस में ले जाता है, आया और उसका चेहरा सफेद हो गया। वह कह रहा था कि हमें अभी जाना चाहिए। फिर एक और आदमी बाहर आया और उसका चेहरा सफेद था और उसने एक बच्चे को पकड़ लिया और कहा कि हमें अभी जाना चाहिए। हम सोच रहे थे- क्या हो रहा है? हमें कुछ नहीं बताया गया। हमें कुछ पता नहीं था। अगले ही मिनट हमें इस कमरे में ले जाया गया जो एक होल्डिंग पेन की तरह था। सभी लड़के वहां थे।

एलिसा हीली ने कहा कि स्थिति ऐसी थी कि फाफ डु प्लेसिस के पास जूते भी नहीं थे। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने मिशेल स्टार्क से पूछा कि क्या हो रहा है और तेज गेंदबाज ने उन्हें मिसाइल हमले के बारे में बताया। पूरी घटना को पागलपन बताते हुए उन्होंने कहा कि फाफ डु प्लेसिस के पास जूते भी नहीं थे। हम सभी वहां बस इंतजार कर रहे थे, तनाव में दिख रहे थे। मैंने मिच से पूछा कि क्या हो रहा है? उन्होंने कहा कि 60 किमी दूर शहर में कुछ मिसाइलों से हमला हुआ था, इसलिए इलाके में पूरी तरह से ब्लैकआउट हो गया था। इसलिए लाइटें बंद थीं क्योंकि उस समय धर्मशाला स्टेडियम एक बीकन की तरह था। अचानक हम वैन में भर गए और होटल वापस चले गए। पागलपन था।

# इटली में खेला जाएगा होपमैन कप : आईटीए



लंदन। होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट इटली के दक्षिणी शहर बारी में 16 से 20 जुलाई तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीए) ने कहा है कि इस साल इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद किया जाएगा। मालूम हो कि होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है पर इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। गौरतलब है कि ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था। पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था। आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

# स्मृति मंधाना आईसीसी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंची, अब शीर्ष स्थान पर नजरें

दुबई। श्रीलंका में हाल में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं जिससे उनकी नजरें एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी हैं। पिछली बार 2019 में नंबर एक एकदिवसीय बल्लेबाजी बनीं मंधाना ने श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला की पांच पारियों में 264 रन बनाए और श्रृंखला की दूसरी सबसे सफल बल्लेबाज रहीं। श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 101 गेंद में 116 रन की पारी खेलने वाली मंधाना शीर्ष पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट से सिर्फ 11 रेटिंग अंक पीछे हैं। वोलवार्ट त्रिकोणीय श्रृंखला में सिर्फ 86 रन बना पाईं। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने शीर्ष स्थान में अपनी जगह मजबूत की। वह त्रिकोणीय श्रृंखला में 139 रन बनाने के बाद दो स्थान के फायदे से सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं। भारत की जेमिमा रोड्रिग्स (पांच स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्राइओन (नौ स्थान के फायदे से 18वें पायदान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई भारतीय स्पिनर स्नेह राणा को गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है जिसमें इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर चल रही हैं।




# अब अगस्त में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे रोहित




नई दिल्ली। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने पिछले सप्ताह टेस्ट प्रारुप से संन्यास की घोषणा कर दी थी। ऐसे में अब वह इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये हैं। रोहित अब अगस्त में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे। भारतीय टीम अगस्त में बांग्लादेश के दौरे पर जाएगी। जिससे रोहित टीम की कप्तानी करते दिखेंगे। भारतीय टीम को इस दौरे में तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलने हैं। रोहित इस दौरे में एकदिवसीय सीरीज में कप्तानी करेंगे। वह 2027 विश्व कप तक एकदिवसीय प्रारुप खेलना चाहते हैं। वहीं टी20 प्रारुप की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। भारतीय टीम का बांग्लादेश का दौरान 17 अगस्त से शुरू होगा। सीरीज का पहला एकदिवसीय ढाका के शेर ए बांग्ला स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि दूसरा एकदिवसीय मैच 20 अगस्त को इसी स्थल पर होगा. सीरीज का तीसरा और आखिरी एकदिवसीय मैच 23 अगस्त को चटगांव में खेला जाएगा। इसके बाद टी20 सीरीज खेली जाएगी पर इसमें रोहित टीम के साथ नहीं होंगे क्योंकि उन्होंने पिछले साल ही टी20 प्रारुप को अलविदा कह दिया था। भारत और बांग्लादेश के बीच 42 एकदिवसीय खेले जा चुके हैं जहां भारत ने 33 मैच जीते हैं जबकि बांग्लादेश ने 8 जीते है जबकि एक मैच का कोई परिणाम नहीं निकला है।

# बंद कर दो डीजे, चीयरलीडर्स नचाना, सुनील गावस्कर ने की बीसीसीआई से अपील

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण निलंबित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का सीजन सप्ताहांत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैच के साथ फिर से शुरू होगा। टूर्नामेंट की बहाली से पहले, भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बीसीसीआई से शेष मैचों में संगीत, डीजे और चीयरलीडर्स को हटाने की अपील की है, ताकि हाल के आतंकी हमले में जान गंवाने वाले परिवारों की भावनाओं का सम्मान किया जाए।

गावस्कर का यह सुझाव भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम के बाद आया है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस कार्रवाई के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से आईपीएल को स्थगित करना पड़ा। युद्धविराम के बाद टूर्नामेंट दोबारा शुरू होने को तैयार है।

गावस्कर ने कहा कि शेष 15-16 मैचों में कोई संगीत, डीजे या चीयरलीडर्स नहीं होनी चाहिए। खेल को सिर्फ क्रिकेट तक सीमित रखना उन परिवारों की भावनाओं का सम्मान होगा, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। दर्शकों को आने की अनुमति हो, लेकिन यह सिर्फ एक क्रिकेट टूर्नामेंट हो, बिना किसी नाच-गाने के। उन्होंने यह भी कहा कि सीमा पर तनाव के बीच टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए निलंबित करने का फैसला सही था, क्योंकि ऐसी स्थिति में खेल जारी रखना उचित नहीं था।

गावस्कर ने इस दौरान विराट और रोहित के 2027 विश्व कप में खेलने के इरादे पर भी बात की। उन्होंने साफ कहा कि वे खेल के इस प्रारूप में बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। फिर से, चयन समिति शायद 2027 विश्व कप को ध्यान में रखेगी। वे देखेंगे कि क्या वे 2027 विश्व कप के लिए टीम में शामिल हो पाएंगे। क्या वे उस तरह का योगदान दे पाएंगे जैसा वे दे रहे हैं? यह चयन समिति की विचार प्रक्रिया होगी। अगर चयन समिति सोचती है कि 'हां, वे कर सकते हैं', तो वे दोनों इसके लिए मौजूद होंगे।



## मोहम्मद यूनुस ने फिर पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर उगला जहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने फिर पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर अपने जहरीले और खतरनाक मंसूबों को उजागर किया है। उन्होंने सुझाव दिया है कि भारत के पूर्वोत्तर के सात राज्य स्वतंत्र देश जैसे है, इनके साथ क्षेत्रीय और एकीकृत आर्थिक विकास की रणनीति बनाई जा सकती है। यूनुस ने नेपाली संसद के प्रतिनिधि सभा की उपाध्यक्ष इंदिरा राणा के साथ एक बैठक की थी। बैठक के बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उनकी तरफ से कहा गया है कि बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों के बीच एक एकीकृत आर्थिक रणनीति बनाई जानी चाहिए। बता दें कि कुछ महीने पहले ही यूनुस ने पूर्वोत्तर के इस क्षेत्र को भूमि से घिरा हुआ कहा था और बांग्लादेश को इस क्षेत्र का अभिभावक कहा था। वहीं अब यूनुस ने बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और भारत के सात राज्यों के लिए एक एकीकृत आर्थिक योजना का आह्वान कर कहा कि इन देशों और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को अलग रहने की अपेक्षा एक साथ रहने पर अधिक लाभ होगा।

## इंदौर पुलिस ने नकली नोट मामले में दो युवकों को पकड़ा

इंदौर (एजेंसी)। इंदौर के पलासिया इलाके में वॉट्सएप के द्वारा नकली नोट बेचने का सौदा कर रहे दो युवकों को पुलिस ने सादी वर्दी में पकड़ा है। आरोपियों के पास से करीब 4 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुए हैं, जिन्हें आरोपियों ने असली नोटों की गड्डियों में ऊपर-नीचे छिपा रखा था। पुलिस को शक है कि यह बड़े गिरोह से जुड़ा मामला हो सकता है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक वॉट्सएप के माध्यम से नकली नोटों का सौदा कर रहे हैं। इस पर एक विशेष टीम बनाकर पुलिस ने खुद को ग्राहक बनाकर वॉट्सएप पर ही आरोपियों से संपर्क किया। बातचीत के बाद सौदा तय हुआ और दोनों युवकों को पलासिया इलाके में बुलाया गया। सौदे के मुताबिक, महाराष्ट्र के जलगांव निवासी प्रथमेश येवलेकर और बड़वाह के दीपक कौशल तय समय पर इलाके में पहुंचे। वे एक बैग में नकली नोट लेकर आए थे। पुलिस पहले से ही सादी वर्दी में मौजूद थी। जैसे ही दोनों युवक पहुंचे, टीम ने उन्हें दबोच लिया। तलाशी में उनके बैग से करीब 20 गड्डियों में छिपे नकली नोट मिले। आरोपी असली नोटों को ऊपर और नीचे रखकर नकली नोटों को बीच में छिपाकर लाए थे, ताकि पहली नजर में नोट असली लगें। पुलिस को नकली के साथ कुछ असली नोट भी मिले हैं। पुलिस का कहना है कि नकली नोट इतने साफ प्रिंट में थे कि लोगों के लिए पहचानना मुश्किल होता। अब यह जांच की जा रही है कि आरोपी ये नकली नोट किससे लेकर आए और इनके पीछे कौन लोग हैं। फिलहाल दोनों युवकों से पूछताछ की जा रही है और पुलिस यह मान रही है कि इस रैकेट में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं।

## जैसलमेर में पाकिस्तानी लोकल सिम के उपयोग पर रोक

जैसलमेर (एजेंसी)। श्रीगंगानगर के बाद जैसलमेर में भी पाकिस्तानी लोकल सिम के उपयोग पर रोक लगा गई है। कलेक्टर प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर आदेश जारी किया है। इसके पहले श्रीगंगानगर में पाकिस्तानी सिम के उपयोग पर रोक लगी थी। उधर, राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास मिसाइलनुमा वस्तु मिली है। पुलिस ने वस्तु को कब्जे में लेकर सेना को सूचना दी है। उधर, एयरपोर्ट के ऑपरेशनल होने के बाद भी बीकानेर से न ही कोई फ्लाइट गई और न ही आई है। बीकानेर, किशनगढ़ (अजमेर) और जोधपुर के एयरपोर्ट शुरू हो चुके हैं। एयर इंडिया ने ट्रैवल एडवाइजरी कर जोधपुर की फ्लाइट सर्विस को मंगलवार के लिए कैंसिल कर दिया था। इंडिगो की सुबह की फ्लाइट्स के कैंसिल होने की सूचना है। जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर और श्रीगंगानगर में स्कूल-कॉलेज, यूनिवर्सिटी, आंगनबाड़ी केंद्र और कोचिंग सेंटर्स खुल गए हैं। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे जैसलमेर प्रशासन ने शिक्षण संस्थानों को खोलने का आदेश जारी किया। सुबह से स्कूल-कोचिंग संचालकों में असमंजस की स्थिति थी। उधर, राजस्थान के सीमावर्ती जिले बाड़मेर के एक गांव में सोमवार रात को ड्रोन दिखाई दिए थे, जिन्हें भारतीय एयर डिफेंस ने मार गिराया था। झुंझुनूं जिले के चिड़ावा, पिलानी, सिंघाना, बुहाना और आसपास के क्षेत्र में भी आसमान में संदिग्ध वस्तु दिखने की सूचना मिली थी।

## पाकिस्तान जिंदाबाद लिखने पर पुलिस ने किया युवक को गिरफ्तार

बरेली (एजेंसी)। बरेली जिले की देवरानियां थाना पुलिस ने फेसबुक पर पाकिस्तान के समर्थन में एक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में एक शख्स को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक देवरनिया थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में रहने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है जिसने फेसबुक पर कथित रूप से 'पाकिस्तान जिंदाबाद लिख कर वीडियो पोस्ट की थी। वीडियो में पाकिस्तान का झंडा लहराते और लोग जश्न मनाते दिख रहे थे। जानकारी के मुताबिक बहेड़ी के सीओ ने बताया कि आरोपी साजिद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद साजिद थाने में ॐपाकिस्तान मुर्दाबादॐ के नारे लगाने लगा। सीओ ने कहा कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## पाकिस्तानी लिंक मिलते ही मदरसे पर चला दिया बुलडोजर

अहमदाबाद (एजेंसी)। मौलाना के फोन में पाकिस्तानी कनेक्शन वाले कई वॉट्सऐप ग्रुप मिलने के बाद गुजरात में पुलिस ने मौलाना का द्वारा संचालित किए जा रहे मदरसे को बुलडोजर से मिट्टी में मिला दिया है। मौलाना मोहम्मद फजल अब्दुल अजीज शेख की ओर से चलाया जा रहा था। अमरेली के डीएसपी पीआर राठौर ने कहा कि एसडीएम की जांच में पाया गया कि मदरसे के पास दस्तावेज नहीं हैं। संचालक यह बताने में असफल रहे कि यह मदरसे की जमीन उनकी है और निर्माण कानूनी तरीके से किया गया है। मौके पर भारी सुरक्षाबल को तैनात किया गया था। हालांकि, पुलिस को किसी तरह के विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। धारी पुलिस स्टेशन में मौलाना के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मौलाना मूल रूप से अहमदाबाद का रहने वाला है और अमरेली में मदरसा चला रहा था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद गुजरात पुलिस ने अमरेली से संदिग्ध मौलाना को हिरासत में लिया था।

# राहुल के बिहार दौरे से पहले कांग्रेस के 17 नेताओं ने की बीजेपी ज्वाइन

### अनवर की कार्यशैली ने उच्च जाति के समर्थकों को अलग-थलग कर दिया

पटना (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे से कुछ ही दिन पहले पार्टी को बड़ा झटका लगा है। कटिहार जिले के 17 प्रमुख नेता कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में चले गए हैं। यह राजनीतिक बदलाव वरिष्ठ कांग्रेस नेता और छह बार के सांसद तारिक अनवर के खिलाफ गंभीर आरोपों के साथ हुआ है। इससे पार्टी में दरार और गहरी हो गई है और बिहार में कांग्रेस की ताकत पर सवाल उठ रहे हैं।



इस नाटकीय बदलाव का नेतृत्व कांग्रेस से जुड़े श्रमिक संगठन आईएनटीयूसी के अध्यक्ष विकास सिंह ने किया। उन्होंने तारिक अनवर पर अपने कार्यों और बयानबाजी दोनों में उच्च जाति विरोधी मानसिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। बिहार के पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह ने कहा कि यह तो बस शुरुआत है। आने वाले दिनों में सैकड़ों-हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल होने के लिए तैयार हैं। सिंह के मुताबिक 17 प्रभावशाली उच्च जाति के कांग्रेस नेताओं का पाला बदलने का फैसला तारिक अनवर के कथित पक्षपात और रवैये के खिलाफ बढ़ते आक्रोश से उपजा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनवर की कार्यशैली ने उच्च जाति के समर्थकों के एक बड़े वर्ग को अलग-थलग कर दिया है। कटिहार में एक प्रभावशाली मतदाता समूह, जहां जातिगत गतिशीलता अक्सर चुनावी नतीजों को आकार देती है। नेताओं का पलायन और जातिगत आक्रोश ऐसे समय में सामने आया है जब कांग्रेस पहले से ही इंडिया ब्लॉक के भीतर आंतरिक असंतोष का सामना कर रही है। यह घटनाक्रम तारिक अनवर के पारंपरिक समर्थन आधार को खत्म कर सकते हैं और उनकी छवि को धूमिल कर सकते हैं। अनवर के नेतृत्व में लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाला कटिहार अब राजनीतिक रूप से कमजोर दिख रहा है। इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव रखने वाला उच्च जाति समुदाय अब कांग्रेस से दूर जा सकता है।


## सुपौल में बांग्लादेशी झंडा लगी कार को घूमते देखा तो मचा हड़कंप

सुपौल। बिहार के सुपौल में तब हड़कंप मच गया, जब लोगों ने सड़क पर बांग्लादेशी झंडा लगी कार को घूमते देखा। कार बेरदह की ओर से आती हुई सिमराही के रेफरल अस्पताल रोड में घुसी। इसके बाद रामनगर रोड होकर एनएच-27 की ओर निकल गई। घटना के वक्त कई लोगों ने कार का वीडियो बना लिया, जो अब सामने आया है। कार का नंबर बीआर 50 के 7641 बताया जा रहा है, जिससे साफ है कि यह सुपौल जिले का ही नंबर है। इसके बावजूद कार पर विदेशी झंडा कैसे और क्यों लगा, इसपर इलाके में सस्पेंस बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि बांग्लादेशी झंडा देखकर वे हैरान रह गए। कई लोगों को शक है कि यह सिर्फ मजाक नहीं, बल्कि इसके पीछे कोई गहरी साजिश हो सकती है। सीमावर्ती इलाका होने के कारण लोग सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। राघोपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई आधिकारिक शिकायत नहीं मिली है। लेकिन वायरल हो रहे वीडियो को देखकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कार मालिक कौन है और झंडा क्यों लगाया गया। घटना के बाद लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह की हरकतों से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठते हैं। वहीं, सुरक्षा एजेंसियों ने भी मामले को गंभीरता से लिया है। इधर, सुपौल पुलिस का कहना है कि मजदूर किसान वर्ग का धरना-प्रदर्शन से जुड़ा झंडा है, बांग्लादेश का झंडा नहीं है। झंडा पर गाड़ी चालक जल्दबाज़ी में लोगो लगाना भूल गया था।

## भारत हर साल 100 ब्रह्मोस बनाएगा, सेना होगी और अधिक ताकतवर

नई दिल्ली (एजेंसी)। एक झटके में पाकिस्तान को औकात दिखाने वाली भारत की सेना अब और अधिक मजबूत होगी। यहां अत्याधुनिक हथियार और सिस्टम पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है साथ हर साल 100 ब्रह्मोस बनाने का भी निर्णय लिया गया है। भारत ने रविवार को ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी का उद्घाटन किया, जो उत्तर प्रदेश के डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का हिस्सा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका वर्चुअल उद्घाटन किया। यह वही ब्रह्मोस है, जिसने हाल ही में पाकिस्तान के कई एयरबेस को निशाना बना कर दुनिया को भारत की सैन्य क्षमता का अहसास कराया था। लखनऊ की इस अत्याधुनिक यूनिट में अब ब्रह्मोस मिसाइल के मौजूदा संस्करणों के साथ-साथ अगली पीढ़ी की हल्की ब्रह्मोस-एनजी मिसाइलें भी तैयार की जाएंगी।

ये मिसाइलें जमीन, समुद्र और हवा, तीनों मोर्चों से दुश्मन पर धावा बोलने में सक्षम हैं। यह यूनिट हर साल 80 से 100 ब्रह्मोस मिसाइल बनाएगी और भविष्य में 100 से 150 एनजी वर्जन तक का उत्पादन करेगी। डीआरडीओ और रूस की एनपीओ मशीनोंस्ट्रोयेनिया के संयुक्त उपक्रम ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा विकसित इस मिसाइल की गति मैक 2.8 (करीब 3,430 किमी प्रति घंटे) है और इसकी मारक क्षमता 400 किमी तक है। इस



यूनिट को 300 करोड़ रुपये की लागत से 80 हेक्टेयर जमीन पर तैयार किया गया है, जो उत्तर प्रदेश सरकार ने मुफ्त दी थी। इसी परिसर में टाइटेनियम और सुपर एलॉय से जुड़ा स्ट्रैटेजिक मटेरियल्स टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स भी बनेगा, जो डिफेंस ग्रेड सामग्री तैयार करेगा। इसके अलावा एक विशेष डिफेंस टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम की आधारशिला भी रखी गई है। पाकिस्तान द्वारा सिरसा की तरफ बैलिस्टिक मिसाइल दागने के बाद भारत ने 10 बड़े एयरबेसों पर करारा जवाब दिया था। इनमें नूर खान, रफीकी, सर्गोधा, मुरिद, सक्कुर, स्कर्दू, सियालकोट, पासरूर, जैकबाबाद और भोलारी जैसे अहम बेस शामिल थे। इन ठिकानों पर ब्रह्मोस, हैमर और स्कैल्प मिसाइलों से हमला किया गया। नूर खान बेस पर हुआ हमला सबसे अहम माना गया क्योंकि यह पाकिस्तान की एयर लॉजिस्टिक्स और न्यूक्लियर योजना से जुड़ा केंद्र था।

# दलित महिलाओं से मारपीट करने वाले दरोगा समेत 5 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

### कार्रवाई की मांग को लेकर सपा विधायक ने पीड़ितों के साथ दिया था धरना

मेरठ (एजेंसी)। यूपी के मेरठ में दलित परिवार की महिलाओं के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट करने के मामले में कार्रवाई हुई। मामले में थानेदार समेत पांच पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। बीते दिनों थाना इंचौली के लावड़ के रहने वाले दलित परिवार ने पुलिस पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। आरोप है कि दो भाइयों में मकान को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बीच पुलिस पहुंची और उनको थाने ले जाने लगी, जिसका महिलाओं ने विरोध किया। इसपर पुलिस ने उनकी जमकर पिटाई कर दी।



पुलिस पर आरोप यह भी है कि शिकायतकर्ताओं के खिलाफ ही मुकदमा लिख दिया गया। जब घटना का वीडियो वायरल हुआ तो इस मामले ने तूल पकड़ लिया। अब पुलिस अधिकारी ने थानेदार समेत 5 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। बता दें मेरठ पुलिस द्वारा महिलाओं के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सपा विधायक अतुल प्रधान अपने कार्यकर्ताओं और पीड़ितों के साथ एसएसपी ऑफिस में धरने पर बैठ गए थे। अतुल प्रधान ने कहा कि सरकार की शह पर पुलिस गरीबों पर जुल्म ढा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने उल्टा पीड़ितों पर मुकदमा दर्ज कर दिया। प्रधान ने पुलिसवालों पर तुरंत एफआईआर दर्ज की मांग की थी। मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी।

वहीं, इस मामले में सीओ सदर देहात ने बताया कि पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो वहां मौजूद महिलाओं और पुरुषों ने दारोगा के साथ मारपीट की जिसमें उनको चोटें भी आईं। वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है और निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

वीडियो में पुलिस महिलाओं और पुरुषों को मारती-पीटती दिख रही है। घटना 7 मई की बताई जा रही है। मामले में भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की थी।

## पाकिस्तानी हैकर्स ने किए 15 लाख अटैक, भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब

नई दिल्ली। पाकिस्तान चौतरफा भारत को घेरने की कोशिश करता है लेकिन खुद घिरकर ढेर हो जाता है। इस तरह से पिटने की उसे आदत हो गई है। पाकिस्तानी हैकर्स को भारत ने उस वक्त मुंहतोड़ जवाब दिया जब उसने भारतीय वेबसाइटों पर 15 लाख साइबर अटैक किए, लेकिन कामयाब नहीं हो पाया। महाराष्ट्र साइबर टीम ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत भर में अहम बुनियादी ढांचे की वेबसाइटों को निशाना बनाकर 15 लाख से ज्यादा साइबर हमले करने के लिए जिम्मेदार सात एडवांस्ड पर्सिस्टेंट थ्रेट समूहों की पहचान की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इनमें से केवल 150 हमले ही सफल रहे। उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच समझौता होने के बाद भी, भारत सरकार की वेबसाइट्स को पड़ोसी देश के साथ-साथ बांग्लादेश और मध्य पूर्वी इलाके से साइबर हमलों का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए, महाराष्ट्र साइबर के एक सीनियर अधिकारी ने हैकर्स द्वारा मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से डेटा चुराने, विमानन और नगरपालिका प्रणालियों को हैक करने और चुनाव आयोग की वेबसाइट को निशाना बनाने के दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, जांच में पाया गया कि भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने के बाद भारत में (सरकारी वेबसाइटों पर) साइबर हमले कम हुए हैं, लेकिन पूरी तरह से बंद नहीं हुए हैं। ये हमले पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मोरक्को और मध्य पूर्वी देशों से हो रहे हैं। रिपोर्ट पुलिस महानिदेशक और राज्य खुफिया विभाग सहित सभी प्रमुख कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंपी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र साइबर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यशस्वी यादव ने कहा कि ये साइबर अटैक बांग्लादेश, पाकिस्तान, मध्य पूर्व और एक इंडोनेशियाई ग्रुप से शुरू हुए।

# ओवैसी ने लिए शरीफ और मुनीर के मजे, क्या लीज पर लिए चीनी विमान उतार पाओंगे

हैदराबाद (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार की सुबह पंजाब में आदमपुर वायु सेना केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने वायु सेना के जवानों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इस पर पाकिस्तान के मजे लिए हैं। ओवैसी ने कहा कि क्या पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने लिखा, क्या शरीफ और मुनीर लीज पर लिए अपने चीनी विमान को रहीम यार खान एयरबेस पर उतार पाएंगे?



दरअसल, 10 मई को पाकिस्तान के रहीम यार खान एयरबेस पर भारत ने बुरी तरह तबाह हो गया। भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन में ब्रह्मोस-ए सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का इस्तेमाल किया, जिसने एयरबेस के मुख्य रनवे को पूरी तरह नष्ट किया है। रहीम यार खान एयरबेस को शेख जायद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी कहा जाता है, जो कि पाकिस्तान वायुसेना का अहम सैन्य अड्डा रहा है। हमले में कई सैन्य सुविधाओं, इमारतों और उपकरणों को नुकसान पहुंचा। साथ ही स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ सहित कुछ सैन्यकर्मियों की मौत भी हो गई।

इस बीच, पाकिस्तान यह झूठा दावा करता रहा कि आदमपुर एयरबेस पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए, जिसमें एयरबेस के रनवे, मिग-29 जेट, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और रडार को नष्ट कर दिया। पाकिस्तान ने दावा किया कि हमले में 60 भारतीय सैनिक मारे गए और एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा। हालांकि, ये दावे पूरी तरह झूठे साबित हुए। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने इन्हें खारिज करते हुए कहा कि आदमपुर एयरबेस पूरी तरह सुरक्षित है। वहीं, पीएम मोदी ने आज आदमपुर एयरबेस का दौरा कर जवानों से मुलाकात की, जिसकी तस्वीरों और वीडियो ने पाकिस्तान के प्रचार की पोल खोल दी। सैटेलाइट तस्वीरों और विशेषज्ञों ने भी पुष्टि की कि एयरबेस को कोई नुकसान नहीं हुआ।

## पोल्लाची यौन उत्पीड़न मामले में 9 दोषियों को मौत तक आजीवन कारावास की सजा

कोयंबटूर (एजेंसी)। तमिलनाडु के पोल्लाची यौन उत्पीड़न मामले में कोयंबटूर महिला अदालत ने 9 लोगों को मौत तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने मंगलवार सुबह ही सभी को दोषी ठहराया था। जज आर नंदिनी देवी ने इन्हें गैंगरेप और बार-बार रेप का दोषी पाया।



इतना ही नहीं कोर्ट ने पीड़ित महिलाओं को कुल 85 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। 9 दोषियों ने 2016 से 2018 के दौरान कई महिलाओं का यौन शोषण किया था। पीड़ितों में कॉलेज की छात्राएं और शादीशुदा महिलाएं थीं। दोषियों ने यौन शोषण के वीडियो बनाए थे। इसके द्वारा ब्लैकमेल करके महिलाओं के साथ कई बार रेप किया और पैसे भी मांगे। आरोपियों पर 50 से ज्यादा महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने का शक था, लेकिन उनमें से केवल 8 ने ही उनके खिलाफ गवाही दी थी। दोषियों में सबरीराजन उर्फ रिशवंत (32 साल), थिरुनावुकारसु (34 साल), टी वसंत कुमार (30 साल), एम सतीश (33 साल, आर मणि उर्फ मणिवन्नन, पी बाबू (33 साल), हारोन पॉल (32 साल), अरुलानंथम (39 साल) और अरुण कुमार (33 साल) हैं।

मामला 24 फरवरी, 2019 को पहली बार तब सामने आया जब 19 साल की छात्रा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। छात्रा ने आरोप लगाया कि 12 फरवरी को पोल्लाची के पास चलती कार में चार लोगों ने उसका रेप किया। उन्होंने इसका वीडियो बनाया, उसकी सोने की चेन लूट ली और सुनसान जगह पर छोड़ दिया। लड़की ने अपने परिवार को तब बताया जब आरोपियों ने वीडियो लीक करने की धमकी देकर उससे यौन संबंध बनाने की मांग की। छात्रा दोषियों के खिलाफ बोलने वाली पहली पीड़ित थी। छात्रा की शिकायत के बाद 2019 में सभी युवकों को गिरफ्तार किया गया था। तब से सभी सलेम सेंट्रल जेल में बंद हैं।

युवकों के फोन-लैपटॉप से कई महिलाओं के वीडियो मिले पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन और लैपटॉप की जांच की थी। इसमें पीड़ितों के कई वीडियो क्लिप मिले थे, जिनका युवकों ने अलग-अलग जगहों पर यौन उत्पीड़न किया था। इनमें से ज्यादातर घटनाएं पोल्लाची के पास चिन्नाप्पलायम में एक दोषी थिरुनावुक्कारारू के फार्महाउस पर हुए थे। शुरू में स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच की थी। बाद में क्राइम ब्रांच-सीआईडी को सौंप दिया गया।

# भारत-पाक सीजफायर पर पाकिस्तान में जश्न, भारत में चिंता और सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद दोनों देशों की जनता की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं जिसमें जमीन-आसमान का फर्क नजर आ रहा है। जहां पाकिस्तान में लोग पटाखे छोड़कर जश्न मना रहे हैं, वहीं भारत के लोग चिंता और सवाल उठा रहे हैं। क्या भारत ने जल्दबाजी में युद्ध रोका है? क्या पाकिस्तान को एक और मौका देना चाहिए था? ऐसे सवाल सोशल मीडिया और जनचर्चा बने हुए हैं। इससे साफ है कि युद्ध, राष्ट्रवाद और लोकतंत्र को लेकर भारत और पाकिस्तान की सोच में गहरा अंतर है।

पाकिस्तान में हमेशा देखा गया है कि वहां की सरकार और सेना युद्ध की हार को भी जीत की तरह पेश करती है। 1971 की जंग में जब पाकिस्तान ने 93 हजार सैनिकों के साथ आत्मसमर्पण किया और इसके बाद बांग्लादेश वजूद में आया। तब भी वहां की किताबों और मीडिया में यह प्रचार किया था कि पाकिस्तान ने भारत को टक्कर दी और जंग में सम्मानपूर्वक लड़ाई लड़ी। यह प्रवृत्ति आज भी जारी है। पाकिस्तानी सेना अपनी साख बनाए रखने के लिए भारत-विरोधी भावनाओं को भड़काती है और लोगों को भ्रमित करती है।

आर्थिक तंगी, राजनीतिक अस्थिरता और सैन्य दबाव के बीच पाकिस्तान के पास युद्ध जारी रखने की क्षमता नहीं थी। ऐसे में सीजफायर उनके लिए राहत का सौदा रहा। वहां की सरकार और सेना इसे भारत पर राजनीतिक दबाव डालकर हासिल की गई जीत के रूप में दिखा रही है। इससे जनता का ध्यान मूल समस्याओं से हटता है। भारतीय रणनीति का फोकस आतंकवादियों के ठिकानों पर सटीक और सीमित हमलों पर होता है, ताकि नागरिकों को नुकसान न पहुंचे और क्षेत्रीय स्थिरता बनी रहे। भारत की परमाणु नीति नो फस्ट यूज पर आधारित है, यानी हम तब तक हमला नहीं करेंगे जब तक कोई हमें उकसाए नहीं। यही कारण है कि भारत में सेना की सफलता के बावजूद लोग सरकार से जवाब मांगते हैं- 'सीजफायर क्यों किया?' 'क्या पाकिस्तान को सबक नहीं सिखाना चाहिए था?'

**भारत और पाकिस्तान की सैन्य और आर्थिक स्थिति की तुलना ही नहीं की जा सकती।**

भारत का रक्षा बजट पाकिस्तान से 9 गुना ज्यादा है। भारत के पास अत्याधुनिक मिसाइल रक्षा प्रणाली और उपग्रह है। भारत की अर्थव्यवस्था 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, जबकि पाकिस्तान अपने रोजमर्रा के खर्च के लिए भी आईएमएफ के बेलआउट पर निर्भर है। पाकिस्तान में लोकतंत्र नाम मात्र का है। वहां सेना ही असली सत्ता केंद्र है।

सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर जैसे अधिकारी खुलेआम सांप्रदायिक बयानबाज़ी करते हैं वहीं भारत में लोकतंत्र मज़बूत है। यहां सरकारें जनता की इच्छा से



बनती और गिरती हैं। सवाल पूछना यहां अधिकार है और यही वजह है कि सीजफायर पर भी भारतीय नागरिक बहस कर रहे हैं। सीजफायर को लेकर पाकिस्तान भले ही जश्न मना रहा हो, लेकिन यह जश्न आभासी है भ्रमजाल में बंधा हुआ।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**